रांची एक्सप्रेस
61 साल से लगातार...
। जनपक्षीय पत्रकारिता।
देसी अंदाज नया मिजाज

# रांची एक्सप्रेस

1963 से लगातार आपकी सेवा में

epaper.theranchiexpress.com | वर्ष-02 | अंक-69 | कोलकाता, सोमवार 06 मई 2024, संवत् 2079 | पृष्ठ-12 | मूल्य 3 रु.

## पाकिस्तान की औकात नहीं कि हमारे चुनाव में दखल दे सके

- बोले रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, कांग्रेस से संबंधों पर राहुल को घेरा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पाकिस्तान के साथ कांग्रेस के संबंधों का आरोप लगाते हुए खूब भड़के हैं। उनसे जब पूर्व पाकिस्तानी मंत्री के बयान को लेकर पूछा गया कि क्या पाकिस्तान भारत के चुनाव को प्रभावित कर रहा है। इसके जवाब में राजनाथ ने तल्ख अंदाज में कहा कि पाकिस्तान की इतनी औकात नहीं है कि वह भारत के चुनाव में दखल दे सके। इसके अलावा उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर आग



से खेलने का भी आरोप लगाया। राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान के पूर्व मंत्री चौधरी फवाद हुसैन का राहुल गांधी की तारीफ करना बड़ी चिंता का विषय है और कांग्रेस को अपने नेता के प्रति ऐसे देश के अगाध प्रेम पर स्पष्टीकरण देना चाहिए जो हमेशा भारत को अस्थिर करने का प्रयास करता है। राजनाथ सिंह ने एक इंटरव्यू में पाकिस्तान से कांग्रेस के संबंध पर भी सवाल उठाया। कहा-वह भारत को अस्थिर करने का प्रयास करता रहा है।

## संजय राउत ने पहले मेरे पीछे जासूस लगाए, अब धमका रहे

- मुंबई के पात्रा चॉल मनी लॉन्ड्रिंग केस में बोलीं स्वप्ना पाटकर



**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई के पात्रा चॉल घोटाले में मुख्य गवाह स्वप्ना पाटकर ने शिवसेना नेता संजय राउत पर धमकाने का आरोप लगाया है। उन्होंने विधान परिषद की उपाध्यक्ष को लिखे पत्र में आरोप लगाया है कि वे उनके परिवार को परेशान कर रहे हैं। पाटकर ने यह भी बताया कि पहले राउत ने उनके पीछे जासूस लगाए अब उन्हें परेशान कर रहे हैं। 1034 करोड़ के इस घोटाले की जांच ईडी कर रही है। स्वप्ना पाटकर मुंबई के पात्रा चॉल मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मुख्य गवाह हैं। उनका आरोप है कि संजय राउत ने उन्हें और उनके परिवार को धमकी दी है।

## कनाडा सिर्फ आरोप ही लगाता है, सबूत नहीं देता

- निज्जर मर्डर केस में एस जयशंकर ने खूब सुनाया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर कनाडा लगातार भारत पर आरोप लगाता रहा है। हाल ही में तीन आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद फिर ऐसे बयान तेज



हो गए हैं। इस बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि कनाडा कभी भी कोई सबूत नहीं देता है बल्कि अपने यहां होने वाले अपराधों के लिए भारत को जिम्मेदार ठहराता है। उन्होंने कहा, मैंने अभी आने से पहले देखा कि तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वे स्पष्ट रूप से किसी प्रकार की गिरोह पृष्ठभूमि वाले भारतीय हैं। हम पुलिस द्वारा हमें उनके बारे में और अधिक जानकारी देने का इंतजार करेंगे।

भीषण जलसंकट के दौर से गुजर रहा राज्य, हर ओर पानी की किल्लत

# सबसे ज्यादा बारिश वाले मेघालय से रूठ गए 'मेघ'





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्वोत्तर भारत के पर्वतीय राज्य मेघालय के लू की चपेट में आने के कारण राज्य में पीने के पानी की भारी किल्लत हो गई है। यह हाल तब है जब दुनिया में सबसे ज्यादा बारिश वाली जगह सोहरा इसी राज्य में है। पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि जंगल की अंधाधुंध कटाई और बारिश के पानी के संरक्षण की नीति सही ढंग से लागू नहीं होने के कारण ही राज्य को इस संकट का सामना करना पड़ रहा है। ग्लोबल वार्मिंग के प्रतिकूल असर ने इस संकट को और गंभीर बना दिया है। मेघालय बीते कई दिनों से लू की चपेट में हैं। राज्य के कई इलाकों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। खासकर राजधानी शिलांग और दूसरे सबसे बड़े शहर तूरा में ज्यादातर झरनों और झीलों के सूख जाने के कारण पीने के पानी की समस्या गंभीर हो गई है। इस समस्या के समाधान के लिए मुख्यमंत्री कोनराड संगमा ने बुधवार को एक उच्च-स्तरीय बैठक बुलाई थी। पूर्वोत्तर में जलवायु परिवर्तन के असर से निपटने की पहल भूजल में भारी कमी राज्य के पीएचई मंत्री मारक्यूस एन. मराक ने बैठक के बाद जारी एक बयान में कहा था कि भूजल का स्तर तेजी से घट रहा है और झरनों और झीलों जैसे प्राकृतिक संसाधन सूख रहे हैं। अकेले तूरा में पानी का स्तर 20 फीसदी कम हो गया है। उन्होंने डीडब्ल्यू से बातचीत में कहा, यह समस्या ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन से जुड़ी है। ऐसे में हम ज्यादा कुछ नहीं कर सकते। अगर एक महीने के भीतर बारिश नहीं हुई तो परिस्थिति बेहद गंभीर हो जाएगी। राज्य सरकार ने मौजूदा संकट को ध्यान में रखते हुए लोगों से जल संरक्षण के उपायों को गंभीरता से लागू करने की अपील की है। पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग (पीएचई) के चीफ इंजीनियर बीएम लिंडेम ने डीडब्ल्यू को बताया, गर्मी और दूसरे कई कारणों से शिलांग को पानी की सप्लाई करने वाले उमिया नदी के बांध का जलस्तर काफी कम हो गया है।

# सध गया 'जाति' संतुलन, यूपी में फायदे में भाजपा

अलग-अलग लड़ रही सपा-बसपा ने और आसान की राह

**लखनऊ (एजेंसी)।** केंद्र में सरकार बनाने के लिए लिए हर दल के लिए सबसे अहम राज्य उत्तर प्रदेश ही है। यहां लोकसभा की कुल 80 सीटें हैं। इसलिए सभी दल यूपी के समीकरण को दुरुस्त करके ही मैदान में उतरना चाहती है। यही वजह है कि एक-दूसरे की अक्सर खिलाफत करने वाली कांग्रेस और सपा ने अंतिम मौके पर गठबंधन किया। बीजेपी की बात करें तो लोकसभा चुनावों में बड़ा लक्ष्य लेकर चल रही है। भगवा पार्टी ने देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में अभी तक की सबसे बड़ी जीत की तैयारी कर रखी है। पार्टी ने उम्मीदवार तय करने में सभी





सामाजिक व राजनीतिक समीकरणों को साधा है और मजबूत गठबंधन भी तैयार किया है। राज्य की 80 सीटों में भाजपा खुद 75 सीटों पर पांच सीटों पर सहयोगी रालोद (तीन) व अपना दल (दो) सीटों पर चुनाव लड़ रहा है। भाजपा ने उत्तर प्रदेश के अपने सभी उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। भाजपा ने सामाजिक समीकरणों को ध्यान में रखते हुए 34 सीटों पर ही सामान्य वर्ग के उम्मीदवार उतारे हैं, जबकि ओबीसी समुदाय से 25 व अनुसूचित जाति से 16 उम्मीदवार है। इनमें भी जातीय समीकरणों को ध्यान में रखा गया है। पार्टी ने राजपूत व ब्राह्मण वर्ग से बराबर बराबर 13-13 उम्मीदवार उतारे हैं।

## गुजरात में वोटिंग से पहले बीजेपी को मिली बड़ी राहत

- क्षत्रिय आंदोलन के बीच स्वामीनारायण ने दिया समर्थन

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात में क्षत्रिय समाज के आंदोलन और बॉयकॉट के ऐलानों के बीच बड़ी राहत मिली है। राज्य में पाटीदार समुदाय की तरह प्रभावशाली स्वामी नारायण संप्रदाय ने बीजेपी को समर्थन दिया है। अहमदाबाद में स्थिति संप्रदाय के पहले स्वामीनारायण मंदिर कालूपुर की



तरफ से एक बयान जारी करके सामाजिक-राजनीतिक मतभेदों या मनभेदों को दूर रखकर पीएम नरेंद्र मोदी को समर्थन देने का ऐलान किया गया है। इसमें कहा गया है कि सात मई को बीजेपी के पक्ष में भारी संख्या में मतदान करें। स्वामीनारायण संप्रदाय का गुजरात में व्यापक प्रभाव है। क्षत्रियों की नाराजगी के समय यह बड़ा समर्थन है।

## सेक्स स्कैंडल पीड़ितों को आर्थिक मदद देगी सिद्धारमैया सरकार

कांग्रेस बोली-पीएम बताएं प्रज्वल रेवन्ना का सच क्यों छिपाया

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक कांग्रेस ने रविवार को ऐलान किया कि वह हासन सांसद प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े सेक्स स्कैंडल की पीड़ित महिलाओं का आर्थिक मदद देगी। कांग्रेस के कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम शिवकुमार की मौजूदगी में यह घोषणा की। सुरजेवाला ने बेलगावी में मीडिया से चर्चा के दौरान पीएम मोदी और अमित शाह से 10 सवाल भी पूछे। जिसमें उन्होंने ये आरोप लगाया कि पीएम प्रज्वल का सच जानते थे, फिर भी उन्होंने सच छिपाया। इधर, कर्नाटक सेक्स



स्कैंडल में पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना हिरासत में हैं। उन्हें किडनैपिंग केस में अरेस्ट किया गया है। रेवन्ना की अग्रित जमानत की अपील खारिज होने के बाद यह कार्रवाई हुई। प्रज्वल रेवन्ना को शनिवार को दूसरा लुकआउट नोटिस भेजा गया।

साथ ही ब्लूकॉर्नर नोटिस भेजने की तैयारी हो गई है। 26 अप्रैल को सेकेंड फेज की वोटिंग के बाद प्रज्वल जर्मनी चले गए। 28 अप्रैल को प्रज्वल के खिलाफ उनकी पुरानी हाउसमेड ने यौन उत्पीड़न की शिकायत की थी। इसके बाद प्रज्वल के करीब 200 से ज्यादा वीडियो सामने आए। दावा किया गया है कि महिलाएं खुद को छोड़ने की गुहार लगा रही हैं और प्रज्वल वीडियो शूट कर रहे हैं।

## पंजाब में चलती रेलगाड़ी से अलग हुआ इंजन

- 3 किमी दूर पहुंचा, अर्चना एक्सप्रेस के साथ बड़ा हादसा

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब में एक बार फिर रेलवे की बड़ी लापरवाही सामने आई है। लुधियाना के खन्ना में पटरी पर दौड़ रही अर्चना एक्सप्रेस का इंजन बोगियों से अलग हो गया और करीब तीन किलोमीटर तक दौड़ता रहा। ट्रैक पर काम कर रहे की-मैन ने शोर मचाया और ड्राइवर को इसकी जानकारी दी। इसके बाद ड्राइवर ने इंजन बंद कर दिया और इंजन को बोगियों से जोड़ा। इस दौरान बड़ा हादसा टला। गनीमत रही कि जिस ट्रैक पर बोगियां खड़ी थी, उस पर उस समय कोई दूसरी ट्रेन नहीं आई, वर्ना हजारों यात्रियों की जान खतरे में पड़ सकती थी। ट्रेन में दो



से ढाई हजार यात्री सवार थे। जानकारी के अनुसार, ट्रेन संख्या 12355/56 अर्चना एक्सप्रेस पटना से जम्मू जा रही थी। सरहिंद जंक्शन पर गाड़ी का इंजन बदला गया। इसके बाद खन्ना में इंजन खुल गया और करीब तीन किलोमीटर तक अकेला ही दौड़ता रहा। यह हादसा आज सुबह 9 बजकर 20 मिनट पर हुआ। ट्रैक पर काम कर रहे की-मैन ने शोर मचा कर ड्राइवर को इसकी जानकारी दी। ड्राइवर ने इंजन बंद कर दिया।

# घाटी में वायुसेना के काफिले पर आतंकी हमला

एक जवान शहीद, पांच घायल, सेना ने डाला घेरा

**पुंछ (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में शनिवार को आतंकवादियों ने भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के एक वाहन सहित सुरक्षाबलों के काफिले पर गोलीबारी की। इस हमले में एक जवान शहीद हो गया और पांच घायल है। अधिकारियों के मुताबिक, यह हमला शाम को शशिधर के पास हुआ जब सुरक्षाबलों के वाहन जिले के सुरनकोट इलाके में सनाई टॉप की ओर बढ़ रहे थे। घायलों में 2 की हालत गंभीर बताई जा रही है, उन्हें अस्पताल ले जाया गया है। उन्होंने बताया कि सेना और पुलिस के अतिरिक्त जवानों को इलाके में भेजा गया है और आतंकवादियों का पता लगाने तथा उन्हें मार गिराने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी और घेराबंदी अभियान शुरू किया गया है। सूत्रों ने कहा कि बंदूकधारी आतंकवादियों ने सरकारी स्कूल के पास एमईएस और आईएएफ वाहन



पर गोलीबारी की, जिसके बाद सुरक्षा बलों को जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। अनंतनाग-राजौरी-पुंछ लोकसभा क्षेत्र में गोलीबारी हुई है, जहां चुनाव आयोग द्वारा मतदान पुनर्निर्धारित किया गया है। अब 25 मई को मतदान होगा। अनंतनाग में वाहन के खाई में गिरने से सेना के एक जवान की मौत, आठ घायल जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में शनिवार को एक वाहन के सड़क से फिसलकर खाई में गिर जाने से उसमें सवार सेना के एक जवान की मौत हो गई जबकि आठ अन्य जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक यह हादसा दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के वेरिनाग इलाके में हुआ। इस हादसे में सेना के नौ जवान घायल हो गए जिन्हें अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि नौ घायलों में से एक जवान की मौत हो गई। अधिकारियों के मुताबिक, चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया जिसके कारण वाहन सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर गया।

## भारत-पाकिस्तान सीमा पर बीएसएफ जवान ने की सुसाइड

- ड्यूटी के दौरान पेड़ से लटक कर दे दी अपनी जान, जांच शुरू

**जैसलमेर (एजेंसी)।** जैसलमेर में भारत-पाकिस्तान सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल के एक जवान ने रविवार को सुसाइड कर ली। जैसलमेर से 140 किलोमीटर दूर भारत-पाक सीमा पर स्थित बबलियान वाला पोस्ट के परिसर में एक पेड़ से फंदा लगाकर जवान ने जान दे दी है। सूचना पर बीएसएफ के अधिकारी और तनोट थाना



पुलिस मौके पर पहुंचे और जांच में जुट गए। दरअसल भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर बबलीयानवाला पोस्ट पर तैनात बीएसएफ जवान मुकंदा डेका (57) ने रविवार को सोसाइड कर ली। मृतक जवान मुकंदा डेका दोरांग, आसाम का निवासी था। और बीएसएफ में बबलियान पोस्ट पर कॉन्स्टेबल के पद पर तैनात था।

गर्मी संकट

# सुनसान हुए रास्ते, 'लू' ने किया घरों में कैद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में गर्मी का असर लगातार बना हुआ है। मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ समेत देश के 7 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। इनमें पश्चिम बंगाल, ओडिशा, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना शामिल हैं। मध्य प्रदेश और राजस्थान के कुछ इलाकों

- 7 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट, एमपी-यूपी में तापमान 42 डिग्री
- तेलंगाना, ओडिशा व कर्नाटक में टेम्परेचर 45 डिग्री तक पहुंचा

में दो दिन बाद लू का असर देखने को मिलेगा। मौसम विभाग के मुताबिक, शनिवार को मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र में तापमान 42 डिग्री के करीब रिकॉर्ड किया गया। वहीं, तेलंगाना, ओडिशा और कर्नाटक में टेम्परेचर 45 डिग्री तक पहुंचा। आंध्र प्रदेश के नांदयाल में 46 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। देश में कई शहरों में बीते कुछ दिनों से हीटवेव की




स्थिति बनी हुई है। इस बार हीटवेव के दिन भी अधिक हैं। एक रिसर्च में दावा किया गया है कि लगातार हीटवेव बनी रहने से जान का खतरा बढ़ जाता है। स्वीडन के इंस्टीट्यूट ऑफ एनवायरनमेंटल मेडिसिन, नई दिल्ली के सेंटर फॉर क्रॉनिक डिसीज कंट्रोल, सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च की रिसर्च के मुताबिक, हीटवेव लगातार 2 दिन से अधिक समय तक बनी रहती है।

# नासा ने दिखाई सौरमंडल के ग्रहों की शानदार तस्वीरें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने सोशल मीडिया पर हमारे सौरमंडल के ग्रहों की नई तस्वीरें पोस्ट की है। शनि, मंगल और पृथ्वी के अलावा पेरिडिया ग्रह की भी तस्वीरें हैं। नासा

- हर कोई हो रहा हैरान, असली-नकली में खा जाएंगे धोखा

ने अपनी पोस्ट में बताया कि पेरिडिया ग्रह हमारे सौर मंडल के ग्रह शनि की तरह काफी हद तक दिखता है। दोनों ग्रह में काफी समानताएं हैं। हालांकि नासा की सोशल मीडिया पोस्ट पर लोगों की तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। कई लोग नासा की इन तस्वीरों को असली मानने से इनकार कर रहे हैं। कई लोगों का कहना है कि नासा ये तस्वीरें फोटोशॉप



लगती हैं। नासा ने अपनी हालिया सोशल मीडिया पोस्ट में पेरिडिया, शनि, मंगल और पृथ्वी की शानदार तस्वीरें डाली हैं। नासा द्वारा पोस्ट की गई ये तस्वीरें बेहद शानदार और भव्य नजर आ रही हैं। इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में, नासा ने लिखा कि हमारा सौर मंडल बहुत समय पहले यहीं एक आकाशगंगा में बना था।

## संक्षिप्त समाचार

### टाटा स्टील में दो महिला अधिकारी के कार्यक्षेत्र में बदलाव

**जमशेदपुर, एजेंसी।** टाटा स्टील ने आईएल-3 ग्रेड में हेड स्तर के दो महिला अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। इस संबंध में जारी सर्कुलर के मुताबिक, हेड आईटी प्रोजेक्ट्स एससीएम रश्मि कुमारी को तीन वर्षों के लिए जेसीएपीसीपीएल में प्रतिनियोजित किया गया है। वे इस दौरान चीफ आईटीएस को रिपोर्ट करेंगी तथा जमशेदपुर से ऑपरेट करेंगी। यह सर्कुलर 1 मई से प्रभावी होगा। इसी तरह मातृत्व अवकाश से लौटने के बाद पल्लबी सेनगुप्ता को हेड सेल्स रिटेल, कंपोसिट्स, न्यू मेटेरियल बिजनेस के पद पर नियुक्त किया गया है। वे कोलकाता से ऑपरेट करेंगी। यह सर्कुलर 6 मई से प्रभावी होगा।

### एसएससी : कंबाइंड हायर सेकेंडरी लेवल एग्जाम के लिए आवेदन 7 मई तक

**रांची, एजेंसी।** स्टाफ सलेक्शन कमीशन (एसएससी) की ओर से कंबाइंड हायर सेकेंडरी लेवल (सीएचएसएल) एग्जाम 2024 के लिए आवेदन प्रक्रिया चल रही है। इसके तहत लोअर डिवीजन क्लर्क (एलडीसी) और डेटा एंट्री ऑपरेटर समेत विभिन्न विभागों में 3712 पदों पर भर्ती होगी। इसके लिए 7 मई तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन शुल्क 8 मई तक ऑनलाइन जमा कर सकेंगे।वहीं आवेदन में सुधार के लिए 10-11 मई को मौका दिया जाएगा। टियर-1 की परीक्षा जून-जुलाई में आयोजित की जाएगी। वहीं टियर-2 की सूचना बाद में जारी की जाएगी। टियर-1 के पेपर में 4 भाग होंगे। इसमें हर सेक्शन में 25 ऑब्जेक्टिव प्रश्न पूछे जाएंगे। सीएचएसएल की परीक्षा में इंग्लिश लैंग्वेंज, जेनरल इंटेलिजेंस, क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड और जेनरल अवेयरनेस से संबंधित सवाल पूछे जाएंगे।

### महागठबंधन प्रत्याशी के नामांकन में शामिल हुए पटमदा के सैकड़ों कार्यकर्ता

**जमशेदपुर, एजेंसी।** जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र से महागठबंधन प्रत्याशी समीर कुमार मोहंती के नामांकन में शामिल होने के लिए शुक्रवार को पटमदा व बोड़ाम प्रखंड के विभिन्न गावों के हजारों कार्यकर्ता व समर्थक 175 चार पहिया वाहनों पर सवार होकर जमशेदपुर के लिए रवाना हुए। इससे पहले पटमदा के बेलटांड़ चौक पर महागठबंधन के कार्यकर्ता जुटे। पटमदा के विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू ने बताया कि पटमदा से प्रखंड अध्यक्ष अश्विनी महतो के नेतृत्व में 110 व बोड़ाम प्रखंड से प्रखंड सचिव छुटुलाल हांसदा के नेतृत्व में 65 चार पहिया वाहनों में सवार होकर कार्यकर्ता रैली की शक्ल में जमशेदपुर के लिए रवाना हुए। मौके पर चंद्रशेखर टुडु, सुभाष कर्मकार, कालीपद महतो, भक्तरंजन सिंह, जितुलाल मुर्मू, आनंद महतो, मथन महतो, जामिनी प्रमाणिक, दयाल महतो, संजय सिंह, राजू कर्मकार व सिजेन हेम्ब्रम आदि शामिल थे।

### घूसखोरी में ईसीएल अधिकारी आरपी पांडेय गए जेल

**धनबाद, एजेंसी।** ट्रांसफर के एवज में ईसीएल कर्मी संजीव कुमार से 20 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार हरियाजाम ईस्ट कुमारधुबी कोलियरी के एजेंट रामप्रकाश पांडेय की रिमांड अवधि शनिवार को हो गई। शनिवार को सीबीआई ने आरोपी को कोर्ट के समक्ष पेश कर रिमांड वापस कर दी। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश रजनीकांत पाठक के कोर्ट ने आरोपी पांडेय को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।दो मई 2024 की शाम को सीबीआई आरोपी रामप्रकाश पांडेय को कोर्ट में पेश किया था। मामले के अनुसंधानक संदीप सिंह ने कोर्ट में आवेदन दायर कर आरोपी रामप्रकाश पांडेय की चार दिनों की सीबीआई हिरासत की मांग की थी। कोलियरी एजेंट को एक मई को सीबीआई की टीम ने शाम करीब साढ़े छह बजे 20 हजार रुपए रिश्वत लेते दबोच लिया था। आरोप है कि कोलियरी के कर्मी संजीव कुमार सिन्हा का दूसरी जगह से ट्रांसफर कर लाने के एवज में 75 रुपए रिश्वत की मांग की गई थी। आरपी पांडेय की संपत्ति का भी सीबीआई पता लगा रही है।

### जिले में डाक मतपत्र से मतदान करने की प्रक्रिया प्रारंभ, 12 मई तक कर सकेंगे वोटिंग

**गुमला , एजेंसी।** जिले में डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई।चुनाव कार्य में लगाये गये कर्मियों और आवश्यक सेवा के अनुपस्थित मतदाताओं को डाक मत पत्र द्वारा मतदान की सुविधा प्राप्त है। 12 मई प्रातः नौ बजे से अपराहन बजे तक वैसे मतदाता जो निर्वाचन कर्तव्य में संलग्न रहेंगे और मतदान के तिथि के दिन मतदान केंद्र में जाकर मतदान करने में असमर्थ रहेंगे ,वे पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कर सकेंगे।शुक्रवार को महिला महाविद्यालय पुग्गू, गुमला में अधिष्ठापित सुविधा केंद्र में पोस्टल बैलेट के माध्यम से निर्वाचन कर्तव्य में संलग्न कर्मियों द्वारा मतदान किया गया। छह मई तक उक्त स्थान पर मतदान की प्रक्रिया की जाएगी। वहीं सात मई से 9 मई तक दिए गए निर्धारित समय में पुलिस लाइन चंदाली में सुविधा केंद्र में और 10 से 12 मई तक वाहन कोषांग, गुमला में स्थित सुविधा केंद्र में जाकर निर्वाचन कार्य में संलग्न कर्मियों द्वारा मतदान किया जाएगा। इसी प्रकार सात मई से नौ मई तक प्रातः नौ बजे से पांच बजे तक जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, गुमला के कार्यालय भवन कक्ष संख्या 10 में डाक मतदान केंद्र का अधिष्ठापन किया गया है ।

# मीर ने कहा-प्रधानमंत्री की भाषा ठीक नहीं, राहुल गांधी शहजादा नहीं शहीदजादा हैं,

**रांची, एजेंसी।** प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राहुल गांधी को शहजादा कहने पर कड़ी आपत्ति जताई है। कहा है कि राहुल गांधी शहजादा नहीं, बल्कि शहीदजादा हैं। उनके परिवार ने आजादी के पहले और आजादी के बाद देश के लिए कुर्बानी दी है। इंदिरा गांधी के बाद राजीव गांधी इन्हीं के परिवार के थे। हमें राहुल गांधी को शहीदजादा कहने पर फक्र है।

मीर शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी जिस भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं वह प्रधानमंत्री पद पर बैठे व्यक्ति को शोभा नहीं देता। उन्होंने कहा कि झारखंड के लिए पहले चरण में होने जा रहे चुनाव को लेकर राहुल गांधी 7 मई को चाईबासा और बसिया में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके साथ ही झारखंड के चुनाव प्रचार में तेजी आएगी और कांग्रेस के बड़े नेता लगातार झारखंड दौरे पर आएंगे। इनमें पार्टी के राष्ट्रीय



अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी शामिल हैं। मीर ने कहा कि पीएम मोदी दो दिनों तक झारखंड में रहे, लेकिन उन्होंने जल, जंगल, जमीन और सरना धर्म कोड पर कुछ नहीं कहा। गठबंधन की सरकार ने सरना धर्म कोड का प्रस्तावि विधानसभा से पारित कराकर केंद्र को भेजा, लेकिन उसे राजभवन से ही रुकवा दिया गया। देश के एक मात्र आदिवासी युवा सीएम को साजिश कर जेल भेज दिया गया।

मोदी पिछले दस साल से झारखंड में स्थिर सरकार नहीं देना चाहते। कोई आदिवासी मजबूत हो, बढ़े यह भी नहीं चाहते। मोदी ने झारखंड में अपने दौरे के दौरान एक बार भी उनका जिक्र नहीं किया। पीएम ने 2019 में पलामू में मंडल बांध का शिलान्यास किया था, लेकिन पांच साल में कुछ नहीं हुआ। इसपर भी पीएम ने कुछ नहीं कहा। पीएम देश को गुमराह कर रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि गठबंधन पूरी तरह से एकजुट है। जहां जिस दल के नेता गड़बड़ कर चुनाव मैदान में उतरे हैं, वहा वही दल उन पर फैसला करेगा। लोहरदगा में चमरा लिंडा ने गठबंधन का नहीं अपना नुकसान किया है।

## दस साल से केवल जुमला बोल रहे पीएम :चंपाई

**जमशेदपुर, एजेंसी।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने घाघीडीह फुटबॉल मैदान में आयोजित झामुमो के बूथ सम्मेलन में हिस्सा लिया। सम्मेलन में हिस्सा लेने जाने से पूर्व करनडीह चौक पर उन्होंने अपना काफिला रुकवाया और यहां लाल चाय बनवाकर पी। उनके साथ राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक मंगल कालिंदी व विधायक रामदास सोरेन भी मौजूद थे। यहां सीएम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चाईबासा में दिए गए भाषण पर कटाक्ष करते हुए कहा- नरेंद्र मोदी के भाषण में कुछ नया नहीं है। दस साल में जो घोषणाएं की, कोई सही साबित नहीं हुआ। सब जुमला है, जो विगत 10 वर्षो से बोल रहे हैं।

उन्होंने कहा- भाजपा केवल झूठ का प्रचार कर रही है। इस बार के चुनाव में राज्य की सभी 14 सीटों पर भाजपा का सफाया तय है। प्रधानमंत्री आरक्षण की बात करते हैं। उनको बताना चाहिए कि सरकार ने राज्य में ओबीसी के 27 प्रतिशत आरक्षण को विधानसभा से पास कर राज्यपाल के पास भेजा तो उसे क्यों रोका गया है। हो भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने के प्रस्ताव को केंद्र सरकार ने क्यों अमल में नहीं लाया। प्रधानमंत्री ने कभी विश्व आदिवासी दिवस पर आदिवासियों को बधाई नहीं दी है। प्रधानमंत्री को आदिवासी शब्द बोलने का कोई अधिकर नहीं है।

## फंदे से लटका आईटीआई का छात्र, पुलिस पर मारपीट का आरोप

**हजारीबाग, एजेंसी।** हजारीबाग के बड़ा बाजार थाना क्षेत्र स्थित खिरगांव सिरका में आईटीआई के छात्र भोला पासवान ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने भोला की जेब से सुसाइड नोट भी बरामद किया है। इसमें लिखा है कि मैं अपनी मर्जी से फांसी लगा रहा हूं। मेरे परिवार को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

मृत छात्र के पिता नारायण पासवान ने पुलिस प्रताड़ना के कारण बेटे के आत्महत्या करने का आरोप लगाया है। साथ ही एसपी और डीजीपी को आवेदन दिया है। इसमें कहा है कि मोबाइल चोरी के आरोप में शुक्रवार को पुलिस ने भोला को थाने बुला लात-घूसों से पीटा। इस कारण भोला ने फांसी लगा ली। इधर, थानेदार बिट्टू रजक ने आरोप को गलत बताया है। चोरी की शिकायत दर्ज होने पर भोला को थाने बुलाया था।

**परिजनों ने पुलिस पर उठाए सवाल :** पुलिस कस्टडी से लौटकर लगभग पांच घंटे बाद 22 वर्षीय एक युवक भोला पासवान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बाद खिरगांव सिरका में सनसनी फैल गई। शनिवार को सुबह 6.30 बजे दरवाजा न खुलने के बाद घर के परिजनो ने दरवाजा को तोड़कर देखा तो उसका शव पंखा से लटक रहा था।

बड़ा बाजार ओपी प्रभारी बिट्टू रजक ने बताया कि पुलिस के पास मोटरसाइकिल से मोबाइल उठाने की शिकायत दर्ज हुई थी सीसीटीवी फुटेज में उक्त युवक को मोबाइल उठाते देखा गया था। पूछताछ की गई उसने अपना अपराध कबूल कर लिया। उसकी निशानदेही पर मोबाइल पर रिकवर किया गया।

दनुआ घाटी में तीन दिनों में हुए दो हादसे, एक की मौत

दनुआ घाटी में तीन दिनों में हुए दो हादसों में एक ट्रक चालक की मौत हो गई।

## झारखंड की 3 सीटों पर 11 उम्मीदवारों का नामांकन रद्द, बच गए केवल इतने प्रत्याशी



**रांची, एजेंसी।** झारखंड में लोकसभा चुनाव के तहत दूसरे (देश के पांचवें) चरण की तीन सीटों पर दाखिल नामांकन पत्रों की शनिवार को जांच हुई। इसमें चतरा में आठ, हजारीबाग में दो तथा कोडरमा में एक उम्मीदवार का नामांकन रद्द हो गया। नामांकन रद्द होने के बाद चतरा में कुल 23, तथा हजारीबाग तथा कोडरमा में 17-17 उम्मीदवार शेष रह गए हैं।

इन सीटों पर नामांकन वापसी की अंतिम तिथि छह मई निर्धारित है। इसके बाद पता चल पाएगा कि इन सीटों पर कुल कितने उम्मीदवार चुनाव मैदान में होंगे। इन चारों सीटों पर जिन उम्मीदवारों का नामांकन रद्द हुआ है उनमें कोई बड़ा नाम नहीं है। चतरा में नागमणि की पत्नी सुचित्रा सिन्हा का नामांकन रद हुआ है। नागमणि के साथ-साथ उनकी पत्नी ने भी बसपा के टिकट पर पर्चा भरा था। यहां जिन उम्मीदवारों का पर्चा रद्द हुआ उनमें जयप्रकाश जनता दल के सीताराम सिंह तथा निर्दलीय उम्मीदवार रुपेश उरांव, नब्बू भुइयां, अनुज कुमार, उमेश गंझू, राजेश कुमार सिंह तथा अशेष सिंह सम्मिलित हैं। झारखंड विधानसभा के गांडेय उपचुनाव में भी नामांकन दाखिल करनेवाले 13 उम्मीदवारों में दो निर्दलीय जियाउद्दीन अंसारी तथा मुख्तार अंसारी का पर्चा रद हो गया।

अब यहां 11 उम्मीदवार शेष रह गए हैं। यहां भी नामांकन वापसी की अंतिम तिथि छह मई निर्धारित है। इधर, तीसरे चरण (देश के छठे) चरण की चार सीटों पर चल रही नामांकन प्रक्रिया के तहत शनिवार को कुल 27 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए।

## 12 साल की जांच के बाद 37 लोगों के खिलाफ चार्जशीट



**रांची, एजेंसी।** प्रथम जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में गड़बड़ी मामले में सीबीआई ने करीब 12 साल की जांच के बाद शनिवार को सीबीआई के विशेष जज पीके शर्मा की अदालत में चार्जशीट दायर की। इसमें जेपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष दिलीप प्रसाद, तत्कालीन सदस्य राधा गोविंद सिंह नागेश, गोपाल प्रसाद, शांति देवी और तत्कालीन पदाधिकारी एलिस उषा रानी के अलावा सीमा सिंह, सुषमा नीलन सोरेन, कुंवर सिंह पाहन, ज्योति कुमारी, अलका कुमारी और मोहनलाल मरांडी, डॉ. अशोक कुमार झा, आनंद कुमार, परमेश्वर मुंडा, संतोष कुमार, कमलेश्वर नारायण व विजय बहादुर सिंह समेत कुल 37 लोगों के नाम हैं। सीबीआई ने कांड संख्या आरसी-05/12 में यह चार्जशीट दायर की है। कोर्ट आठ मई को संज्ञान आदेश पारित होने के बाद कोर्ट में सुनवाई शुरू होगी। झारखंड हाईकोर्ट ने साल 2012 में इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपी थी।

जेपीएससी प्रथम और द्वितीय सिविल सेवा परीक्षा में गड़बड़ियों के आरोपों की जांच के क्रम में सफल उम्मीदवारों की कॉपियों का पुनर्मूल्यांकन कराया गया। पता चला कि कई अभ्यर्थी फेल थे, लेकिन उनके नंबर बढ़ाए गए थे। उनके नंबरों मे किया गया हेरफेर साफ पकड़ में आ रहा था। कुछ परीक्षार्थियों की कॉपी खाली थीं कई ने सवालों का उटपटांग या गलत जवाब दिया था। उनकी कॉपी पर भी नंबर दिए गए।

पिछले दिनों सुनवाई में सीबीआई ने कोर्ट को बताया था कि प्रथम और द्वितीय जीपीएससी सिविल सेवा परीक्षा गड़बड़ी मामले में अनुसंधान अभी जारी है। इस बात पर कोर्ट ने नाराजगी जताई थी। कोर्ट ने सीबीआई से यह पूछा था कि अगर इस मामले में कोई गड़बड़ी हुई है तो अबतक चार्जशीट दायर क्यों नहीं हुई। हाईकोर्ट की फटकार के बाद ही सीबीआई ने अब चार्जशीट दाखिल की है।

**कई आरोपी अफसर पा चुके हैं प्रोन्नति...** जेपीएससी की प्रथम सिविल सेवा के माध्यम से नियुक्त कई आरोपी अफसर प्रोन्नति पा चुके हैं। वे प्रोन्नति पाकर अपर समाहर्ता के भी रैंक में पहुंच चुके हैं। वे झारखंड के विभिन्न जिलों एवं सरकारी कार्यालयों में पदस्थापित हैं। इन अफसरों को नियमित अंतराल पर प्रोन्नति मिलती गई है।

जेपीएससी की प्रथम सिविल सेवा परीक्षा में 64 अफसरों की नियुक्ति हुई थी। गड़बड़ी की शिकायत के बाद बुद्धदेव उरांव ने इसके खिलाफ हाईकोर्ट में शिकायत की। 2012 में झारखंड हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई ने जांच शुरू की। अब अभियुक्तों के विरुद्ध आईपीसी की धारा 466, 467, 468, 471, 120 बी के अलावा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13/1/2 के तहत आरोप पत्र दायर हुआ है।

## कदमा में नौ लाख कर्ज में डूबे डिप्टी एचआर मैनेजर ने फांसी लगाई, मौत

**जमशेदपुर, एजेंसी।** कदमा थाना क्षेत्र के रामनगर रोड नंबर 2 मित्तल टावर निवासी सिद्धार्थ चौधरी (40) ने गुरुवार की रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सिद्धार्थ न्यूवोको कंपनी में डिप्टी एचआर मैनेजर थे। शुक्रवार सुबह मां ने बेटे को फ्लैट के कमरे में पंखे से लटका देखा। शोर मचाने पर पिता समेत आसपास के लोग जुटे। फिर सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने सुसाइड नोट बरामद किया है, जिसमें लिखा है- तीन दोस्तों से 8.90 लाख रुपए कर्ज लिया था। पारिवारिक विवाद में पत्नी भी पिछले आठ माह से मायके धनबाद के बाघमारा में रह रही है। इससे वह काफी तनाव में है, जिससे तंग आकर वह आत्महत्या कर रहा है।

कदमा थाने में पिता ओमप्रकाश चौधरी के बयान पर अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज कराया है। ओमप्रकाश चौधरी ने बताया कि बेटा सिद्धार्थ गुरुवार रात 8 बजे बिष्टुपुर स्थित न्यूवोको कंपनी के कार्यालय से घर पहुंचा। फिर साढ़े नौ बजे लगभग खाना खाने के बाद वह अपने कमरे में गया और फिर वहां से बालकनी में आकर खड़ा हो गया। मैं और पत्नी दोनों कमरे में सोने चले गए। शुक्रवार सुबह 4. 30 बजे पत्नी मीरा चौधरी जब बालकनी में बैठने गई तो उसने बेटे को पंखे के हुक के सहारे फंदे पर लटका हुआ देखा और शोर मचाया। शोर सुनकर मैं पहुंचा तो देखा कि बेटे ने आत्महत्या कर ली है।

## झामुमो का बागियों पर ऐक्शन, पूर्व विधायक को पार्टी से निकाला; 3 से भी मांगा जवाब



**रांची, एजेंसी।** सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने बागियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। विधायक चमरा लिंडा, लोबिन हेंब्रम के बाद पूर्व विधायक बसंत लौंगा बागी तेवर दिखाते हुए संसदीय चुनाव में निर्दलीय रूप से ताल ठोक रहे हैं। पहली कार्रवाई बसंत लौंगा के खिलाफ की गई है। लौंगा ने खूंटी से निर्दलीय नामांकन भरा है। झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन के निर्देशानुसार बसंत लौंगा को सभी पदों से पदमुक्त करते हुए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से छह वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया गया है।

झामुमो महासचिव विनोद कुमार पांडेय की ओर से शनिवार को जारी निष्कासन आदेश में कहा गया है कि विभिन्न जन संवाद और सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी मिली है कि बसंत लौंगा खूंटी लोकसभा सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। उनका यह कदम गठबंधन धर्म के नियम के खिलाफ बताया गया है। यह भी देखा जा रहा है कि वह पार्टी कार्यकर्ताओं को भ्रमित कर रहे हैं।

**कोलेबिरा से झामुमो के विधायक रह चुके :** ज्ञात हो कि खूंटी संसदीय सीट पर इंडिया गठबंधन के तहत कांग्रेस की ओर से कालीचरण मुंडा मैदान में हैं। कालीचरण मुंडा के नामांकन में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन भी शामिल हुए थे। गठबंधन को दरकिनार कर चुनाव लड़ रहे बसंत कुमार लौंगा पर झामुमो ने कार्रवाई की है।बसंत कुमार लोंगा वर्ष 1995 से 2000 तक कोलेबिरा से झामुमो के विधायक रह चुके हैं।वर्तमान में जेएमएम केंद्रीय समिति के सदस्य हैं। इतना ही नहीं वर्ष 2002 से लेकर 2014 तक सबसे लंबे समय तक वह सिमडेगा झामुमो जिला समिति के अध्यक्ष पद पर भी रह चुके हैं।

**झामुमो केंद्रीय समिति के तीन सदस्यों को शोकॉज :** झामुमो ने पार्टी के केन्द्रीय समिति सदस्य राकेश लकड़ा, सेतेंग सामुएल तोपनो और नारायन मांझी से भी स्पष्टीकरण मांगा है। सात दिन में जवाब देने को कहा गया है। यह स्पष्टीकरण झामुमो के पूर्व विधायक बसंत लौंगा के खूंटी से निर्दलीय नामांकन के संदर्भ में दिया गया है।

## दुष्कर्म में फरार चल रहे दोषी को 15 साल का कठोर कारावास

**धनबाद, एजेंसी।** नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ तीन दिनों तक दुष्कर्म करने के एक मामले में शनिवार को कोर्ट ने फरारी में आरोपी को दोषी ठहराया। उसे 15 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई गई। सजा के ऐलान के समय पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह के कोर्ट में आरोपी पुटकी ऊपर धौड़ा निवासी कारा रजवार उपस्थित नहीं था। उस पर 15 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया।

कारा रजवार इस मामले में फरार चल रहा है। उसकी अनुपस्थिति में कोर्ट ने लीगल एंड डिफेंस काउंसिल की दलील सुनने के बाद अपना फैसला सुनाया। प्राथमिकी पीड़िता की शिकायत पर 23 नवंबर 2015 को पुटकी थाने में दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक 19 नवंबर 2015 को पीड़िता शाम में शौच करने के लिए अपने घर से बाहर जंगल की ओर जा रही थी। जंगल के समीप पहुंचते ही एक सफेद रंग की कार आई। उसमें बैठे लोगों ने पीड़िता को जबरन मुंह बंद कर कार में बैठा लिया। वह उसे कमरे में ले गया। आरोप था कि कारा रजवार ने तीन दिनों तक पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। अनुसंधान के बाद पुलिस ने 29 फरवरी 2016 को आरोप पत्र दायर किया था। 12 अप्रैल 2016 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी। इस दौरान अभियोजन ने आठ गवाहों का परीक्षण कराया था। सुनवाई के दौरान आरोपी फरार हो गया। लिहाजा कोर्ट ने उसकी अनुपस्थिति में ही सुनवाई शुरू की और उसे सजा सुनाई।

# रहमतगंज के पूर्व पार्षद का बेटा बना प्रिंस के गुर्गों का गुरु

**धनबाद, एजेंसी।** वासेपुर के कुख्यात प्रिंस खान का गैंग का संचालन फिलहाल रहमतगंज निवासी पूर्व पार्षद का पुत्र अपसार उर्फ शुभान हमीद कर रहा था। वहीं रंगदारी के लिए फायरिंग की योजना बनाता था और प्रिंस के इशारे पर इसे अंजाम देने के लिए जरूरतमंद लड़कों को तैयार करता था। कोयला नगर के संजय सिंह के घर फायरिंग मामले में गिरफ्तार प्रिंस के गुर्गे आजाद नगर निवासी अयान अंसारी उर्फ अयान शेख उर्फ डोरेमोन और अरमान पटियाला को सरायढेला पुलिस ने शनिवार को जेल भेजा। जेल जाने से पूर्व दोनों ने अपसार उर्फ शुभान हमीद की कारगुजारी की कहानी पुलिस के समक्ष बयां की।

दोनों ने संजय सिंह के घर फायरिंग की बात कबूली। बताया कि वर्ष 2024 में उनकी मुलाकात अपसार उर्फ शुभान हमीद से हुई थी। वह पहले से प्रिंस के गिरोह का सदस्य था। प्रिंस खान के लिए फिरौती वसूलने, रकम को प्रिंस तक पहुंचाने और नए लड़कों को गिरोह में शामिल करने का सारा काम वह संभालता है। जमीन के कारोबार के क्रम में उसकी मुलाकात अपसार से हुई थी। दोनों को





पुलिस ने पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया और जेल भेजा।

**फायरिंग के एवज में प्रिंस ने दो लाख देने का दिया था लालच :** दोनों ने बताया कि काम के एवज में प्रिंस खान ने दो लाख रुपए देने की बात कही थी। पहले 40 हजार दिया। एक लाख 60 हजार रुपया काम पूरा होने पर देने की बात कही थी। 40 हजार रुपए में से 20 हजार रुपए उसने आसिफ उर्फ रिहान को दे दिया था और काम होने पर एक लाख देने की बात उससे कही थी।

**रंगदारी की रकम की डिलिवरी भी करते थे दोनों**

उन्होंने पुलिस को बताया कि 25 अप्रैल से पांच दिन पहले अपसार के स्विफ्ट डिजायर कार से डोरेमोन, पटियाला एवं राहुल रांगाटाड़ रेलवे ओवर ब्रिज पहुंचे, जहां अपसार ने पांच-पांच सौ रुपए का बंडल कुल डेढ़ लाख रुपए अयान उर्फ डोरेमोन को दिया और कहा कि मित्तल मेडिकल के सामने लड़का खड़ा होगा उसे रुपया दे देना, वह प्रिंस का आदमी है। अपसार के कहने पर गोलू मित्तल मेडिकल के सामने खड़े उन तीनों लडकों को लेकर संजय सिंह के क्वार्टर की तरफ गया।

राहुल सिंह ने उन तीनों लड़कों को अपसार के पास से लेकर एक पिस्टल एवं कारतूस दिया। 25 अप्रैल को अपसार, डोरेमोन और पटियाला रात साढ़े आठ बजे मेमको मोड़ पहुंचे। वहां तीनों ने बियर पीया। उसी दिन संजय के क्वार्टर पर गोली चलाई थी। तीन मई को अपसार उर्फ सुभान हमीद ने डोरेमोन और अरमान पटियाला को कोयला नगर में देसी कट्टा और कारतूस देकर बोला कि संजय सिंह को ढूंढ़ो, मिलेगा तो उससे पैसा मांगना। अगर पैसा नहीं दिया तो गोली मार देना। संजय सिंह दोनों लड़कों को नहीं मिले, दोनों जब स्टील गेट से लौट रहे थे तो पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया ।

## संक्षिप्त समाचार

### गर्मी में बिजली कटौती की शिकायत मुख्यालय तक हो रही

**भागलपुर, एजेंसी।** शहर में कभी बिजली की लोडशेडिंग तो कभी मेंटेनेंस और खराबी के कारण बिजली संकट से लोग परेशान हो रहे हैं। कई उपभोक्ताओं ने ऑनलाइन माध्यम से एसबीपीडीसीएल मुख्यालय को इसकी शिकायत की है। इधर शुक्रवार रात शहर के तीन ट्रांसफॉर्मर व एक फीडर को बंद किया था। आदमपुर चौक, कोयला घाट, डीआइजी कोठी के ट्रांसफॉर्मर को बंद कर पोल खड़ा करने का काम कराया गया। वहीं, इस काम के लिए भीखनपुर फीडर को भी बंद कर दिया गया था। इधर मोजाहिदपुर के तीन फीडर विक्रमशिला, मिरजानहाट व पटल बाबू में भी लगातार ट्रिपिंग हो रही है।

### ईवीएम के स्ट्रांगरूम का सिटी एसपी ने लिया जायजा

**भागलपुर , एजेंसी।** बरारी स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज में बनाए गए ईवीएम के स्ट्रांग रूम का शनिवार को सिटी एसपी राज ने जायजा लिया। उन्होंने वहां की सुरक्षा व्यवस्था के बारे में सीसीटीवी कंट्रोल रूम से जानकारी ली। इसके अलावा ड्यूटी रजिस्टर की जांच की। साथ ही वहां सुरक्षा में लगाए गए पदाधिकारियों से बातचीत करते हुए सुरक्षाा को लेकर जरूरी निर्देश दिए। ताकि किसी तरह की सुरक्षा चूक ना हो सके।

### खेत में घुसा मवेशी, मारपीट में एक जख्मी

**भागलपुर, एजेंसी।** थाना क्षेत्र के रत्तीपुर बैरिया पंचायत के अजमेरीपुर दियारा में शनिवार शाम एक खेत में मवेशी घुस जाने को लेकर दो लोगों के बीच जमकर मारपीट हो गई। जिसमे एक व्यक्ति के सिर फट गया। मामला नाथनगर थाना पहुंचा। जहां पुलिस द्वारा इंजरी देकर इलाज के लिए उसे भेजा गया है। मामले पर नाथनगर इंस्पेक्टर राजीव रंजन सिंह ने बताया अजय यादव और ब्रह्मदेव मंडल के बीच मारपीट हुई है। जिसमे ब्रह्मदेव मंडल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लिखित शिकायत मिलन पर मामले में एफआईआर दर्ज किया जाएगा।

### लूट के बाद बदमाशों ने की रिटायर महिला प्रधानाध्यापक की हत्या

**मुंगेर , एजेंसी।** मुंगेर के असरगंज थाना क्षेत्र के रहमतपुर बासा गांव में घर में अकेले रह रही रिटायर प्रधानाध्यापक मंजू कुमारी की बदमाशों ने हत्या कर दी। हत्या के पहले पहले बदमाशों ने लूटपाट की है। यह घटना गुरुवार की देर रात की है। महिला के 2 पुत्र हैं इनमें से एक भागलपुर और दूसरा देवघर में रहते हैं। सुबह विक्रमपुर गांव के एक लोग महिला की बेटी के कहने पर शिक्षिका का हालचाल लेने पहुंचे। जब वे लोग घर के अंदर पहुंचे तो शिक्षिका का शव दिखा। कमरे में गोदरेज सहित अन्य सामान बिखरा था। शिक्षिका के पति मुरलीधर उपाध्याय की मौत भी 1980 में गोली लगने से हो गई थी। महिला मध्य विद्यालय गोपी स्कूल में प्रधानाध्यापिका के पद से सेवानिवृत हुई थी। घटना की सूचना पर पुलिस तारापुर डीएसपी सिंधु शेखर सिंह सहित कई थाने की पुलिस पहुंची। तारापुर डीएसपी सिंधु शेखर सिंह ने बताया की बदमाशों ने शिक्षिका की हत्या पैर-हाथ बांध कर की है। घर में समान बिखरा मिला है। भागलपुर से फारसेंसिक टीम पहुंच रही है। साथ ही उनके दोनों बेटे को घटना की जानकारी दे दी गई है।

### ट्रक की ठोकर से युवक की मौत

**मुजफ्फरपुर।, एजेंसी।** एनएच 77 पर कोरलहिया गांव स्थित पेट्रोल पंप के पास शनिवार सुबह करीब नौ बजे ट्रक की ठोकर से एक युवक की मौत हो गई। उसकी पहचान स्व. चंदेश्वर राय के पुत्र दीपू कुमार राय ( 26 ) के रूप में की गई है। बताया जाता है कि ठोकर लगने के बाद वह सड़क पर गिर गया था। स्थानीय लोगों की मदद से उसे मेडिकल लाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। दीपू के भाई अजीत कुमार ने मेडिकल ओपी में बयान दर्ज कराया है।

### 1003 फेरा और लगाएंगी पूमरे की समर स्पेशल ट्रेनें

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने और गर्मियों के दौरान रेल यात्रा में अपेक्षित वृद्धि के मद्देनजर भारतीय रेल समर स्पेशल ट्रेनों के रिकॉर्ड 9111 फेरों का संचालन कर रही है। इसमें पूमरे क्षेत्राधिकारी से ट्रेनें 1003 फेरा दक्षिण, पश्चिम व उत्तर भारत का लगाएंगी। इसके लिए ट्रेनों का परिचालन मुजफ्फरपुर, दरभंगा, समस्तीपुर, जयनगर, बरौनी सहित सूबे के अन्य स्टेशनों से होगा।

# पुरवाई ने दी गर्मी से राहत, 6 से 11 मई के बीच बारिश होने की संभावना



**पटना, एजेंसी।**

बिहार में पुरवा हवा चलने से शनिवार से लोगों को गर्मी से राहत मिलनी शुरू हो गई है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक अगले छह से आठ मई के बीच गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश के आसार है। कृषि विवि, पूसा के वरीय मौसम वैज्ञानिक डॉ. ए सत्तार ने बताया कि पुरवा हवा चलने से तापमान में गिरवाट हुई है। अगले तीन दिनों के बीच हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं। इस बीच 8-10 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से पुरवा हवा चल सकती है। पूर्वानुमान अवधि में अधिकतम तापमान 35-36 डिग्री और न्यूनतम 20-22 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि शनिवार को अधिकतम तापमान 36.7 डिग्री और न्यूनतम तापमान 17.5 डिग्री रहा। 2.1 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से पुरवा हवा चली। सोमवार से प्री-मानसून की बारिश होगी।

इस दौरान तेज आंधी के साथ हल्के से मध्यम स्तर की बारिश होने के आसार है। राडार और उपग्रह से प्राप्त आंकड़ों व विश्लेषण के अनुसार प्रदेश में नमी युक्त पुरवा हवा का प्रवाह बढ़ने से अधिकतर भागों में 6 से 11 मई के बीच बारिश होने की संभावना है। इस दौरान 10 से 50 मिमी बारिश हो सकती है। वहीं सतही हवा की गति 40 से 50 किमी प्रति घंटे रह सकती है। इस दौरान मेघगर्जन व वज्रपात होने की भी संभावना है। अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होगी।

मालूम हो कि सूबे में प्री-मानसून की पहली बारिश 23 मार्च के आसपास हुई थी। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को उत्तर बिहार से नमी युक्त पुरवा राज्य में प्रवेश की। इसका प्रभाव दो-तीन दिनों के दौरान पूरे राज्य में दिखेगा। फिलहाल दक्षिण बिहार में उत्तर-पछुआ हवा का प्रवाह जारी हैं। प्रदेश में अप्रैल से ही लगातार उत्तर-पछुआ का प्रवाह हो रहा है पटना सहित प्रदेश में दूसरी बार सोमवार से मानसून पूर्व की बारिश होगी। इस दौरान तेज आंधी के साथ हल्के से मध्यम स्तर की बारिश होने के आसार हैं। वहीं पटना सहित प्रदेश में दूसरी बार सोमवार से मानसून पूर्व की बारिश होगी। इस दौरान तेज आंधी के साथ हल्के से मध्यम स्तर की बारिश होने के आसार हैं।

राडार और उपग्रह से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में नमी युक्त पुरवा का प्रवाह बढ़ने से अधिकतर भागों में 6 से 11 मई के बीच बारिश होने की संभावना है। इस दौरान 10 से 50 मिलीमीटर के बीच बारिश हो सकती है। वहीं सतही हवा की गति 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे रह सकती है। इस दौरान मेघगर्जन व वज्रपात होने की भी संभावना है। अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होगी। मालूम हो कि सूबे में मानसून पूर्व की पहली बारिश 23 मार्च के आसपास हुई थी। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को उत्तर बिहार से नमी युक्त पुरवा राज्य में प्रवेश की। इसका प्रभाव दो-तीन दिनों के दौरान पूरे राज्य में दिखेगा। अप्रैल से ही लगातार उत्तर-पछुआ का प्रवाह हो रहा है। इससे शरीर जलाने वाली गर्मी का एहसास हो रहा था। इधर, पटना सहित प्रदेश के 21 शहरों का अधिकतम पारा शनिवार को चढ़ा। इस दौरान शेखपुरा और वैशाली लू की चपेट में रहा। सबसे गर्म जिला 42.3 डिग्री के साथ बक्सर रहा है। वहीं 15 शहरों में पारा 40 या उससे पार रहा। पटना का अधिकतम तापमान 40 डिग्री रिकार्ड किया गया।



### बिहार के हजारों शिक्षकों और कर्मचारियों के वेतन का रास्ता साफ, केके पाठक ने हटाई रोक

**पटना, एजेंसी।** बिहार के विश्वविद्यालयों में तैनात करीब 15 हजार शिक्षकों और कर्मचारियों के वेतन का रास्ता साफ हो गया है। पटना हाई कोर्ट के आदेश के बाद केके पाठक के शिक्षा विभाग ने सभी 13 विश्वविद्यालयों के बैंक खातों के संचालन पर डेढ़ माह से लगी रोक हटा दी है। साथ ही यूनिवर्सिटी के पदाधिकारियों के बंद वेतन को भी फिर से चालू करने को कहा है। विश्वविद्यालय कर्मियों का वेतन बीते तीन माह से बंद था। शिक्षा सचिव वैद्यनाथ यादव ने शनिवार को सूबे के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को पत्र लिखकर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बैंक प्रबंधन को भी पत्र लिखकर सरकार के फैसले की जानकारी दे दी है। पटना हाईकोर्ट के निर्देश के बाद विभाग ने यह कदम उठाया है। दरअसल, शिक्षा विभाग ने विभागीय बैठक में कुलपतियों के नहीं आने के बाद नाराजगी प्रकट करते हुए 28 फरवरी को सभी विश्वविद्यालयों के खातों पर से रोक लगा दी थी। साथ ही वीसी, प्रो-वीसी व अन्य पदाधिकारियों के वेतन पर रोक लगा दी थी।

इसके बाद सशर्त कुछ छूट दी गई और कुलपतियों की बैठक फिर से बुलाई गई। मगर वे बैठक में फिर नहीं आए। इसके बाद विभाग ने 15 मार्च को फिर से बैंक खातों पर फिर से पूर्णतः रोक लगी दी। इसके बाद से विश्वविद्यालयों के बैंक खाते पर रोक है और विश्वविद्यालयकर्मियों के वेतन भी बंद हैं।

## लालू खानदान नहीं चाहता कि देश का प्रधानमंत्री हिंदू हो-सम्राट चौधरी



**पटना, एजेंसी।** बिहार में चुनावी माहौल के बीच हिंदू-मुस्लिम का मुद्दा जोर पकड़ रहा है। अब डिप्टी सीएम एवं बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के परिवार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया है कि लालू खानदान नहीं चाहता कि देश का प्रधानमंत्री हिंदू हो। उन्होंने दावा किया कि जब तक नरेंद्र मोदी जिंदा हैं, भारत को जिन्ना का मुल्क नहीं बनने देंगे। इससे पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने भी दरभंगा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आरजेडी एवं कांग्रेस पर मुस्लिमों को धर्म के आधार पर आरक्षण देने की मंशा के आरोप लगाए। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल से लालू परिवार पर निशाना साधते हुए पोस्ट शेयर किया। इसमें उन्होंने लिखा कि लालू परिवार नहीं चाहते कि देश के प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और सेना प्रमुख हिंदू हो। एक दौर था कि आतंकी प्रधानमंत्री को भी उड़ा देते थे और अब यह दौर है जब वही आतंकवादी भारत के नाम से डरते हैं। मोदी हैं तो इंडी गठबंधन के नेता भी सुरक्षित हैं। लोकसभा चुनाव के बीच बीजेपी लगातार आरजेडी एवं कांग्रेस पर मुस्लिम तुष्टीकरण के आरोप लगा रही है। दरभंगा में शनिवार को बीजेपी की चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस एससी, एसटी और ओबीसी के कोटे से मुस्लिमों को आरक्षण देना चाहती है। आंबेडकर और यहां तक कि जवाहरलाल नेहरू ने धर्म के आधार पर आरक्षण की बात का विरोध किया था। मगर अब कांग्रेस उन्हीं की पीठ में छुरा घोंपने का काम कर रही है।

## लोकसभा चुनाव के बीच आरजेडी को झटका, लालू के खास प्रभूनाथ सिंह के पुत्र रंधीर बागी, जदयू में जाएंगे?

**पटना, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण से पहले लालू प्रसाद यादव की पार्टी आरजेडी को बड़ा झटका लगा है। पार्टी के कद्दावर रहे और लालू यादव के खास पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह के पुत्र रणधीर कुमार सिंह ने पार्टी के खिलाफ बगावत का बिगुल फूंक दिया है। उन्होंने पार्टी से त्यागपत्र का ऐलान करते हुए कहा है कि अब महाराजगंज से चुनाव नहीं लड़ेंगे और इंडिया गठबंधन के कैंडिडेट को हराने में अपनी पूरी ताकत झोंक देंगे। चर्चा है कि वे 14 मई को अपने हजारों समर्थकों के साथ नीतीश कुमार की पार्टी जदयू में शामिल होने वाले हैं। यह घोषणा पूर्व विधायक ने दारोगा राय चौक स्थित एक रेस्टोरेंट के सभागार में शनिवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में की। उन्होंने कहा- मैंने 6 मई को महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की घोषणा की थी लेकिन समर्थक और अभिभावकों के सुझाव पर घोषणा को वापस ले रहा हूं। उन्होंने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव पर आरोप लगाते हुए कहा कि डॉ रोहिणी आचार्य को सारण से चुनाव जिताने के लिए महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र को कांग्रेस की झोली में डाल दिया गया। इससे वे चुनाव लड़ने से वंचित हो गए। पूर्व विधायक ने कहा कि मेरा परिवार समर्पित होकर राजद को सींचने का काम किया है। अब मेरा एक ही लक्ष्य है इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को हराना। कार्यकर्ताओं के आग्रह पर मैं राष्ट्रीय जनता दल से इस्तीफा पत्र राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को पहले ही भेज चुका हूं। मीडिया बात करते हुए रंधीर सिंह ने आरजेडी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए और नेतृत्व पर गंभीर आरोप लगाया।




## मुजफ्फरपुर कोर्ट से 4 अफसरों पर वारंट, बालिकागृह कांड में नहीं दे रहे गवाही; किंगपिन ब्रजेश से डर या सेटिंग?

**मुजफ्फरपुर , एजेंसी।** पूरे देश को हिला देने वाले बिहार केमुजफ्फरपुर के चर्चित बालिकागृह कांड से जुड़े स्वाधार गृह कांड में ब्रजेश ठाकुर के खिलाफ कोर्ट में गवाही देने नहीं आ रही दो तत्कालीन महिला थानेदार समेत सात गवाहों के खिलाफ विशेष एससी-एसटी कोर्ट ने जमानतीय वारंट का आदेश जारी किया है। अब इस मामले में अभियोजन साक्ष्य पर सुनवाई के लिए 17 मई की तिथि तय की गई है। इसके बाद भी ये गवाह कोर्ट में गवाही के लिए हाजिर नहीं हुए तो आगे की कार्रवाई की जाएगी। अभियोजन साक्ष्य के तहत गवाहों का कोर्ट में बयान दर्ज किया जाना है। अब तक केवल एक तत्कालीन थानेदार नीरू कुमारी ने अपनी गवाही कोर्ट में दर्ज कराई है। नीरू ने ही इस मामले में ब्रजेश ठाकुर के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। आरोपित ब्रजेश ठाकुर अभी बालिकागृह कांड में तिहाड़ जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। विशेष एससी-एसटी कोर्ट ने तत्कालीन महिला थानेदार ज्योति कुमारी, आभा रानी, आईओ कलावती देवी, तत्कालीन जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक दिवेश कुमार शर्मा, साहू रोड निवासी हर्ष कुमार, मुन्ना कुमार और रामबाग चौरी मोहल्ला निवासी गुलाम रसूल के खिलाफ जमानतीय वारंट का आदेश दिया है। वर्ष 2018 के जून में बालिका गृह कांड के खुलासे के बाद प्रशासन ने ब्रजेश ठाकुर की एनजीओ से संचालित अन्य गृहों की भी जांच कराई थी। ब्रजेश की एनजीओ ही स्वाधार गृह का भी संचालन कर रही थी।

**11 महिलाएं व चार बच्चों का नहीं मिला सुराग :** जांच के लिए जब प्रशासनिक अधिकारियों की टीम साहू रोड स्थित स्वाधार गृह पहुंची तो उसमें ताला लगा था। विभागीय रिकॉर्ड के मुताबिक स्वाधार गृह में सरकारी खर्च पर रह रहीं 11 महिलाएं और उनके चार बच्चों का कहीं कोई अतापता नहीं चला। इसके बाद जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक दिवेश कुमार शर्मा ने महिला थाने में अपहरण की धारा में एफआईआर दर्ज कराई थी। इसकी जांच के बाद ब्रजेश ठाकुर, साइस्ता परवीन व अन्य पर चार्जशीट दाखिल की गई। मुजफ्फरपुर के बालिकागृह में रह रही 34 बच्चियों के साथ यौन शोषण का मामला 2018 में सामने आया था। टाटा इंस्टीट्यूट आफ सोशल साइंसेज की रिसर्च टीम की ऑडिट में इस बात का खुलासा हुआ कि बालिका गृह में रह रही अनाथ लड़कियों के साथ अत्याचार किया जाता था। ब्रजेश ठाकुर के सेवा संकल्प एवं विकास समिति से जुड़े संस्थानों के जांच शुरू हुई। इस दौरान स्वधार गृह से 11 महिलाओं और बच्चों के गायब होने का मामला को उजागर हुआ था। इस मामले में 30 जुलाई को महिला थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई और अनुसंधान भी हुआ। लेकिन अधिकारी गवाही देने नहीं आ रहे हैं। इस कांड में संचालक ब्रजेश ठाकुर उसके मामा रामानुज ठाकुर गुदरी निवासी शाइस्ता परवीन और चकवाशु निवासी सफाई कर्मी कृष्ण को आरोपी बनाया गया।

# सड़क पर बिहार पुलिस की गश्ती गाड़ी के सामने आकर स्टंटबाजी करना पड़ा महंगा




**पटना, एजेंसी।** बिहार पुलिस ने एक स्टंटबाज पर कार्रवाई की है. अपनी बॉडी और मसल्स का प्रदर्शन बीच सड़क पर चलती बुलेट पर बैठकर करना एक युवक को महंगा पड़ गया. उसे इस बात की भनक ही नहीं थी कि एकतरफ जहां वो स्टंटबाजी का वीडियो रिकॉर्ड करवा रहा है तो दूसरी तरफ उसके बुलेट के ठीक पीछे बिहार पुलिस की गश्ती गाड़ी चल रही है और वाहन में बैठे पुलिसकर्मी कार्रवाई की तैयारी भी कर रहे हैं. बिहार पुलिस ने इसका वीडियो जारी करते हुए अलग अंदाज में लोगों को सचेत किया है.

**बिहार पुलिस ने वीडियो जारी किया.. :** दरअसल, बिहार पुलिस ने एक वीडियो जारी किया है. इस वीडियो के जरिए पुलिस ने संदेश देना चाहा है कि सड़क पर स्टंटबाजी करने पर किस तरह पुलिस की कार्रवाई महंगी पड़ सकती है. इस वीडियो में एक युवक बीच सड़क पर बुलेट से स्टंट करता जा रहा है. वो अपने दोनों हाथों को स्टेयरिंग से हटा लेता है और अपने डोले-शोले दिखा रहा है. वहीं पुलिस की गश्ती गाड़ी उसके पीछेही आती दिख रही है. पुलिस ने वीडियो क्लिप में दिखाया कि क्लाइमेक्स अभी बांकी है. और उसके बाद पुलिस के द्वारा की गयी कार्रवाई को बताया गया है.

### बुलेट पर स्टंट करना महंगा पड़ गया..

बुलेट चलाते हुए उसपर बैठकर स्टंट करने वाले का नाम प्रशांत यादव है जो सीतामढ़ी के चकमहिला निवासी स्व. दिनेश्वर यादव का पुत्र है. सीतामढ़ी थाना पुलिस ने धारा 279/308 के तहत कांड संख्या 279/24 दर्ज कर लिया और स्टंट करने वाले व्यक्ति प्रशांत कुमार के चकमहिला गांव स्थित घर से उस बुलेट को जब्त कर लिया जिससे स्टंटबाजी की जा रही थी. बुलेट का नंबर क्क्र 300-9995 बताया गया है.

**बिहार में मोटे फाइन कटते रहे हैं :** बता दें कि पटना समेत अन्य जिलों में बाइक से स्टंटबाजी करते पकड़े जाने पर जुर्माने लगाए जाते रहे हैं. भारत में बाइक स्टंट करना दंडनीय अपराध है और मोटर व्हीकल एक्ट 1988 की धारा 184 के अनुसार अगर कोई व्यक्ति जानबूझकर सार्वजनिक सड़क पर ऐसा करता है तो उसे तीन महीने की कैद या 500 रुपए जुर्माना या फिर दोनों की सजा का प्रावधान है. अपराध की गंभीरता को देखते हुए सजा भी बढ़ायी जा सकती है और फाइन भी काफी बढ़ सकता है. वहीं अगर बाइक से स्टंट करते हुए अगर किसी अन्य व्यक्ति को कोई चोट पहुंचाता है तो धारा 279 के तहत उसे एक साल की कैद या 1000 रुपए दंड भरने होते हैं.बिहार में 40 से 50 हजार रुपए तक के फाइन ऐसे मामलों में काटे जा चुके हैं.

## भोजपुरी अभिनेत्री की संदिग्ध मौत की जांच के लिए एसआईटी गठित

**भागलपुर, एजेंसी।** आदमपुर में भोजपुरी अभिनेत्री अन्नपूर्णा उर्फ अमृता पांडेय की 27 अप्रैल को संदिग्ध परिस्थिति में मौत मामले की हर बिंदु पर जांच होगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की बात सामने आने के बाद हड़कंप की स्थिति हो गई है। इस मामले की उच्चस्तरीय जांच के लिए एसएसपी आनंद कुमार ने सिटी एसपी राज के नेतृत्व में एसआईटी का गठन कर दिया है। जो मामले में हर बिंदु पर जांच करेगी।

एसएसपी आनंद कुमार ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर फिर से पूरक राय मांगी गई है। इसके लिए जेएलएनएमसीएच के फोरेंसिक मेडिसीन एंड टॉक्सोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष को अनुरोध किया गया है कि वे पैनल बनाकर रिपोर्ट का फिर से विश्लेषण करें। उस रिपोर्ट का फिर से अध्ययन किया जाएगा। इसके साथ ही एसआईटी को एक दर्जन से ज्यादा बिंदुओं पर जांच के लिए निर्देशित किया गया है, ताकि इस मामले में मौत के कारणों के बारे में पता चल सके। मामले को लेकर एसएसपी ने कहा कि परिजनों के बयान पर शुरुआत में यूडी केस दर्ज कर लिया गया था, लेकिन इस मामले में सिटी एसपी से रिपोर्ट मांगी गई है। उनके रिपोर्ट आने के बाद यूडी केस को आगे की कार्रवाई के लिए बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि तकनीकी टीम भी एसआईटी के साथ रहेगी, जो कॉल डिटेल समेत अन्य बिंदुओं पर जांच करेगी।

# नित्यानंद के पास सर्वाधिक 17.95 करोड़ की संपत्ति, समस्तीपुर के निर्दलीय प्रत्याशी रवि रौशन के पास सबसे कम 31,047 रुपये की संपत्ति



**मुंगेर , एजेंसी।** बिहार में चौथे चरण के पांच लोकसभा क्षेत्रों में होने वाले चुनाव को लेकर मैदान में उतरे 42 फीसदी उम्मीदवार करोड़पति हैं। इस चरण में समस्तीपुर और उजियारपुर के अलावा बेगूसराय, दरभंगा और मुंगेर में चुनाव होना है। बेगूसराय में कुल 10, दरभंगा में 8, मुंगेर में 12, समस्तीपुर में 12 और उजियारपुर में 13 उम्मीदवार, कुल 55 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इनमें से 23 करोड़पति हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआर) एवं बिहार इलेक्शन वॉच द्वारा सभी 55 उम्मीदवारों के शपथ पत्रों के विश्लेषण से जारी रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी गई। मुंगेर से जेडीयू कैंडिडेट ललन सिंह कमाई में सबसे आगे हैं। वहीं, उजियारपुर से बीजेपी प्रत्याशी नित्यानंद राय के पास सबसे ज्यादा संपत्ति है। रिपोर्ट के अनुसार 21 निर्दलीय उम्मीदवारों में 7 ( 33 फीसदी ) करोड़पति हैं। आरजेडी एवं बीजेपी के सभी 3-3 प्रत्याशी करोड़पति हैं। एसयूसीआई( सी ) के 2, अखिल भारतीय परिवार पार्टी, जनता राज विकास पार्टी, कांग्रेस, जागरूक जनता पार्टी, लोजपा-आर, जेडीयू, कर्पूरी जनता पार्टी, बसपा के 1-1 उम्मीदवार करोड़पति हैं। इनके पास संपत्ति एक करोड़ और उससे ज्यादा है। इस चरण के सभी उम्मीदवारों के पास औसतन 2.88 करोड़ की संपत्ति है।

**नित्यानंद के पास सर्वाधिक 17.95 करोड़ की संपत्ति :** चौथे चरण में उजियारपुर से चुनाव लड़ रहे बीजेपी के नित्यानंद राय के पास सर्वाधिक 17.95 करोड़ की चल-अचल संपत्ति है। जबकि, आरजेडी के ललित यादव के पास 17.92 करोड़ की संपत्ति है। वहीं, गिरिराज सिंह तीसरे स्थान पर हैं और उनके पाास 14.31 करोड़ की संपत्ति है। दूसरी ओर, सबसे कम मात्र 31,047 रुपये की संपत्ति समस्तीपुर से निर्दलीय प्रत्याशी रवि रौशन कुमार के पास है। जबकि, उजियारपुर से राष्ट्रीय जन संभावना पार्टी के प्रत्याशी संतोष राय के पास 60 हजार रुपये तथा बेगूसराय से निर्दलीय प्रत्याशी मो. शाहनवाज हसन के पास 63 हजार रुपये की संपत्ति है। वहीं, इस चरण में सबसे अधिक देनदारी दरभंगा से अखिल भारतीय परिवार पार्टी के उम्मीदवार किशोर कुमार दास के पास है। उनके पास कुल 6.49 करोड़ की संपत्ति है लेकिन देनदारी 4.20 करोड़ की है। ललित यादव के पास 3.79 करोड़ और शांभवी के पास 1.72 करोड़ की देनदारी है।

**कमाई में ललन सिंह सबसे आगे :** रिपोर्ट के अनुसार सर्वाधिक 1.41 करोड़ की आय मुंगेर से जेडीयू प्रत्याशी राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने आयकर रिटर्न में घोषित की है। वहीं, समस्तीपुर से लोजपा-आर की प्रत्याशी शांभवी चौधरी ने 76.96 लाख रुपये की आय आयकर रिटर्न में घोषित की। दरभंगा से आरजेडी उम्मीदवार ललित यादव ने 55.50 लाख की आय वार्षिक आयकर रिटर्न में घोषित की।

**18 फीसदी उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज :** एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार चौथे चरण के 18 फीसदी ( 10 उम्मीदवार ) के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। जबकि, 11 फीसदी ( 6 उम्मीदवार ) के खिलाफ गंभीर अपराध के मामले दर्ज हैं। उम्मीदवारों द्वारा घोषित आपराधिक मामलों में निर्दलीय 2, राजद के 2, भाजपा के 3, राष्ट्रीय जनसंभावना पार्टी के 1, सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी के 1, भाकपा के 1 उम्मीदवार के खिलाफ गंभीर अपराध के मामले दर्ज हैं।

# रांची के बीएसएनएल हेड ऑफिस में लगी भीषण आग

**रांची ।** राजधानी रांची के मेसरा ओपी क्षेत्र अंतर्गत जुमार नदी के पास स्थित बीएसएनएल के हेड ऑफिस में रविवार की दोपहर भीषण आग लग गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद बीएसएनएल के कर्मचारियों ने पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचना दी। अग्निशमन विभाग की कई गाड़ियां और मेसरा ओपी प्रभारी समेत अन्य पुलिसकर्मी भी मौके पर आग बुझाने के कार्य में जुटे थे। आग की लपटें दूर से ही नजर आ रही थीं। आग लगने की सही वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाई है लेकिन शॉर्ट सर्किट होने की आशंका जताई जा रही है। आग से कितना नुकसान हुआ है, इसका आकलन के बाद ही पता चल पाएगा।



## गड़गांव इटकी सड़क का शिलन्यास छह माह गुजर जाने के बाद भी नही हो सका निर्माण कार्य शुरू



इटकी प्रतिनिधि

रांची गुमला मुख्य मार्ग गड़गांव वस्ती से इटकी तक सड़क निर्माण कार्य का शिलन्यास किये छह माह गुजर जाने के बाद भी अबतक कार्य शुरू नही किया जा सका है। ग्रामीणों द्वारा जल्द सड़क निर्माण की मांग के बाद सवेदक द्वारा फरवरी माह में सड़क पर एक जगह पुलिया निर्माण के लिए गढ्ढा खोदे गये किन्तु वह भी अब तक यथावत पड़ा है। जिससे राहगिरों को अवागमन में काफी परेशानी उठाना पड़ रहा है। इससे आक्रोशित ग्रामीण सड़क पर उतरने की तैयारी कर रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य जल्द शुरू नही किया गया तो आंदोलन छेड़ दिया जायेगा। सांसद सुदर्शन भगत द्वारा पिछले वर्ष नौ अक्टूबर को उक्त सड़क निर्माण कार्य का शिलन्यास किया गया था। ग्रामीण कार्य विभाग झारखण्ड सरकार द्वारा प्रधान मंत्री सड़क योजना के तहत करीब पांच करोड़ की लागत से 5.11 किलोमीटर लम्बी सड़क का निर्माण किया जाना है। विभाग ने निविदा का प्रक्रिया को पूरा कर संवेदक को सड़क निर्माण कार्य का जिम्मा सौंपा गया। किन्तु सड़क निर्माण कार्य आज भी शुरू नही किया जा सका है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ रहा है । बता दे सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीण आदोलनरत थे। यह सड़क मुख्य मार्ग के साथ पलमा, तरगड़ी,चचगुरा, गड़गांव, भंडरा, इटकी सहित कई अन्य गांव को जोड़ता है।

## झामुमो नेता ने किया प्रखंड के विभिन्न पंचायतो का दौरा

**बुढ़म।** कांग्रेस कमेटी के प्रखंड प्रभारी संजीव सिन्हा एवं झामुमो नेता शमीम बड़ेहार ने प्रखंड के विभिन्न पंचायतो का दौरा कर बूथ कमेटी का समीक्षा किया इस दौरान सार लें पंचायत एवं छापर पंचायत में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष बलराम साहू की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई ,जिसका संचालन झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष भुनेश्वर साहू ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए श्री बड़ेहार ने कहा की भारतीय जनता पार्टी की सरकार सुनियोजित तरीके से गरीबों का पैसा विभिन्न प्रकार के टैक्स लगाकर सरकार के खजाने में लेकर पूजीपतियों को कर्ज देकर माफ करने का काम किया है। जिससे भारत देश गरीबों के पायदान से गुजर रहा है। 254000 करोड़ का कर्ज में देश डूबा हुआ है ।जिससे प्रत्येक व्यक्ति के माथे में लाखों का कर्जा हो गया है इसलिए इस बार भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकना है और इंडिया गठबंधन का सरकार बनाना है आज की बैठक में मुख्य रूप से तस्लीम अंसारी ,सदन कुमार साहू ,तुलसी मुंडा, उस्मान खान ,युनुस अंसारी, सुरेश मुंडा , अस्जद अंसारी ,फारूक अंसारी ,तबरेज अंसारी, मुरसिम लाल मांझी, दुर्गा हसदा आशा देवी निर्मल मुर्मू अरविंद मरांडी जितेंद्र मुंडा समेत बिभिन्न लोग उपस्थित थे।

## ताला तोड़कर नगदीं समेत गहनों की चोरी

**बुढ़मू।** ठाकुरगाव थाना क्षेत्र के उरुगुट्टू गांव में बंद घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने नगदीं समेत गहनों की चोरी कर लिया। जानकारी के अनुसार गांव के डिब्रु महतो के सभी परिजन घर बन्द करके सब्जी बेचने बाजार गये थे। इसी बीच अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर घर मे रखे 80 हजार नगद,जेवरात समेत अन्य सामानों की चोरी कर लिया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। विदित हो कि क्षेत्र में बंद घरों से पिछले एक महीने में कई घरों से चोरी हुई है। लेकिन किसी घटना का अबतक उदभेदन नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

## सर्वांगीण विकास को लेकर जागरूक मतदाताओं ने पांच सूत्री मांग को लेकर निकाली रैली



**तमाड़।** सर्वांगीण विकास को लेकर लोकसभा चुनाव से पूर्व तमाड़ की आम जनता ने एकजुटता दिखायी। पांच सूत्री मांगो को लेकर आम जनता पक्ष और विपक्ष के नेताओ से चुनाव के पश्चात सभी पांच मांगो को पूरा करने का मांग को लेकर रहे गारंटी मांग रहे है। मांगो के समर्थन में तमाड़ की आम जनता द्वारा एक प्रयास - तमाड़ का विकास के बैनर तले रविवार को तमाड़ में बाइक रैली निकाली गयी। जिसका थीम रखा गया जागरूक मतदाता भाग्य विधाता। बाइक रैली में कोठारी बंधु चौक से शुरू होकर तमाड़ स्टैंड, नीचेटोली, रायडीह, दिऊड़ी, आमलेशा आदि जगहों से मतदाताओं को जागरूक करते हुए पुनः कोठारी बंधु चौक में आकर समाप्त हुआ। आम जनताओ की मांग तमाड़ स्टैंड स्थित फार्म की असिंचित परती भूमि में विशाल मॉडल कॉलेज निर्माण और उसके चहारदीवारी में मार्केट निर्माण, तमाड़ बड़ा तालाब के चारो और सौंदर्यीकरण और एक्यूप्रेशर जॉगिंग पार्क निर्माण, पतरा वन में जैविक उद्यान और वन्य प्राणी आश्रयणी और पर्यटन विकास, पुंडीदिरी गांव में नदी और पहाड़ों में पिकनिक स्पॉट के रूप में पर्यटन विकास के कार्य, बहुप्रतीक्षित नामकुम कांड्रा और खूंटी तमाड़ नई रेल पथ प्रोजेक्ट को जमीन में उतारना आदि मांग को लेकर नारेबाजी करते हुये रैली निकाली गयी। मौके पर दर्जनों युवा, बुद्धिजीवी, प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

## संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के द्वारा रक्तदान शिविर लगाया गया

**रांची।** संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वधान में हमेशा की भांति इस बार भी संत निरंकारी सत्संग भवन बुध विहार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के रक्तदान शिविर में 105 निरंकारी भक्तों ने रजिस्ट्रेशन करवाया जिसमें जांच के बाद 66 यूनिट सदर हॉस्पिटल ने रक्तदान लिया । जैसा की ज्ञात हो युग प्रवर्तक बाबा गुरबचन सिंह जी सदैव ही समाज कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत रहे। और उनके उपदेशों को मानते हुए 1986 से लगातार रक्तदान कैंप का सिलसिला जारी है।बाबा हरदेव सिह ने कहा था कि इंसानी रक्त मानव की नाड़ियों में बहना चाहिए ना कि नालियों में। उनके उपदेश के चलते संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा हर वर्ष समय-समय पर रक्तदान कैंपों आयोजित किए जाता है संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन रक्तदान देने वाली विश्व स्तर की अपनी किस्म की अग्रणी संस्था है। जो इंसानों को मजहबों, जाति, रंगो, पहरावों, से ऊपर उठ कर हर एक में परमात्मा के स्वरूप को पहचाने का आह्वान देती है। संत निरंकारी मिशनपूरे विश्व में इस आयोजन को सफलतापूर्वक अंजाम दे रहा। रक्तदान शिविर के साथ-साथ सत्संग सभा का भी आयोजन किया गया जिसमें गुरु के संदेश को बताया गया कि ज्ञान से मनुष्य का अज्ञान नष्ट हो जाता है परमात्मा सूर्य की रोशनी के समान उनके अंदर ज्ञान प्रकाशित कर देता है।





## इटकी का ऐतिहासिक मण्डा पूजा महोत्सव शुरू

### इटकी में शिव उपासक पटभोक्ता स्नान ध्यान के लिए तालाब जाते हुए।



इटकी प्रतिनिधि

इटकी का ऐतिहासिक सात दिनी मण्डा पूजा अनुष्ठान परंपंरागत रूप से शुरू हो गया है। पंडित पंचम दास के नेतृत्व में प्रति दिन सुबह- शाम शिव उपासक पटभोक्ता छोटू लोहरा सहित अन्य भक्ता गाजे बाजे के साथ बनिया टोली स्थित तालाब में स्नान ध्यान के लिए पहुंचते है और स्नान के बाद पुनः मुख्य शिव मंदिर पहुंच कर पंडित पंचम दास के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच आदिशक्ति माता पार्वती और भोले नाथ की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर आराधना करते है। यह अनुष्ठान लगातार सात दिनों तक चलेगी । नौ मई को शिव भोक्ता कई कठिन परीक्षाओं को पार कर रात में फुल खुन्दी रस्म को पूरा करेंगे। 10 मई को दर्ज़नों भोक्ता झुला झूलन कार्यक्रम कर सैकड़ों श्रदालुओं के भीड के ऊपर लोक कल्याण का फुल बरसायेंगे । इसके साथ मंडा पूजा महोत्सव व मेला का समापन होगी।

## नि:शुल्क प्याऊ का उदघाटन

### -सर्वेश्वरी समुह का बेहतरीन प्रयास

**रातू।** श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा राँची द्वारा रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रातू ब्लॉक के पास निःशुल्क प्याऊ का उदघाटन किया गया। निःशुल्क प्याऊ के माध्यम से इस भीषण गर्मी में लोगों के पीने के लिए स्वछ एवं शीतल जल की व्यवस्था की गई। ज्ञात हो कि सर्वेश्वरी समुह प्रत्येक वर्ष इस तरह निःशुल्क प्याऊ की व्यवस्था करती है। जिसका फायदा हॉस्पीटल के मरीज के परिजन के अलावे सडक पर चलने वाले उठाते है। समुह द्वारा लगभग दो महीने लोगों को निशुल्क पीने का जल उपलब्ध कराया जाता है। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुवात पूजन एवं आरती कर किया गया। इसके बाद प्याऊ को लोगों के सेवा के लिए सुपुर्द किया गया।सर्वेश्वरी समुह इस तरह के कई कार्यक्रम का आयोजन करता है। जिसमें %पंछी को दाना - पंछी को पानी% कार्यक्रम के अन्तर्गत सकोरा का वितरण एवं रिम्स अस्पताल में हाथ पंखा का वितरण भी किया जाएगा। कार्यक्रम में रणजीत सिंह,धर्मेन्द्र सिंह,आशुतोष कुमार,गिरेन्द्र नाथ शाहदेव,रोहित कुमार सिंह,सौरभ कुमार,समर प्रताप सिंह,यदुनाथ शाहदेव,रितिका शाहदेव,भोलू सरदार, प्रदीप साहू के अलावे मुहल्ले के लगभग 15 लोग शामिल हुए।

## तीन दिवसीय यज्ञ समारोह का हुआ शुभारंभ



**बुढ़मू।** कांके प्रखंड के मनातु टंगटंगटोला गांव में श्री हनुमान मंदिर का द्वितीय वार्षिकोत्सव सह तीन दिवसीय यज्ञ समारोह का शुभारंभ रविवार को कलशयात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा में 501 कन्याओं व महिलाओं ने भाग लिया।कलश वितरण सांसद संजय सेठ,भाजपा के वरीय नेता स्वामी देवेंद्र प्रकाश,ठानो मुंडा ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर सांसद ने कहा कि यज्ञ होने से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो जाता है। साथ ही उन्होंने कहा कि जहां धर्म होता है वहां साक्षात ईश्वर का वास होता है। कलशयात्रा के दौरान महिलाओं के गगनचुंबी जयघोषों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। यज्ञ के सभी अनुष्ठान आचार्य रुद्रनाथ मिश्रा,अविनाश मिश्रा व वरुण वैद्य के सानिध्य में सम्पन्न हो रहा है। कलशयात्रा के आयोजन में समिति के विनोद महतो,रामकिशुन महतो,मनोज गोप,राजेश गोप, दिलीप महतो,अवधेश महतो आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## गांव-गांव जाकर लोगों को राष्ट्रहित में मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं अभाविप





**मांडर।** अभाविप झारखंड प्रांत द्वारा शत प्रतिशत मतदान के ध्येय के साथ पूरे प्रदेश में मतदाता जागरण अभियान चलाया जा रहा है जिसके निमित्त रांची ग्रामीण के सभी प्रखंडों में मतदाता जागरण अभियान चलाया जा रहा है, परिषद के कार्यकर्ता गांव गांव जाकर छोटी-छोटी बैठक करके लोगों को राष्टहित में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए आग्रह कर रहे हैं परिषद के कार्यकर्ता ÷संकल्प मतदान काढ्ठ राष्ट के उत्थान का÷ नारा के साथ लोगों के पास जा रहे हैं। वोट फॉर भारत का कैंपेन भी चला रहे हैं।गांव-गांव में जाकर उन्हें राष्ट हित में मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं आज मांडर इकाई के कार्यकर्ताओं ने मांडर प्रखंड के विभिन्न गांव में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया लोगों को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए आग्रह किया। इस अभियान में मुख्य रूप से प्रांत कार्यकारिणी सदस्य आदर्श प्रसाद जिला संयोजक उत्कर्ष तिवारी कार्यकर्ता शिवम पाठक ओम प्रणव, धीरज, सीताराम, विक्की राहुल, कुणाल, राजा सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

## संक्षिप्त समाचार

### कन्फर्म टिकट नहीं मिलने से वैष्णो देवी जाने वाले यात्री परेशान

**अमेठी , एजेंसी।** गर्मी की छुट्टी में परिवार सहित देवी माता के दर्शन के लिए जाने वाले श्रद्धालु कन्फर्म टिकट नहीं मिलने से परेशान हो रहे हैं। अमेठी होकर गुजरने वाली अर्चना एक्सप्रेस व समर स्पेशल में वेटिंग का आंकड़ा 150 से पार हो गया है। ऐसे में या तो यात्रा स्थगित कराने या तत्काल कोटे का टिकट बुक करवाने की कोशिश में लोग जुटे हैं।

लखनऊ-प्रतापगढ़-वाराणसी रेल ट्रैक पर जम्मूतवी के लिए सिर्फ राजेंद्रनगर-जम्मूतवी अर्चना एक्सप्रेस का संचालन अमेठी होकर होता है। गर्मी की छुट्टी में माता वैष्णो देवी कटरा जाने वाली ट्रेनों में कन्फर्म टिकट नहीं मिल रहा है। माता के दर्शन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं व जम्मू कश्मीर के अन्य यात्रियों को परेशानी हो रही है। यात्रियों की इस समस्या को दूर करने के लिए उत्तर रेलवे ने वाराणसी से माता वैष्णो देवी कटड़ा के लिए समर स्पेशल ट्रेन संचालित की। लेकिन दोनों ट्रेनों में मई माह में एक दिन भी कन्फर्म टिकट नहीं है।

शनिवार को स्टेशन पर मिले सैठा निवासी समर सिंह ने बताया कि परिवार समेत दर्शन को जाने के लिए टिकट बुक करवाने आए थे। तत्काल कोटे से भी टिकट बुक नहीं हो पाया। दूसरे दिन तत्काल कोटे का टिकट बुक करवाने की कोशिश करेंगे।

कमोवेश यही हाल रामकिशोर प्रजापति, श्यामबहादुर सिंह, रामजी समेत अन्य यात्रियों का है। स्टेशन अधीक्षक प्रवीण सिंह ने बताया कि नियमित टिकटों की बुकिंग हो रही है। पहले से लोगों के टिकट बुक करने से वेटिंग चल रही है।

### गांवों में सरकारी हैंडपंप सही हैं या खराब, देना होगा हिसाब

**अमेठी , एजेंसी।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में लगे हैंडपंप के रखरखाव का पूरा हिसाब ग्राम पंचायत में रखना होगा। इसके लिए नल का विवरण दर्ज करने के लिए ग्राम पंचायत के पास एक अलग रजिस्टर होगा। गांवों में हैंडपंप सही हैं या उसमें कोई तकनीकी दिक्कत है, इसकी पूरी जानकारी देनी होगी। पंचायत सहायक के माध्यम से नल की स्थापना से लेकर उसके वर्तमान रखरखाव तक की सूचना भी दर्ज करनी होगी। पंचायतीराज विभाग के अनुसार जिले में कुल इंडिया मार्क टू हैंडपंप की संख्या 56,010 है। ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की आवश्यकता पूर्ति के लिए लगाए गए नल गर्मी के दिनों में बड़ी आबादी के लिए वरदान बने हैं। जिला पूर्ति अधिकारी ने ग्राम पंचायतों में तैनात पंचायत सहायकों को काम में लगाया है।

कहा गया है कि सचिव के माध्यम से अलग से रजिस्टर पंचायत सहायक को देना होगा। ग्राम पंचायत के सभी नल व उसका ब्यौरा लिखा जाए। नल के खराब होने, रिपेयरिंग करने के साथ उसमें प्रयोग किए गए नए सामान व पुराने कबाड़ का हिसाब देना होगा। डीपीआरओ ने बताया कि गांव में विजिट के दौरान रजिस्टर की जांच की जाएगी। साथ ही पुराने कबाड़ को एकत्र कर उसे एक साथ बिक्री की जाएगी। जिससे ग्राम पंचायत की आय में वृद्धि हो सके। संवा

### लूट नहीं, मारपीट हुई थी, चार पर केस दर्ज

**अमेठी , एजेंसी।** कोतवाली क्षेत्र के नसीराबाद रोड पर मवई मोड़ के पास शुक्रवार को बाइक सवार दो युवकों से एक लाख 90 हजार की हुई लूट से क्षेत्र मे सनसनी मच गई। पीड़ितों ने जायस कोतवाली जाकर बदमाशों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की तो लूट की कहानी फर्जी मिली। पुलिस चार पर केस दर्ज कर मामले में कार्रवाई में जुटी है। नसीराबाद के मोहल्ला कायस्ताना निवासी गुफरान का आरोप है कि शुक्रवार वह अपने साले सरवर व दो अन्य साथी के साथ कस्बा जायस के वहाबगंज स्थित एचडीएफसी बैंक से दोपहर एक लाख 90 हजार रुपये लेकर अपने घर नसीराबाद जा रहा था। तभी बाइक सवार बदमाश जायस थाना क्षेत्र के सलोन मार्ग के मवई मोड़ के पास उसकी बाइक रोककर हॉकी डंडे से पिटाई कर रुपये लिए। पुलिस की जांच लूट नहीं, बल्कि सिर्फ मारपीट की पुष्टि हुई। एसएचओ रवि कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों के मध्य पहले नसीराबाद कस्बे में मारपीट हुई थी। नसीराबाद थाना क्षेत्र के टेंगना निवासी लाल बाबू अपने तीन अन्य साथी के साथ जायस थाना क्षेत्र के मवई मोड़ पर दोबारा गुफरान व उसके साथी के साथ मारपीट की। लूट का आरोप फर्जी है।

# प्रियंका गांधी: रायबरेली के साथ अमेठी को भी जिताने की है जिम्मेदारी

## खुद आकर करेंगी प्रचार, तय हुई डेट

**अमेठी, एजेंसी।** राहुल गांधी ने रायबरेली तो केएल शर्मा ने अमेठी से नामांकन भर दिया है। शुक्रवार को प्रियंका गांधी अमेठी के रोड शो में मौजूद रहीं फिर बाद वह भाई राहुल के नामांकन के समय रायबरेली भी आईं। संदेश साफ हो गया कि भले ही गांधी परिवार अमेठी से प्रत्यक्ष तौर पर लड़ाई न लड़ रहा हो लेकिन गांधी परिवार के लिए प्रतिष्ठा की सीट रायबरेली के साथ अमेठी की भी बन गई है। अमेठी में केएल शर्मा की हार सीधे तौर पर गांधी परिवार के प्रभाव की हार है।

अमेठी हो या रायबरेली, दोनों सीटों पर अब तस्वीर साफ हो गई है। सबसे ज्यादा चर्चा कांग्रेस के राजनीतिक कदम को लेकर है। दरअसल, राहुल गांधी अमेठी छोड़कर रायबरेली चले गए, जबकि अमेठी में गांधी परिवार के करीबी व सोनिया के चाणक्य माने जाने वाले किशोरी लाल शर्मा मैदान में है। यह बात अलग है कि अमेठी के रण में अब सीधे तौर पर गांधी परिवार का कोई सदस्य नहीं है लेकिन, अपरोक्ष रूप से यहां पर कांग्रेस की पूरी सियासी गणित प्रियंका गांधी वाड्रा के हाथ में ही है। रायबरेली में भाई राहुल गांधी के चुनावी प्रचार की कमान संभालने के साथ ही वह अमेठी में किशोरी लाल शर्मा के लिए चुनावी फिजां तैयार करेंगी। इस बात का संकेत खुद प्रियंका ने छह तारीख को रायबरेली में आकर चुनाव तक रहने का संकेत देकर जाहिर कर दिया है।

### दोनों सीटों से है रिश्ता

अमेठी हो या रायबरेली, दोनों गांधी परिवार की परंपरागत सीटें मानी जाती है। गांधी परिवार से एक लंबा रिश्ता रहा है। कांग्रेस ने रायबरेली में सोनिया गांधी के बाद अब उनके बेटे राहुल गांधी को सियासी रण में उतारा है लेकिन, अमेठी से गांधी परिवार ने अपने को दूर कर लिया है। यह बात अलग है कि गांधी परिवार के करीबी व सोनिया गांधी के प्रतिनिधि किशोरी लाल शर्मा मैदान में है लेकिन, परोक्ष रूप से गांधी परिवार के सदस्य के न होने को लेकर कांग्रेसी समीकरण बैठाने



में लगे हुए हैं। कांग्रेस नेता अनुज तिवारी कहते हैं कि किशोरी लाल शर्मा को गांधी परिवार से ही जोड़कर देखा जाना चाहिए। 40 सालों से वह गांधी परिवार के साथ है। हर दुख में साथ रहे, हर सुख के साक्षी रहे। रही बात, चुनावी प्रबंधन की तो हर तरह से रणनीति तैयार रहा है।

### 6 मई से सक्रिय हो जाएंगी प्रियंका

अमेठी में कांग्रेस की पूरी रणनीति रायबरेली में छह तारीख को पहुंच रही प्रियंका गांधी वाड्रा संभालेगी। इसके लिए रायबरेली के भुएमऊ गेस्ट हाउस में दोनों संसदीय सीटों के लिए अलग-अलग वॉर रूम बनाया गया है। यहां पर हर बूथ का विवरण अपडेट किया जा रहा है। गांव-गांव महिलाओं की टोली को एकजुट किया जा रहा है। युवाओं को अलग से फोकस किया जा रहा है। वाट्सएप ग्रुप से सक्रियता परखी जा रही है। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी अनिल सिंह कहते हैं कि पार्टी रणनीति के तहत काम किया जा रहा है। हरेक बूथ पर दस कार्यकर्ताओं की टीम को लगाया गया है।

### पुराने कांग्रेसियों को किया जा रहा एकजुट

प्रियंका गांधी की टीम वर्ष 2004, 2009, 2014 व 2019 में कांग्रेस के साथ रहे नेताओं से संपर्क करने में लगी हुई है। उस वक्त जिन्होंने कांग्रेस के लिए काम किया था, रणनीति बनाई थी, गांव-गांव गए थे, वे इस समय कहां है। टीम पुराने कांग्रेसियों को एक्टिव करने में लगी हुई है। लोकसभा के मीडिया समन्वयक डॉ. अरविंद चतुर्वेदी कहते हैं कि बीते चुनावों में हम कहां मजबूत थे, कहां पर कमजोर, इन सभी का अध्ययन किया जा रहा है। बूथवार रिपोर्ट बनाई जा रही है।

### किशोरी इस बार खुद के लिए तैयार कर रहे रणनीति

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के साथ काम करने के साथ ही 1991 व 1996 में कैप्टन सतीश शर्मा, 1999 में सोनिया गांधी, 2004 से 2019 तक राहुल गांधी के चुनाव की रणनीति तैयार करने वाले किशोरी लाल शर्मा इस बार खुद अपने लिए चुनावी रणनीति तैयार करेंगे। पुराने अनुभवों के आधार पर वह रणनीति का मंथन करने में लगे हुए हैं।

## खड़ी कार में ट्रक ने पीछे से मारी टक्कर, पिता-पुत्री की मौत, 10 घायल

**तालग्राम , एजेंसी।** एक्सप्रेसवे पर पीली लाइन पर खड़ी कार को शनिवार सुबह पीछे से आए अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कार से कुछ दूर घिसटने के बाद कार पलट गई। हादसे में कार सवार पिता-पुत्री की मौत हो गई। कार में सवार अन्य 10 सदस्य घायल हो गए। घायलों को अस्पताल भेजा गया। कार सवार ग्वालियर से अयोध्या जा रहे थे। कर्नाटक के जिला धारवाड़ के थाना नवलगुंड लिंगराज सर्कल निवासी शोभाबाई(48) पत्नी अरविंद, परिवार के आरुष(9) पुत्र प्रकाश, अरविंद(64) पुत्र विठ्ठल शाह, सुजीत(12) पुत्र सुरेश, लक्ष्मी बागला(64) पत्नी रामचंद्र, सुमन अतनी(40) पत्नी तुलसीदास, शुभि(9) पुत्री तुलसीदास, नारायण(64) पुत्र विठ्ठल शाह, लक्ष्मी(56) पत्नी नारायण के साथ मध्य प्रदेश में धीरज महाराज के सत्संग कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। वहीं, शोभाबाई के पिता महाराष्ट्र के बोरिवली ईस्ट मुंबई निवासी अरुण कोल्हापुरे (68) भी अपनी पत्नी हेमा (64) भी सत्संग सुनने पहुंचे थे। सभी लोगों ने ग्वालियर में एक कार किराये पर ली और अयोध्या में रामलला के दर्शन करने का प्लान बनाया। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर थाना तालग्राम के गोवा विरियाहार गांव के पास ड्राइवर ने कुछ देर आराम करने के लिए कार को पीली पट्टी पर रोक दिया।

सुबह करीब 5:30 बजे पीछे से आ रहे ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन समेत मौके से भाग निकला। सूचना पर यूपीडा सहायक सुरक्षा अधिकारी ओमप्रकाश सिंह, स्थानीय पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे।

घायलों को एंबुलेंस की मदद से मेडिकल कॉलेज तिर्वा भेजा गया, जहां पर अरुण कोल्हापुरे और उनकी बेटी शोभाबाई को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। क्षतिग्रस्त कार को क्रेन की मदद से टोल प्लाजा पर खड़ा कराया गया। पुलिस ने हादसे की जानकारी परिजनों को दी।

थाना प्रभारी पारुल चौधरी ने बताया कि शवों का पोस्टमार्टम कराया गया है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

**एक्सप्रेसवे के अवैध कट ले रहे जानः तालग्राम।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर तिर्वा से सौरिख तक प्रत्येक गांव के सामने लोगों ने जाल काट कर अवैध कट बना लिए हैं। थाना तालग्राम क्षेत्र में गोवा, शकरहनी, विरियाहार, टिकुरियन, ढिपारा, भवनियापुर, मछैया, रनवा, बेहटा आदि गांव के पास अवैध कट हैं। इन अवैध कटों पर लोगों ने चाय पकौड़ी, समोसा की दुकानों और ढाबा खोल रखे हैं। चालक वाहनों को एक्सप्रेसवे पर घंटों खड़ा कर दुकानों से चाय, कोल्ड ड्रिंक लेकर आराम फरमाते हैं।

## शिवपाल यादव का चौंकाने वाला बयान, कहा- मेरा भतीजा 2019 में फिरोजाबाद सीट मेरी गलती से हारा

**लखनऊ , एजेंसी।** सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि 2019 के चुनाव में मेरा भतीजा अक्षय यादव मेरी गलती के कारण हारा था। अबकी बार ऐसा नहीं होगा। मालूम हो कि 2019 के लोकसभा चुनाव में फिरोजाबाद की सीट अक्षय यादव कुछ हजार वोटों से भाजपा से हार गए थे। तब यहां शिवपाल अपनी खुद की पार्टी से चुनाव लड़ रहे थे और उन्हें 91 हजार वोट मिले थे। शिवपाल ने उस हार के लिए अब खुद को दोषी माना है। शिवपाल ने कहा कि सात मई को इतना वोट डालना की चार जून का परिणाम आए तो दिल्ली की सरकार हटेगी और दिल्ली के साथ-साथ यूपी की सरकार भी जाएगी।



शिवपाल ने कार्यकर्ताओं से कहा कि लाल स्याही से लिख लेना भाजपा के शासन में जो उत्पीड़न हुआ है उसका पूरा हिसाब बराबर किया जाएगा। यह भी जान लें कि भाजपा किसी की नहीं है। यह पार्टी सिर्फ पूंजीपतियों की है। उनकी ही मदद करती है। इसके साथ यह भाई से भाई एवं परिवार से परिवार को लड़ाने का काम करती है।

केंद्र की 10 व प्रदेश के सात वर्ष की सरकार में सभी परेशान हैं। वहीं संभल में कहा कि दो लड़कों की जोड़ी ने भाजपा की नींद उड़ा दी है। भाजपाई भागे फिर रहे हैं। दो लड़कों की जोड़ी की फिल्म हिट होने वाली है। चार जून को पता चल जाएगा कि किसकी जोड़ी हिट है और किसकी फ्लॉप।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि पहले और दूसरे चरण में लोगों ने भाजपा को नापसंद किया है। तीसरे चरण में लोग सफाया करने जा रहे हैं, क्योंकि इन्होंने हर वर्ग के साथ नकली बातें की हैं। दस साल का हिसाब-किताब देखेंगे तो हर बात झूठी निकलेगी। तीसरे चरण का चुनाव भाजपा को सात समंदर दूर फेंक देगा।

सपा अध्यक्ष ने शनिवार को बदायूं, मैनपुरी और फिरोजाबाद में जनसभा की। बदायूं में कहा कि यही लोग हैं जो कह रहे थे कि किसानों की आय दोगुनी कर देंगे। नौजवानों को रोजगार देंगे मगर न आय दोगुनी हुई और न ही रोजगार मिल सका। किसान, अपना हिसाब-किताब लगाता है तो लागत को देखकर चिंता करता है। इस महंगाई में सरकार, पैदावार का मूल्य नहीं दे पा रही है। जो लोग कहते थे कि आय दोगुनी कर देंगे, वही लोग तीन काले कानून लाए थे। उनकी साजिश थी किसानों की जमीन पर कब्जा कर लें और पैदावार भी छीन लें, मगर किसान दिल्ली में डट गए और सरकार को कानून वापस लेने पड़े, लेकिन अभी लड़ाई खत्म नहीं हुई है।

मैनपुरी में कहा कि समुद्र मंथन की तरह ही ये चुनाव संविधान मंथन का है। 7 मई को अपने वोट से भाजपा को सात समंदर पार भेज दो। उन्होंने कहा कि एक तरफ वो लोग हैं जो संविधान को बदलना चाहते हैं, संविधान के भक्षक हैं। एक तरफ हम लोग हैं जो संविधान की रक्षा करना चाहते हैं। फिरोजाबाद में कहा कि किसानों की आय तो दोगुना नहीं हुई, बल्कि किसान की बोरी से खाद चोरी जरूर कर ली। किसानों का कर्ज माफ नहीं किया, जबकि उद्योगपतियों का 16 लाख करोड़ का कर्जा माफ कर दिया।

## दूर नहीं हुई खामियां, वोटर आईडी नंबर में गड़बड़, तो कहीं एक परिवार के अलग-अलग बूथ पर वोट

**आगरा , एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 के पहले और दूसरे चरण के मतदान में आई गिरावट के बाद भी मतदाता सूचियों और पर्चियों की खामियां दूर नहीं हो सकीं। कहीं वोटर आईडी कार्ड नंबर में गड़बड़ है। तो कहीं, एक ही परिवार के सदस्यों के वोट अलग-अलग बूथों पर हैं। बीएलओ की लापरवाही से हजारों मतदाता मतदान पर्चियों का इंतजार कर रहे हैं।

जिन्हें मतदाता पर्चियां नहीं मिली, वह पूछ रहे हैं कि डीएम साहब... ऐसे कैसे दौड़ेगी मतदान एक्सप्रेस। आगरा व फतेहपुर सीकरी सीट पर 48 घंटे बाद मतदान होगा। पर्चियां नहीं आने से परेशान मतदाताओं आयोग की वेबसाइट पर नाम खंगालने से लेकर बूथों के चक्कर काट रहे हैं। बूथों से बीएलओ नदारद हैं। दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के गढ़ी भदौरिया की मतदाता सूचियों में सबसे ज्यादा गड़बड़ियां सामने आई हैं। आवास विकास कॉलोनी, कमला नगर, बोदला, शाहगंज और मंटोला क्षेत्र के मतदाताओं ने भी सूचियों में गड़बड़ियों की शिकायतें दर्ज कराई हैं।

**आसान हो जाता है मतदान करना:** गुलाब नगर में रहने वाले अनिल शर्मा हर चुनाव में मतदान करते हैं। अनिल कहते हैं कि मतदान के लिए घर पर आने वाली मतदान की पर्चियों से काफी सहायता मिल जाती है। अभी



तक पर्ची का इंतजार कर रहे हैं।

**हफ्तेभर पहले आ जाती थीं पर्चियां:** रामबाग के रहने वाले मनीष शर्मा का कहना है कि घर पर आने वाली मतदान की पर्चियां हर चुनाव में एक हफ्ते पहले घर पहुंच जाती थीं। पहली बार ऐसा हुआ कि मतदान के 48 घंटे रह गए हैं। इसके बाद भी पर्चियां नहीं आई हैं।

**बूथ पर खोजना पड़ेगा नाम:** लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए उत्साहित कमला नगर के रहने वाले हिमांशु बुद्धरानी का कहना है कि मतदान की तिथि पास आ गई है। मतदान की पर्ची नहीं आई। मतदान केंद्र पर जाकर पहले सूची में नाम खोजना पड़ेगा। नाम हुआ तभी वोट डाल सकूंगा।

**वोटर आईडी कार्ड नहीं तो ये विकल्प अपनाएं:** जिनके पास वोटर आईडी कार्ड नहीं लेकिन नाम मतदाता सूची में दर्ज है तो वह मतदान कर सकते हैं। इसके लिए आधार कार्ड, मनरेगा जॉबकार्ड, बैंक, डाकघर की पासबुक, श्रम विभाग का स्वास्थ्य बीमा कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैनकार्ड, एनपीआर स्मार्ट कार्ड, पासपोर्ट, पेंशन परिचयपत्र, केंद्र व राज्य या पब्लिक लिमिटेड कंपनी का कर्मचारी परिचय पत्र, सांसद या विधायक से जारी पहचानपत्र, यूडीआई कार्ड दिखाकर मतदान कर सकते हैं।

## बादलों ने डाला डेरा, आने वाले दिनों में हल्की बारिश के साथ तेज हवा और आंधी की चेतावनी

**लखनऊ , एजेंसी।** यूपी में मौसम बदलने जा रहा है। पांच मई की रात से प्रदेश के कई हिस्सों में तेज हवाएं चल सकती हैं। यह हवाएं कहीं-कहीं आंधी का रूप भी ले सकती हैं। पांच मई से मौसम में बदलाव का अंदेशा जता रहे मौसम विभाग ने अगले सप्ताह आंधी-बारिश की चेतावनी जारी की है। यह कई जिलों में कम या अधिक हो सकती है। हालांकि शनिवार से ही लखनऊ समेत कई इलाकों में बादलों की आवाजाही का सिलसिला शुरू हो गया है। इस दौरान तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है।



**प्रयागराज रहा सर्वाधिक गर्म:** आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक प्रयागराज सर्वाधिक गर्म रहा। यहां पर पारा 40.4 से बढ़कर 42.7 डिग्री तक पहुंच गया। वहीं वाराणसी में 41.8, फतेहपुर में 41.2, झांसी में 41.7, हमीपुर में 41.2, अलीगढ़ में 41 डिग्री सेल्सियस रहा। प्रदेश में पारा सामान्य से अधिक बना हुआ है। लखनऊ का पारा भी 40 पार पहुंच गया। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से मौसम बदलेगा। बारिश के आसार सात मई के आसपास बन रहे हैं। सात मई को यूपी के कई जिलों में बारिश हो सकती है।

**पारा चढ़ा, पर हवा-बादल से राहत भी मिली:** राजधानी में शनिवार को मौसम का मिला जुला रूप देखने को मिला। सुबह से तीखी धूप रही, नतीजन पारा चढ़ा। शुक्रवार को 38.3 डिग्री के मुकाबले तापमान 40.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोतरी दिखी। पारा 21.1 से चढ़कर 23.8 डिग्री सेल्सियस हो गया। दोपहर बाद बादल डेरा डाले रहे, बीच-बीच में चलती हवा से लोगों को राहत मिली। मौसम विभाग के मुताबिक, पारा 42 डिग्री तक फिर जा सकता है। हालांकि 25 से 30 किमी तक की रफ्तार से हवाएं राहत देती रहेंगी।

## दुकान से सवा लाख रुपये के तीन पैंडल लेकर युवक फरार

**कन्नौज , एजेंसी।** सराफ की दुकान में एक युवक सोने के तीन पैंडल लेकर फरार हो गया, जिनकी कीमत सवा लाख रुपये बताई गई। आसपास के लोगों ने उसका पीछा किया, लेकिन खाली हाथ रहे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल कर बदमाश को जल्द पकड़ने का आश्वासन दिया है।

गुरसहायगंज कस्बा के मोहल्ला शास्त्री नगर जीटी रोड निवासी अभिषेक कौशल की घर में कृष्णा ज्वैलर्स के नाम से सोने चांदी के आभूषणों की दुकान है। अभिषेक ने बताया कि शनिवार की दोपहर करीब एक बजे मुंह पर मास्क लगाकर एक युवक दुकान में आया।

युवक ने सोने के पैंडल दिखाने को कहा। कुछ देर पैंडल देखने के बाद युवक ने चार पैंडल मुट्ठी में दवा लिए और भाग खड़ा हुआ। अचानक हुई इस घटना से दुकानदार घबरा गया और उसने शोर मचाया, जिस पर लोगों ने युवक का पीछा किया, लेकिन वह जीटी रोड स्थित एक गेस्ट हाउस के अंदर घुसकर दीवार फांदकर भाग गया। दिनदहाड़े हुई इस घटना से मौके पर दुकानदारों की भीड़ लग गई। पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। इसके बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देखे, लेकिन इसके बाद भी युवक का कोई पता नहीं लग सका। अभिषेक ने बताया कि युवक चार पैंडल लेकर भागा था, जिसमें से एक गिर गया और तीन पैंडल लेकर फरार हो गया।

## हॉट सीट इलाहाबाद पर चुनौती के चक्रव्यूह में घिरी भाजपा, बसपा के पिछड़ा कार्ड ने उलझाया खेल

**प्रयागराज , एजेंसी।** देश को दो प्रधानमंत्री देने वाली बाद संसदीय सीट पर इस बार देश की सबसे बड़ी पंचायत का सरताज कौन बनेगा, इसे लेकर सियासी गलियारों में बहस छिड़ गई है। सांसद रीता बहुगुणा जोशी का टिकट काटकर पश्चिम बंगाल के राज्यपाल और यूपी के विधानसभा अध्यक्ष रहे पं. केशरीनाथ त्रिपाठी के पुत्र नीरज त्रिपाठी को भाजपा ने मैदान में उतारा है। दूसरी ओर सियासत के महारथी रेवती रमण सिंह के पुत्र उज्ज्वल रमण को लाकर कांग्रेस ने कड़ी चुनौती देने की कोशिश की है। इन सबके बीच बसपा के पिछड़ा कार्ड खेलने से इस सीट पर समीकरण उलझ गए हैं।



इस सीट पर अब तक की जीत का रिकॉर्ड देखें तो मुरली मनोहर जोशी तीन बार यहां से सांसद रहे। दो बार लाल बहादुर शास्त्री और दो बार रेवती रमण सिंह सांसद चुने गए। साल 1988 में हुए उपचुनाव में विश्वनाथ प्रताप सिंह ने कांग्रेस के सुनील शास्त्री को हराया और बसपा संस्थापक कांशीराम को तीसरे नंबर पर संतोष करना पड़ा था। कांशीराम ने तब पंजाब से आकर इलाहाबाद सीट से अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत की थी। यहां से वह पहला चुनाव लड़े थे।

इस बार पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवार को उतार कर बसपा ने यहां दलित, पिछड़ा और मुस्लिम का नया समीकरण बनाने की कोशिश की है। पार्टी के नेता अभिषेक गौतम कहते हैं कि सपा और भाजपा ने सवर्ण उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। इसे देखते हुए बसपा का दलित और पिछड़ा का नया समीकरण भाजपा कांग्रेस की नींद उड़ाने वाला है।

इस सीट से पहले सांसद श्रीप्रकाश स्वतंत्रता सेनानी थे और कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े थे। उनके बाद लाल बहादुर शास्त्री 1957 में यहां से सांसद चुने गए। 1973 में भारतीय क्रांति दल के जनेश्वर मिश्रा को जनता ने चुना। 1984 में अमिताभ बच्चन कांग्रेस की टिकट पर सांसद चुने। 1988 के उपचुनाव में वीपी सिंह निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में विजयी हुए। 1996, 1998 और 1999 में मुरली मनोहर जोशी ने फतह हासिल की। 2004 और 2009 में सपा के रेवती रमण सिंह यहां लगातार से चुने गए।

2014 में मोदी लहर आई तो यह सीट फिर भाजपा के खाते में चली गई। तब यहां से बीजेपी के श्यामा चरण गुप्ता को 3,13,772 वोट मिले थे। उन्होंने सपा प्रत्याशी रेवती रमण सिंह को 62,009 मतों से हराया था। तब से इस सीट पर कमल ही खिलता रहा है। 2019 के लोकसभा चुनाव में इस सीट पर प्रो. रीता बहुगुणा जोशी ने भाजपा के टिकट पर 4,94,454 मत पाकर जीत दर्ज की थीं। तब यहां से सपा-बसपा गठबंधन के राजेंद्र सिंह पटेल 310179 वोट पाकर दूसरे स्थान पर रहे। कांग्रेस के योगेश शुक्ला को यहां 31953 वोट मिले थे।

### इलाहाबाद संसदीय सीट ने दिए दो प्रधानमंत्री, कई राजनीतिक शख्सियतें भी

इलाहाबाद लोकसभा सीट ने देश को दो प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री और वीपी सिंह दिए हैं। बड़ी राजनीतिक शख्सियतों में मुरली मनोहर जोशी, जनेश्वर जैसे दिग्गज यहां से चुनाव जीते। हेमवती नंदन बहुगुणा जैसे दिग्गज को हराकर अमिताभ बच्चन भी यहां के सांसद रहे।

## संपादकीय

# शोषण का दाग

लोकतंत्र और संविधान का संदेश यही है कि भारतीय राजनीति में जनसेवा के अलावा और किसी अन्य कार्य के लिए कोई स्थान नहीं है। सेवा की प्रधानता के बावजूद हासन के निवर्तमान सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ लगे यौन शोषण के आरोप बहुत गंभीर और शर्मनाक हैं। रेवन्ना देश के पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा के पौत्र हैं और उन पर ऐसे आरोप लगे हैं कि उन्हें अब कोई भी कुल का दीपक नहीं कहेगा। दबी जुबान में रेवन्ना की हरकतों की चर्चा पहले भी होती होगी, पर इन दिनों भाजपा के एक नेता के पत्र ने बहुतों को झकझोर कर रख दिया है। भाजपा के यह नेता काफी दिनों से प्रयासरत थे कि रेवन्ना को फिर टिकट न मिले। कहा जा रहा है कि भाजपा नेता देवराजे गौड़ा ने हासन लोकसभा सीट के लिए एनडीए उम्मीदवार के रूप में रेवन्ना के नाम की घोषणा से पहले ही भाजपा के स्थानीय नेताओं को प्रमाण के साथ सूचित कर दिया था, पर रेवन्ना के खिलाफ शिकायतों को दरकिनार कर चुनाव लड़वाया जा रहा है। कुछ ऐसे वीडियो भी बताए जा रहे हैं, जिनसे रेवन्ना के खिलाफ मामला बनता है, उसके बावजूद उन्हें लोकसभा चुनाव के लिए टिकट दिया गया। जनता दल-सेकुलर के इस नेता पर लगे आरोप अगर सच हैं, तो फिर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। हमारा समाज ऐसे मुकाम पर आ गया है, जहां हम किसी महिला के साथ न तो ज्यादती की बात सुन सकते हैं और न किसी को करने दे सकते हैं। कोई अचरज नहीं कि आज सवालों का अंबार लग गया है। रेवन्ना जैसे युवा राजनीति में क्या कर रहे हैंदेहरादून, रविवार 05 मई 2024 ऐसे युवाओं को राजनीति में कौन आगे बढ़ा रहा हैदेहरादून, रविवार 05 मई 2024 क्या जीत का मजबूत समीकरण किसी नेता के चरित्र से ज्यादा महत्वपूर्ण हैदेहरादून, रविवार 05 मई 2024 ऐसे कौन नेता हैं, जो सब कुछ जानने के बावजूद रेवन्ना के पक्ष में खड़े हैंदेहरादून, रविवार 05 मई 2024 जनता दल-सेकुलर के लिए यह शर्मनाक पल है। गठबंधन की राजनीति की वजह से ही ऐसे दलों का महत्व बना हुआ है, वरना सेवा की जिम्मेदारी के साथ ऐसा खिलवाड़ भला कौन बर्दाश्त करेगादेहरादून, रविवार 05 मई 2024 ऐसा नहीं है कि किसी पार्टी का दामन बिल्कुल साफ है, अत- हरेक पार्टी को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। भारतीय राजनीति में इस तरह के दाग वाले कितने नेता हैंदेहरादून, रविवार 05 मई 2024 अब अगर कथित तौर पर प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े वीडियो क्लिप प्रसारित होने लगे हैं, तो वर्तमान कनार्टक सरकार इस पूरे मामले को गंभीरता से ले। ध्यान रहे, रेवन्ना के खिलाफ शिकायत कुछ महिलाओं के शोषण तक सीमित नहीं है,।

# पार्टी के रुख पर सवाल

ऐन चुनावों के बीच जिस तरह के संगीन आरोप लगे और विवाद खड़ा हुआ, उसके बाद हासन लोकसभा सीट से मौजूदा सांसद, इन चुनावों में प्रत्याशी और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ की गई जेडीएस की कार्रवाई स्वाभाविक ही कही जाएगी। लेकिन सवाल यह है कि अगर अभी कर्नाटक में वोटिंग बाकी न होती और विपक्षी कांग्रेस के साथ ही सहयोगी बीजेपी का भी दबाव न होता, तब भी क्या पार्टी नेतृत्व का यही रवैया होता?देरी क्यों- मंशा पर सवाल इसलिए उठ रहे हैं क्योंकि इस मामले की सुगबुगाहट पिछले साल जून से थी। तब प्रज्वल रेवन्ना ने अदालत का रुख किया था। उन्होंने कोर्ट से मांग की थी कि उनसे जुड़े कुछ फेक विडियो हैं, जिन्हें पब्लिश करने से मीडिया संस्थानों को रोका जाए। कर्नाटक में भाजपा का जेडीएस के साथ गठबंधन है। हासन के एक स्थानीय भाजपा नेता ने आम चुनाव से पहले अपनी पार्टी को इस मामले की जानकारी देते हुए आगाह किया था कि प्रज्वल और उसके पिता एचडी रेवन्ना को टिकट नहीं मिलना चाहिए। विडियो सामने आने के बाद जेडीएस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सीएम एचडी कुमारस्वामी की प्रतिक्रिया भी निराश करने वाली रही। उन्हें इस मामले में बड़ी बात यही दिखी कि विडियो हासन में वोटिंग के पहले क्यों रिलीज किए गए। साथ ही, उनकी चिंता थी कि केस से देवेगौड़ा का नाम न जोड़ा जाए। आरोपी प्रज्वल ने जब विडियो पब्लिश होने से रोकने के लिए अदालत का रुख किया तो उनकी भी चिंता अपनी इमेज को लेकर थी। इन सबके बीच पीड़ित महिलाओं का दर्द कहीं खो जाता है। क्या उनकी इमेज के कोई मायने नहीं? सबसे दुखद पहलू यह है कि इस पूरे प्रकरण का घटनाक्रम चौंकाता नहीं है। यह आम बात लगने लगी है - ताकतवर नेता, मजबूर महिलाएं और कमजोरों की अनदेखी करने वाला सिस्टम। हाल के कितने सारे मामले ध्यान में आ जाते हैं।

# इंटरनेट मीडिया की त्रासदी- अमित शाह का फेक वीडियो, आरक्षण और सियासी आंच

(कमलेश पांडे)

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के एडिट किये गए वीडियो मामले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की इंटेलीजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रेटेजिक ऑपरेशन्स (आईएफएसओ) यूनिट ने कांग्रेस नेता और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को पूछताछ के लिये 1 मई को दिल्ली बुलाया है। तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव से पहले फेक वीडियो के माध्यम से जिस तरह से भाजपा को एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण का विरोधी साबित करने की कोशिश की गई, वह अपने आपमें इंटरनेट मीडिया की उपयोगिता और प्रासंगिकता पर एक यक्ष प्रश्न है! सच कहूं तो यह इंटरनेट मीडिया की त्रासदी है, जिसके खिलाफ प्रिंट मीडिया जैसे सख्त और प्रभावशाली नियमन की दरकार है। दरअसल, इस फेक वीडियो में केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के दिग्गज रणनीतिकार अमित शाह को आरक्षण को खत्म करने का ऐलान करते हुए दिखाया गया है। जबकि हकीकत यह है कि असली वीडियो में अमित शाह एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण को बनाए रखने की बात कहते हैं। यही वजह है कि अमित शाह का फेक वीडियो प्रसारित होने के बाद गृह मंत्रालय ने दो दिन पहले दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा को शिकायत दी। जिसके बाद दिल्ली पुलिस आयुक्त के निर्देश पर आईएसएफओ यूनिट ने धारा-153 (दंगा भड़काने के इरादे से उकसाना), 153 ए (धर्म, जाति, जन्मस्थान, निवास, भाषा आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच वैमनस्यता बढ़ाना), 465 (जालसाजी), 469 (पार्टी की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने) और 171 जी (चुनाव परिणाम प्रभावित करने के इरादे से गलत बयान प्रकाशित करना) में केस दर्ज किया है। वहीं, इस मामले पर चिंता जताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत दिनों महाराष्ट्र के सतारा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि 21 वीं सदी में टेक्नोलॉजी का बड़ा उपयोग और महत्व है। मैंने इंटरनेट मीडिया का उपयोग हमेशा जनता-जनार्दन से जुड़ने के लिए किया है, मगर आजकल एक बात परेशान करने वाली है। जो लोग भाजपा और राजग से सच्चाई, मुद्दों और अपने काम के आधार पर आमने-सामने राजनीतिक लड़ाई नहीं लड़ पा रहे हैं, वे अब इंटरनेट मीडिया पर फेक वीडियो फैला रहे हैं। वे हमारी पार्टी के नेताओं की आवाज में फर्जी वीडियो बनाकर गलत संदेश फैला रहे हैं। ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत है। आपको जब भी फेक वीडियो मिले, पुलिस को तुरंत सूचित करें। बहरहाल, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के एडिट किये गए वीडियो मामले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की इंटेलीजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रेटेजिक ऑपरेशन्स (आईएफएसओ) यूनिट ने कांग्रेस नेता और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को पूछताछ के लिये 1 मई को दिल्ली बुलाया है। पुलिस ने उन्हें स्वयं द्वारा प्रयोग किये जाने वाले सभी इलेक्ट्रॉनिक गैजेट भी साथ लेकर आने को कहा है, क्योंकि रेड्डी ने भी एक एडिट वीडियो को एक्स पर पोस्ट किया था। इतना ही नहीं, दिल्ली पुलिस ने रेवंत रेड्डी समेत तेलंगाना के छह लोगों को नोटिस भेजा है, जिसमें तेलंगाना कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनुमुला रेवंत रेड्डी, माने सतीश, नवीन, शिवशंकर, अस्मा तस्लीम भी शामिल हैं। इस मामले की जांच के लिए दिल्ली पुलिस की एक टीम हैदराबाद पहुंच चुकी है और एक शख्स को हिरासत में लिया है। वहीं, इस मामले में असम पुलिस ने एक व्यक्ति रीतम सिंह को गिरफ्तार किया है, जो कांग्रेस से जुड़ा है और पार्टी के वार रूम कोऑर्डिनेटर के रूप में काम करता है। इस मामले में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने कहा कि वह दिल्ली पुलिस के नोटिस से डरेंगे नहीं। कर्नाटक के सेदम में कांग्रेस की एक रैली में रेड्डी ने आरोप लगाया कि उन्हें जानकारी मिली है कि दिल्ली पुलिस के अधिकारी हैदराबाद में तेलंगाना कांग्रेस मुख्यालय पहुंच गए हैं। उनके पास नोटिस था, जिसमें बताया गया था कि वह तेलंगाना कांग्रेस के अध्यक्ष और तेलंगाना के मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करेंगे। इसका मतलब है कि नरेंद्र मोदी जी चुनाव जीतने के लिए ईडी, आयकर विभाग, सीबीआई का दुरुपयोग बन्द करके अब दिल्ली पुलिस का दुरुपयोग कर रहे हैं। मगर यहां कोई डरने वाला नहीं है। यहां लोग इसका जवाब देंगे। भाजपा तेलंगाना और कर्नाटक का चुनाव हारेगी। इससे साफ है कि लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण से पहले आरक्षण का मुद्दा गरमा गया है। भाजपा के सत्ता में आने के बाद संविधान बदलने और एससी, एसटी व ओबीसी आरक्षण समाप्त करने के कांग्रेस के हमले की काट के लिए भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। पार्टी ने यूपी के पूर्व डीजीपी व सांसद बृजलाल को मैदान में उतारा है। बृजलाल ने कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों को वंचित, आरक्षण, बाबा साहेब अंबेडकर और संविधान का विरोधी बताया। उन्होंने 1961 में तत्कालीन पीएम जवाहरलाल नेहरू के सभी मुख्यमंत्रियों को लिखे पत्र का हवाला देते हुए कहा, कांग्रेस को शुरू से आरक्षण पसंद नहीं है। भाजपा सांसद बृजलाल ने एक कदम और आगे बढ़कर भाजपा के खिलाफ संविधान बदलने के आरोप को अफवाह बताते हुए कहा, कांग्रेस ने संविधान में सबसे ज्यादा बदलाव किया है। कांग्रेस सिर्फ भीम-मीम का ढोंग करती है, जबकि उसके दिल में सिर्फ मीम-मीम है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आंध्रप्रदेश में ओबीसी कोटा कम कर मुसलमानों को आरक्षण दिया। उसी तरह से कर्नाटक में भी ओबीसी का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को दे दिया। वहीं, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव व भाजपा मीडिया विभाग के प्रमुख अनिल बलूनी के नेतृत्व में भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के डीप फेक वीडियो को लेकर केंद्रीय चुनाव आयोग के अधिकारियों से शिकायत दर्ज कराई है। साथ ही चुनाव प्रचार में डीप फेक से जुड़े कई मामले भी आयोग के सामने पेश किए हैं। ऐसे में स्वाभाविक सवाल है कि जिस तरह से इंटरनेट मीडिया/सोशल मीडिया पर मीडिया मानकों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, वह समकालीन लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय है। मेरा स्पष्ट मानना है कि प्रिंट मीडिया हेतु बनाये हुए कानून ही टीवी मीडिया और वेब मीडिया/सोशल मीडिया पर लागू किया जाए और उसे अधिक उपयोगी, प्रासंगिक तथा व्यवहारिक बनाने के लिए उसमें कुछ नई धाराएं जोड़ दी जाएं। ऐसा करके ही हमलोग समाज को नैतिक महामारी की जद में जाने से रोक सकते हैं। खासकर फेक वीडियो मामले में पिक एंड चूज कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। जैसा कि अबतक महसूस किया जाता है। इस मंच से अश्लीलता का भी सफाया होना चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व स्तम्भकार)

> *कर्नाटक के सेदम में कांग्रेस की एक रैली में रेड्डी ने आरोप लगाया कि उन्हें जानकारी मिली है कि दिल्ली पुलिस के अधिकारी हैदराबाद में तेलंगाना कांग्रेस मुख्यालय पहुंच गए हैं। उनके पास नोटिस था, जिसमें बताया गया था कि वह तेलंगाना कांग्रेस के अध्यक्ष और तेलंगाना के मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करेंगे। इसका मतलब है कि नरेंद्र मोदी जी चुनाव जीतने के लिए ईडी, आयकर विभाग, सीबीआई का दुरुपयोग बन्द करके अब दिल्ली पुलिस का दुरुपयोग कर रहे हैं।*

# शिशु आहार से मसालों तक शिकायत

**(के श्रीनाथ रेड्डी, प्रोफेसर, जन स्वास्थ्य, पीएचएफआई)**

अमेरिकी लेखक और पर्यावरणविद वेंडेल बेरी की एक तल्ख टिप्पणी आज बड़ी मौजूं है, 'लोगों को ऐसे खाद्य उद्योग द्वारा भोजन दिया जाता है, जो सेहत पर कोई ध्यान नहीं देता है ...और उनका इलाज ऐसे स्वास्थ्य उद्योग द्वारा किया जाता है, जो भोजन पर कोई ध्यान नहीं देता है।' साफ शब्दों में कहें, तो खाद्य उद्योग लोगों की सेहत के प्रति और स्वास्थ्य उद्योग लोगों के पोषण के प्रति लापरवाह है। जो लोग जन स्वास्थ्य के महत्व को समझते हैं, वे पोषण का महत्व भी अच्छी तरह जानते हैं। ऐसे विशेषज्ञ सेहत पर मंडराते खतरों और खाद्य उद्योग की भूमिका को लेकर सतर्क हैं। आजकल जैसे उत्पाद बाजार से हमारे निवाले तक पहुंच रहे हैं, उनको लेकर बड़ी चिंता जताई जा रही है। एक हालिया रिपोर्ट पर नाराजगी है कि नेस्ले कंपनी भारत और कई अन्य विकासशील देशों में ऐसे शिशु आहार बेच रही है, जिसमें यूरोप में बेचे जा रहे शिशु आहार की तुलना में शर्करा की मात्रा ज्यादा है। जब यह रिपोर्ट सामने आई, तब हांगकांग व सिंगापुर की नियामक एजेंसियों ने दो भारतीय कंपनियों के कुछ मसालों पर रोक लगा दी, इससे भी चिंता की लहर दौड़ गई। नेस्ले के शिशु आहार (सेरेलैक) पर रिपोर्ट एक स्विस गैर-सरकारी संगठन पब्लिक आई द्वारा जारी की गई है, जिसने इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क के साथ मिलकर यह शोध किया है। दरअसल, नेस्ले कंपनी मातृ-दूध का विकल्प पेश करने का दावा करती है। तमाम स्वास्थ्य अधिकारी जिंदगी के पहले छह महीनों तक केवल मां का दूध पिलाने की सलाह देते हैं, क्योंकि इससे आदर्श पोषक संरचना, प्रतिरक्षा बढ़ाने वाले गुण और बच्चे की आंत में एक स्वस्थ माइक्रोबायोम के विकास में मदद मिलती है। जो कंपनियां मातृ-दूध के विकल्प को बढ़ावा देकर व्यावसायिक अभियान चलाती हैं, वे दरअसल मां और शिशु के स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी सोच को कमजोर करती हैं। कंपनियों ने प्रचार कर रखा है कि मां के दूध के बिना भी शिशु पोषण संभव है। आखिर, यह शिशु आहार संबंधी विवाद क्यों हैदेहरादून, रविवार 05 मई 2024 क्या खाद्य उद्योग खाद्य पदार्थों में शर्करा की मात्रा बढ़ाते हुए स्वास्थ्य संबंधी खतरे की ओर से अपनी आंखें बंद कर ले रहा हैदेहरादून, रविवार 05 मई 2024 यदि हां, तो वह पश्चिमी यूरोप में ऐसा न करने को लेकर क्यों सावधान हैदेहरादून, रविवार 05 मई 2024 वह भारत सहित अनेक विकासशील देशों में ऐसा करने के लिए क्यों आजाद महसूस करता हैदेहरादून, रविवार 05 मई 2024 क्या ऐसा इसलिए है, क्योंकि राष्ट्रीय नियामक एजेंसियों की क्षमता में अंतर हैदेहरादून, रविवार 05 मई 2024 यूरोप की खाद्य नियामक एजेंसियां ज्यादा सतर्क हैं। वे खाद्य पदार्थों की कड़ाई से निगरानी करती हैं और कानूनों को सही ढंग से लागू करती हैं। यूरोपीय नियामक खाद्य सामग्रियों की स्वतंत्र जांच में सक्षम हैं और कार्रवाई करने के लिए भी ज्यादा स्वतंत्र हैं। ध्यान रहे, शिशु आहार में उच्च शर्करा मोटापे की वजह बन सकती है। उच्च शर्करा की शिकायत आगे चलकर मधुमेह में बदल सकती है। चूंकि उच्च शर्करा का सेवन एक लत में बदल जाता है, तो बच्चा अधिक आहार की मांग करता है, जिससे शरीर में वसा की मात्रा बढ़ जाती है, जिससे कमजोर मांसपेशियों का विकास होता है। इससे एक चुस्त, सेहतमंद और आर्थिक रूप से उत्पादक पीढ़ी की उम्मीद धूल में मिल जाती है। यह वही पीढ़ी है, जो हमारे भविष्य की प्रगति की ध्वजवाहक बन सकती है। यहां मसाला से जुड़ी कहानी अलग है। कथित तौर पर हांगकांग और सिंगापुर में नियामक एजेंसियों ने भारतीय मसालों में एथिलीन ऑक्साइड नाम का रासायनिक कैंसर कारक तत्व पाया है। इन दोनों देशों में प्रतिबंध के बाद, मीडिया ने बताया है कि सितंबर 2020 और अप्रैल 2024 के बीच यूरोपीय खाद्य सुरक्षा प्राधिकरण (ईएफएसए) ने 527 भारतीय खाद्य उत्पादों में इस रसायन का पता लगाया था। इसका उपयोग मसालों को सुगंधित बनाने के लिए भी किया जाता है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 2361

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | 4 | 7 | | | 3 | 6 |
| | | | | 8 | | | 2 | 9 |
| | 1 | | 2 | | | | 5 | 7 |
| 7 | 6 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 1 | 5 |
| 6 | 9 | | | | 1 | | 4 | |
| 8 | 2 | | | 5 | | | | |
| 1 | 4 | | | 6 | 9 | 7 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 2360

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 7 | 4 | 2 | 3 | 1 | 8 | 9 |
| 8 | 1 | 4 | 9 | 5 | 6 | 2 | 7 | 3 |
| 3 | 9 | 2 | 1 | 8 | 7 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 4 | 6 | 8 | 7 | 2 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 8 | 1 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 | 8 |
| 4 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 6 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 | 2 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 4 |

## वर्ग पहेली 5361

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | |
| 8 | 9 | | ■ | | ■ | 10 | |
| 11 | | ■ | 12 | | 13 | ■ | |
| 14 | | 15 | ■ | ■ | | ■ | ■ |
| ■ | 16 | | 17 | | | ■ | 18 |
| 19 | | | | ■ | ■ | 20 | |
| | ■ | 21 | | | | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. निर्धनों की निरपेक्ष संख्या के मामले मं भारत के इस प्रदेश का स्थान सबसे ऊपर है (6)
6. गायिका-अभिनेत्री, सुलक्षण पंडित के दौ भाईयो में से एक जो गायक-संगीतकार है (3)
7. सर्वदा, हमेशा, लगातार, प्रतिध्वनि (2)
8. यह विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है (3)
10. प्रेम, प्यार, इश्क, मुहब्बत (2)
11. पराग के कण, धूल, गर्द (2)
12. गाय के दूध को यह भी कहते है (3)
14. मुर्गे की जाति का एक पक्षी (3)
16. केसरी नंदर, हनुमान (5)
19. अंदाज, कयास, अनुमान (4)
20. राजा का मुकुट, शिखा (2)
21. अभिमान मर्दित होना (6)

**ऊपर से नीचे**

1. ये भाजपा महिला नेत्री मध्यप्रदेश की मुख्यमंत्री रह चुकी है (5)
2. चांदी, उजला, उज्जवल, रूपक (3)
3. दर से, दिशा में, भाव से (2)
4. देने वाला, देयी, कर्जदार (4)
5. दक्षिण भारत की एक प्रमुख नदी जिसे दक्षिण की गंगा भी कहते है (4)
7. सिलवट, सिकुडन, शिकन, तह (2)
9. वह पर्दा जिस पर चल-चित्र बताए जाते है सिनेमा का पर्दा (5)
13. सभी स्थान पर, सभी जगह पर (3)
15. दौड़ना, लपकना, उमंगना, उछलना (4)
17. शरीर की सबसे बड़ी हड्डी फीमर को यह भी कहते है (3)
18. अलंकृत होना, संवरना, प्रेमी, बलम (3)
19. एक सूर्यवंशी राजा जो दशरथ के पिता थे (2)
20. एक लंबा पेड़ जो केवल सिरे पर पत्ते धारण करता है, तरूराज, दीर्घतरू (2)

### वर्ग पहेली 5360 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ऊ | ध | म | सिं | ह | ■ | द | म |
| त | न | ना | ■ | स | ह | म | त |
| क | ■ | व | जी | र | ■ | न | ■ |
| ■ | आ | न | ■ | त | री | का | ■ |
| मा | ल | ■ | रो | ज | ■ | री | ति |
| त | म | क | ■ | य | क्ष | ■ | थि |
| ■ | आ | ब | ■ | पु | त | ली | ■ |
| ता | रा | ■ | गौ | री | ■ | मा | त्र |

# आज का राशिफल

### मेष
आज आपका जीवन सुखमय होगा। आपके धन और पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आज किसी मामले में आपको तनाव हो सकता है। परीक्षा की दिशा में किया गया श्रम सार्थक होगा। विरोधी परास्त होंगे और आपको धन लाभ होगा। आपके लिए कारोबार में वृद्धि के योग बन रहे हैं। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। वाहन प्रयोग में सावधानी रखें।

### वृष
आज आपके धन पराक्रम में वृद्धि के योग हैं। आज के दिन विरोधियों से सावधान रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा और आपका काफी समय से रुका कोई कार्य संपन्देहरादून, रविवार 05 मई 2024न होगा। किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी की आशंका है। संभलकर रहें। फिजूलखर्ची पर नियंत्रण रखें।

### कर्क
आज का दिन विजय कारक है। पुराने झगड़े झंझटों से मुक्ति मिलेगी। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। किसी कार्य के सम्पन्न होने से आपके स्वभाव और वर्चस्व में वृद्धि होगी। ससुराल पक्ष से तनाव मिलेगा। ऑफिस में लोगों के साथ आपके संबंध पहले से मधुर होंगे

### सिंह
आज आपको शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। किसी अभिन्न मित्र से मिलाप हो सकता है। आय और व्यय में संतुलन बनाकर रखें। आज आपको किसी कारण से दूर की यात्रा पर जाना पड़ सकता है। यात्रा पर जाने से आपके कार्य सफल होंगे और मन के अनुसार परिणाम मिलने से प्रसन्देहरादून, रविवार 05 मई 2024नता होगी।

### मिथुन
आज का दिन सफलता से भरा होगा। आपके सुख के साधनों में वृद्धि होगी और आप गृहोपयोगी वस्तुओं की खरीद पर खर्च करेंगे। आपको ऑफिस में किसी सहयोगी से तनाव मिल सकता है और आपका झगड़ा हो सकता है। आपको धन के लेनदेन में बहुत सावधानी रखने की जरूरत है।

### कन्या
आज आपके पुरुषार्थ और पराक्रम में वृद्धि के योग बन रहे हैं। बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलने की संभावना है। आर्थिक दिशा में किए गए प्रयास सफल होंगे। खान-पान पर संयम रखें। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। आज आपको किसी मामले में झगड़े और विवाद से बचने की जरूरत है।

### तुला
आज रुपये-पैसे के मामले में फैसला काफी सोचकर करने की जरूरत है। आपके विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। आपको कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आपको शाम के वक्देहरादून, रविवार 05 मई 2024त कोई अच्देहरादून, रविवार 05 मई 2024छी सूचना मिल सकती है।

### वृश्चिक
आज का दिन मिलाजुला होगा और आज आपके अंदर कुछ विशेष कर दिखाने की उधेड़बुन रहेगी। आपका मन नहीं लगेगा। आर्थिक दिशा में सफलता मिलेगी। वाणी की सौम्यता और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी और आपके कार्य सफल होंगे। खान-पान में संयम रखें। किसी से फालतू बातें न करें और अपने काम पर फोकस करें। ससुराल पक्ष से लाभ होगा।

### मकर
आज आर्थिक लाभ होगा और पुराने कर्ज से मुक्ति मिलेगी। व्यावसायिक दिशा में सफलता मिलेगी। खान-पान में संमय रखें, वरना आप बीमार पड़ सकते हैं। अनावश्यक व्यय का सामना करना पड़ सकता है। विरोधियों का अंत होगा और आपको सफलता मिलेगी। रोजी रोजगार में सफलता मिलेगी। बेहतर होगा कि आप मेहनत से काम करें।

### कुंभ
आज का दिन आर्थिक मामलों में सफलता से भरा होगा। विरोधी आपका कुछ नहीं बिगाड़ पाएंगे। वाणी की सौम्यता आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि करेगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खान-पान में संयम बरतें। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। आपके धन में वृद्धि के योग हैं। आपको अचानक से कहीं से रुका धन मिल सकता है।

### धनु
आज आपके सभी प्रयास सफल होंगे। काम की अधिकता से आपको लाभ होगा। काम की अधिकता के चलते आप परिवार के लोगों को समय नहीं दे पाएंगे। इसके लिए आपको थोड़ा सा समय का सही से प्रबंधन करने की जरूरत है। किसी भी प्रकार के विवाद में उलझना सही नहीं है। राजनीतिक सहयोग मिलेगा।

### मीन
आज का दिन आपके लिए सफलता से भरा होगा। आज आप विवेक का प्रयोग करके जो फैसले लेंगे उससे आपको लाभ होगा। आपको रोजी रोजगार की दिशा में सफलता मिलेगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। दूसरों से सहयोग लेने में सफल होंगे। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद और लाभप्रद होगी। आज आपकी प्रियजनों से भेंट संभव है।

# अधिक उत्पादन के लिए मिट्टी परीक्षण आवश्यक

## मिट्टी परीक्षण का महत्व

अत्यधिक एवं असंतुलित उर्वरकों तथा कृषि रसायनों के प्रयोग से खेत की मिट्टी मृत हो रही है या उत्पादन क्षमता घट रही है। जिन क्षेत्रों में अधिक उपज देने वाली उन्नत या संकर किस्में उगाई जाती हैं वहां मिट्टी में आवश्यक पोषक तत्वों की कमी बहुत तेजी से होती है अत: भरपूर उत्पादन लेने के लिए खेत की मिट्टी में उपलब्ध तत्वों की मात्रा एवं मिट्टी का स्वास्थ्य जानने के लिए मिट्टी परीक्षण करना आवश्यक हो जाता है।



## मिट्टी परीक्षण की आवश्यकता क्यों?

भूमि में पौधे का भोजन पोषक तत्वों के रुप में उपस्थित रहता है जिन्हें पौधा लगातार लेता रहता है। यदि यह पौध पौषक तत्व काफी समय तक भूमि को नहीं दिये जाएं तो भूमि में प्राकृतिक रुप से उपस्थित पोषक तत्वों की कमी होने लगती है। जब ये आवश्यक पोषक तत्व पौधों का उपलब्ध नहीं होते हैं तो फसल की उपज में कमी आती है और भूमि की उर्वराशक्ति का संतुलन भी बिगड़ जाता है।

उदाहरण के लिए फसल में नत्रजन की आवश्यकता से अधिक मात्रा तथा स्फुर एवं पोटाश की कम मात्रा प्रयोग करने से फसल की वानस्पतिक बढ़वार तो बहुत अधिक होती है, पत्तियां गहरी हरी आकार में बड़ी तथा फसल देर से पकती है, लेकिन स्फुर एवं पोटाश की कम मात्रा के कारण फूल व फलों का विकास नहीं हो पाता है, दाना चमकदार नहीं होता है तथा कभी–कभी तो फसल में बिल्कुल फूल एवं फल नहीं बनते हैं फसल की कीट–व्याधियों से लड़ने की प्रतिरोधी शक्ति विकसित नहीं होती है तथा तना मजबूत न होने के कारण फसल तेज हवा या वर्षा से शीघ्र गिर जाती है। इसके विपरीत यदि फसल में नत्रजन की मात्रा कम तथा स्फुर एवं पोटाश की अधिक मात्रा प्रयोग की जाती है तो फसल की वानस्पतिक बढ़वार अच्छी तरह नहीं हो पाती है, पत्तियों का रंग हल्का हरा या पीला होता है लेकिन स्फुर तथा पोटाश की अधिकता के कारण फसल में फूल एवं फल शीघ्र आते हैं तथा फसल जल्दी पक जाती है लेकिन अच्छी पैदावार प्राप्त नहीं होती है। अत: इन पोषक तत्वों का एक निश्चित अनुपात में संतुलित उपयोग होना चाहिए अन्यथा उपज में तो कमी आएगी ही साथ ही भूमि की उर्वराशक्ति का ह्रास भी होगा। फसलों की औसत उपज में स्थिरता व भूमि की उर्वराशक्ति में कमी के लिए उर्वरकों के असंतुलित उपयोग को भी एक कारण माना जा रहा है। किसी भी एक तत्व की कमी या अधिकता से फसल की पैदावार पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। यदि इन तत्वों को सही अनुपात में प्रयोग नहीं किया जाता है तो जो खर्च इन तत्वों की पूर्ति हेतु उर्वरक के रुप में किया जाता है वह सब व्यर्थ होने की पूरी–पूरी सम्भावना रहती है। इन समस्याओं के निराकरण हेतु यह आवश्यक है कि मिट्टी में उपलब्ध तत्वों की पूर्ण जानकारी मिट्टी परीक्षण द्वारा प्राप्त कर विभिन्न फसलों की आवश्यकतानुसार निशचित मात्रा में उर्वरक फसल में दिए जायें। साथ ही लक्षित उत्पादन प्राप्त करने, उर्वरकों की उपयोगिता क्षमता में वृद्धि के लिए, समस्याग्रस्त अम्लीय व क्षारीय मिट्टी के सुधार हेतु एवं विभिन्न क्षेत्रों के लिए मिट्टी उर्वरता मानचित्र तैयार करने के लिए मिट्टी की जांच कराई जाना बहुत आवश्यकता होती है।

## मिट्टी नमूना लेने के लिए आवश्यक साम्रगी

- मिट्टी खोदने के औजार जैसे गैंती, फाबड़ा, खुरपी।
- नमूना एकत्र करने के लिए तगारी या पॉलीथिन।
- नमूना सुखाने के लिए साफ कपड़ा या पुराने अखबार।
- नमूना रखने के लिए 500 ग्राम क्षमता वाली साफ पॉलीथिन या कपड़े की थैली।
- नमूने के बारे में सूचना–पत्र।।

## मिट्टी परीक्षण क्या है?

मिट्टी में उपलब्ध पोषक तत्वों के वैज्ञानिक विश्लेषण को मिट्टी परीक्षण कहते हैं। मिट्टी परीक्षण के अंतर्गत मुख्य रुप से नत्रजन, स्फुर, पोटाश, पीएच एवं घुलनशील लवणों का निर्धारण किया जाता है। इन विश्लेषणों के आधार पर उर्वरकों का सही एवं संतुलित प्रयोग कर अधिक पैदावार प्राप्त की जा सकती है। मिट्टी परीक्षण एक ऐसी युक्ति है जिसके द्वारा संतुलित उर्वरकों के उपयोग से उर्वरकों पर बढ़ते खर्च को कम कर अधिक पैदावार प्राप्त की जा सकती है। साथ ही मिट्टी परीक्षण से पता चलता है कि खेत में किसी भूमि सुधारक रसायन जैसे जिप्सम अथवा चूने की आवश्यकता है कि नहीं। यदि है तो भूमि सुधारक रसायन की कितनी मात्रा डालनी चाहिए।

## मिट्टी परीक्षण हेतु प्रतिनिधि नमूना तैयार करना

मिट्टी परीक्षण एक तकनीकी विषय है। मिट्टी परीक्षण हेतु लगभग एक हैक्टेयर क्षेत्र से आधा किलो मिट्टी का प्रतिनिधि नमूना तैयार किया जाता है जो पूरे क्षेत्र की पोषक तत्वों की उपलब्धता को प्रकट कर सके। अत: मिट्टी का प्रतिनिधि नमूना बहुत की सावधानी से तैयार करना चाहिए। अन्यथा पूरी मेहनत व्यर्थ हो जाती है तथा मिट्टी परीक्षण की कोई उपयोगिता नहीं रह जाती है।

## प्रतिनिधि मिट्टी नमूना तैयार करने की विधि

सर्वप्रथम खेत को उसकी स्थिति (समतल, ऊंची, नीची, ढ़लान) एवं मिट्टी की किस्म के अनुसार बांट लें। फिर नमूना लेने के स्थान की ऊपरी सतह को साफ कर खुरपी की सहायता से लगभग 15 सेंमी (6 इंच) की गहराई तक अंग्रेजी के (V) के आकार का गढ्डा खोदकर मिट्टी निकालकर फेंक दें फिर दोनों किनारों से 6 इंच गहराई तक 2 इंच मोटाई की मिट्टी लेकर तगारी या पॉलीथिन में एकत्र कर लें। उपरोक्त विधि से एक हेक्टेयर खेत में से लगभग 8 से 10 जगह से यादृच्छिक रेन्डम विधि से मिट्टी लेकर एक साफ पॉलीथिन पर एकत्र कर लें। फिर मिट्टी को अच्छी तरह मिलाएं तथा उसको पॉलीथिन पर गोलाई में समान रुप से फैलाएं। उंगली से इसे चार भागों में विभाजित करें तथा चार भागों में से किन्हीं दो आमने–सामने वाले भाग की मिट्टी को अलग निकाल दें। शेष बचे दो भागों की मिट्टी को लेकर फिर से गोलाई में समान रुप से फैलाए तथा पुन: चार भागों में विभाजित कर आमने–सामने के किन्हीं दो भागों की मिट्टी एकत्र करें। पुन: इसी क्रिया को तब तक दोहराएं जब तक कि लगभग 500 ग्राम मिट्टी शेष रह जाए। इस नमूने को प्रतिनिधि नमूना कहते हैं। इस नमूने की मिट्टी को साफ कपड़े या पुराने अखबार पर रखकर छाया में सुखाकर साफ पॉलीथिन या कपड़े की थैली में भर लें। अब मिट्टी परीक्षण के लिए सूचना–पत्र में जानकारी दो प्रतियों में भरकर सूचना–पत्र की एक प्रति मिट्टी नमूने की थैली के भीतर तथा दूसरा प्रति थैली के मुंह पर धागे की सहायता से संलग्न कर दें। इस प्रकार से तैयार मृदा नमूने को मिट्टी नमूने को मृदा परीक्षण प्रयोगशाला में परीक्षण हेतु भिजवाएं।



## मृदा नमूना तैयार करते समय ध्यान में रखने योग्य बिन्दु


- मिट्टी नमूने को खाद की खाली थैली में एकत्र नहीं करना चाहिए।
- प्रत्येक खेत का अलग–अलग नमूना लेना चाहिए।
- यदि एक ही खेत में फसल की पैदावार एक समान न हो तो खेत को उर्वराशक्ति के अनुसार विभाजित कर अलग–अलग नमूना लेना चाहिए।
- एक मिट्टी नमूना अधिक से अधिक 1 हेक्टेयर क्षेत्रफल से तैयार करना चाहिए।
- विश्लेषण हेतु तैयार किया मिट्टी नमूना खेत से लगभग 8–10 जगह से मिट्टी लेकर बनाना चाहिए।
- मेड़ों के किनारे, वृक्षों के नीचे की जगह, खलिहान बनाई गई जगह, खाद के गड्ढे की जगह, सिंचाई की नाली की जगह, दलदल की जगह आदि से मिट्टी नमूना एकत्र नहीं करना चाहिए।
- सूक्ष्म पोषक तत्वों की जांच के लिए मिट्टी नमूना लेने में पीतल, कांसा या गेल्वनाइज्ड औजार उपयोग में नहीं लाने चाहिए क्योंकि उनका तांबा या जस्ता नमूने को दूषित कर देगा।
- बागवानी के लिए मिट्टी के 2 मीटर तक गहराई की जांच करानी चाहिए।
- ऊसर भूमि में क्षार व नमक की मात्रा मौसम के अनुसार भूमि की सतह पर घटती–बढ़ती रहती है। इसलिए ऐसे समस्याग्रस्त खेतों की मिट्टी का नमूना 100 सेमी गहराई तक लेना चाहिए।

## मिट्टी नमूना लेने का समय

- गर्मियों में रबी फसल की कटाई के बाद से लेकर खरीफ फसल की बुवाई के पहले तक कभी भी मिट्टी नमूना लिया जा सकता है।

## मिट्टी परीक्षण कहां कराएं?

उपरोक्त विधि से लिए गए प्रतिनिधि मिट्टी नमूने का परीक्षण निकटतम कृषि विज्ञान केन्द्र या कृषि विभाग की मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला में कराया जा सकता है।



# लाभदायक गर्मियों की जुताई



**फसलों को हानि पहुंचाने वाले रोगाणु, रोगजनक, कीड़े, खरपतवारों के बीज फसलों की कटाई के बाद भूमि की दरारों (खाली जगहों) में सुषुप्तावस्था में पड़े रहते हैं और जब अगली फसल की बुवाई की जाती है और अनुकूल मौसम मिलने पर पुन: सक्रिय होकर फसलों को हानि पहुंचाना प्रारंभ कर देते हैं।**

खेतों में फसलों की बुवाई के समय बार–बार एक निश्चित गहराई पर 6–7 इंच पर बखर या हेरो चलाने से खेतों में नीचे एक कड़ी परत बन जाती है जिससे वर्षा का सम्पूर्ण पानी खेतों द्वारा नहीं सोखा जाता है, जिससे पानी खेतों से बाहर निकल जाता है, और अपने साथ मिट्टी और फसलों के लिए आवश्यक पोषक तत्वों को भी बहा ले जाता है, ग्रीष्मकालीन जुताई 9–12 इंच तक मिट्टी पलटने वाले हल से जुताई करने पर यह कड़ी परत टूट जाती है, और बरसात का पानी खेतों द्वारा अधिक मात्रा में सोख लिया जाता है, मिट्टी धूप तपने से भी भुरभुरी हो जाती है और मिट्टी में वायु का संचार बढ़ जाता है और खेतों की जल धारण क्षमता बढ़ जाती है, ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई से अनेक लाभ होते हैं।

## खरपतवार नियंत्रण

फसलों के लिए खरपतवार एक बड़ी समस्या है कभी–कभी इनके कारण उत्पादन 20–60 प्रतिशत तक कम प्राप्त होता है कुछ ऐसे खरपतवार जैसे– कांस, मौथा, दूव इनकी जड़े भूमि में काफी गहराई तक चली जाती है जिसके कारण निंदाई–गुड़ाई एवं खरपतवारनाशी रसायनों से पूर्ण नियंत्रण नहीं हो पाता है ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई करने से इन खरपतवारों के राइजोम, जड़े निकल आती हैं और सूर्य की तपन से सूख कर नष्ट हो जाती है और धीरे–धीरे खेतों से खरपतवार की समस्या कम हो जाती है।

## जल संरक्षण

अधिकांशत: किसान भाई फसलों की आवश्यकता के अनुसार एक निश्चित गहराई पर 6–7 इंच लगातार जुताई करते हैं जिससे इस गहराई के नीचे मिट्टी की एक कड़ी परत बन जाती है। जिसके कारण खेतों में जल को अंत: करण करने में बाधा उत्पन्न करती है अत: अप्रैल महीने में गहरी जुताई (9 इंच से गहरी) करने से यह कड़ी सतह टूट जाती है जिससे वर्षा का सम्पूर्ण पानी खेतों द्वारा सोख लिया जाता है जिससे जल स्तर बढ़ जाता है।

## कीट व्याधि नियंत्रण

रबी की फसलों को हानि पहुंचाने (रोग के रोगजनक, कीट लाख) वाले रोग के रोगजनक, रोगाणु हानिकारक कीड़े फसल की कटाई के बाद खेतों में ही खेतों की दरारों में सुषुप्तावस्था में पड़े रहते है और जब अगली फसल बोई जाती है तो रोगजनक रोगाणु कीड़े सक्रिय लेकर फसलों को हानि पहुंचाना प्रारंभ कर देते हैं। कभी–कभी इन रोगाणुओं एवं कीटों के कारण सम्पूर्ण फसल नष्ट हो जाती है। ग्रीष्मकालीन जुताई से रबी फसल की कटाई के बाद खाली खेतों की गहरी जुताई हो जाने से ये रोगजनक, कीड़े भूमि की ऊपरी सतह पर आ जाते है और सूर्य की तपन से नष्ट हो जाते हैं।

## मृदा उर्वता में वृद्धि

पृथ्वी पर पाये जाने वाले वायुमंडल में सबसे अधिक मात्रा में नाइट्रोजन गैस होती है जो कि फसलों के लिए अमोनिया रुप में नत्रजन उपलब्ध कराती है विभिन्न रसायनिक क्रियाओं के कारण यह गैस वर्षा जल में घुल जाती है जब पहली वारिश का पानी गिरता है जो उसमें नत्रजन की अधिक मात्रा होती है जो फसलों के लिए आवश्यक है खेत गहरे जुते होने पर यह वर्षा सम्पूर्ण पानी खेतों द्वारा सोख लिया जाता है तो खेतों की उर्वरता में वृद्धि एवं जल धारण क्षमता में वृद्धि होती है खेत जुते होने से बरसात में मृदा कटाव से खेतों को बचाया जा सकता है साथ ही मिट्टी के साथ पोषक तत्वों को भी बहने से बचाया जा सकता है।





## ग्रीष्मकालीन जुताई में कुछ बातें ध्यान रखें

- रबी फसल की कटाई हो जाने के तुरंत बाद खेतों में पर्याप्त नहीं रहती है अत: तुरंत जुताई करें विलम्ब से जुताई करने पर मिट्टी सूर्य की तेज धूप से कड़ी हो जाएगी जिससे गहरी एवं अच्छी जुताई नहीं होगी।
- खेतों की जुताई मिट्टी पलटने वाले हल से करें ताकि मिट्टी बड़े–बड़े ढेलों के रुप में रहे जिससे गर्म लू जमीन में गहराई तक जाकर रोगजनकों एवं कीटों की शंखी अवस्था आदि को नष्ट कर दें।
- ग्रीष्म कालीन जुताई प्रत्येक वर्ष प्रत्येक खेत की करें, यह आवश्यक नहीं है इसके लिए खेतों को 3 हिस्सों में बांटकर प्रत्येक वर्ष एवं हिस्से की गहरी जुताई करें इस प्रकार हर 3 वर्ष के अंतराल में प्रत्येक खेत की जुताई की जा सकती है। जुताई करते समय खेत के चारों और मेड़ बंधना करना आवश्यक हैं, वर्षा का पानी खेतों से बाहर नहीं जा सकेगा और पानी को जमीन सोख लेगी और खेतों की उर्वरता बरकरार रहेगी।




## जून के अंत तक बंद हो जाएगा कपिल शर्मा शो, कीकू शारदा ने दी अपडेट

'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' मार्च के अंत में ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर शुरू हुआ था। अब इसके रैपअप की खबरें आ रही हैं। इतनी जल्दी इस शो के बंद होने को लेकर हर कोई हैरान है। कहा जा रहा है कि कम व्यूअरशिप की वजह से दिग्गज कॉमेडियन कपिल शर्मा का ये शो बंद किया जा रहा है। इस बीच, शो के मुख्य कलाकार कीकू शारदा ने रिएक्शन दी है। कीकू ने 'न्यूज 18 शोशा' के साथ कहा कि हम लोग 13 एपिसोड कर चुके हैं और दूसरा सीजन भी जल्द आएगा। हमने पहले सीजन के लिए रैपअप किया है। यह हमेशा से ऐसा ही होने वाला था। हमने अगले सीजन के लिए पहले ही प्लान कर लिया है और वह जल्द ही आएगा। यह ज्यादा बड़ा गैप नहीं होने वाला है। टेलीविजन पर यह ज्यादा लंबा चलता है लेकिन यह दूसरे फॉर्मेट की बात है। यह भी दिलचस्प है। यह अभी एक छोटा गैप है और जल्द ही दूसरा सीजन लेकर आएंगे। यह रैपअप की तरह सुनाई दे रहा है क्योंकि हमने इसे बनाया है लेकिन यह टेंपरेरी है और हम जल्द ही फिर से शुरू करेंगे। बता दें शो की होस्ट एक्ट्रेस अर्चना पूरन सिंह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर सेट से सीजन रैप की तस्वीरें शेयर की थीं। इसके बाद यह खबर सोशल मीडिया पर तेजी से फैल गई।

शो की बात करें तो यह 30 मार्च से शुरू हुआ था। सबसे पहले एपिसोड में रणबीर कपूर, उनकी मां नीतू कपूर और बहन रिद्धिमा कपूर साहनी आए थे। दूसरे एपिसोड में भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने धमाल मचाया था। इसके बाद दिलजीत दोसांझ, परिणीति चोपड़ा और निर्देशक इम्तियाज अली अपनी फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' का प्रमोशन करने आए थे। फिर चौथे एपिसोड में कौशल बंधु विक्की और सनी पहुंचे थे। पिछले एपिसोड में सुपरस्टार आमिर खान आए थे। आमिर ने आज तक के इतिहास में पहली दफा कपिल के शो में शिरकत की और कई राज खोले। अब सनी और बॉबी देओल वाला एपिसोड आने वाला है। उल्लेखनीय है कि इस शो के माध्यम से फैंस को 6 साल के बाद कपिल और सुनील ग्रोवर की जोड़ी फिर से साथ देखने को मिल रही है।



## बदतमीज़ गिल में अपारशक्ति खुराना के साथ नजर आएंगी वाणी कपूर



वाणी कपूर फिल्म निर्माता नवजोत गुलाटी की आगामी फिल्म बदतमीज गिल में मुख्य भूमिका निभाएंगी। एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि इसे आधुनिक युग की नाटकीयता के रूप में वर्णित किया गया है, यह फिल्म एक लड़की (कपूर) और उसके परिवार के बारे में है जो बरेली और लंदन में स्थित है। इस फिल्म की शूटिंग जल्द ही बरेली में शुरू होगी, जिसमें कपूर के भाई की भूमिका में जुबली स्टार अपारशक्ति खुराना और उनके पिता की भूमिका में अनुभवी अभिनेता परेश रावल भी होंगे। निर्माता निकी भगनानी और विक्की भगनानी ने एक बयान में कहा, हमें एक खूबसूरत, आत्मविश्वासी लड़की की ज़रूरत थी जो अपने परिवार और अपने दोस्तों के लिए दंगा बन सके। वाणी असल जिंदगी में यही शख्स हैं। इसलिए, जब हम उनसे मिले, तो हमें पता था कि हमें अपना मार्ग मिल गया है! वह अपनी उपस्थिति से स्क्रीन को जगमगा देंगी और उम्मीद है कि हम अपनी फिल्म से ढेर सारे लोगों का मनोरंजन करेंगे। बदतमीज़ गिल का निर्माण निकी भगनानी और विक्की भगनानी, अंकुर तकरानी और अक्षद घोने द्वारा किया गया है। गुलाटी को रनिंग शादी और गिन्नी वेड्स सनी जैसी फिल्में लिखने के लिए जाना जाता है।



## क्रैश डाइट पर विश्वास नहीं, बैलेंस डाइट को करती हूं फॉलो

एक्ट्रेस सैयामी खेर क्रैश डाइट में विश्वास नहीं करती हैं। वह घर का बना खाना पसंद करती हैं और महीनों तक एक ही चीज को खा सकती हैं। क्रैश डाइट में आप सामान्य से बहुत कम खाना खाते हैं। सैयामी ने कहा, मैं बिल्कुल भी ऐसी इंसान नहीं हूं, जो इन क्रैश डाइट पर विश्वास करती हो। मैं बैलेंस डाइट को फॉलो करती हूं। मुझे घर का बना खाना पसंद है। मैं जिस प्रोफेशन में हूं, उसमें ऐसा करना मुश्किल है क्योंकि मैं ट्रैवल करती रहती हूं। लेकिन, मेरी कोशिश होती है कि मैं घर का बना खाना खाऊं और दिन में ज्यादातर दाल, सब्जी, चिकन और रोटी होती है और रात में सलाद, सूप और ग्रिल्ड चिकन होता है। यह कुछ ऐसा है जो मैं लंबे समय से कर रही हूं। एक्ट्रेस ने बताया कि क्यों उनके करीबी उनके खान-पान की आदतों का मजाक उड़ाते हैं। उन्होंने कहा, हर कोई मेरा मजाक उड़ाता है क्योंकि मैं बोरिंग खाना खाने वाली लड़की हूं। मैं एक ही चीज चार महीने तक खा सकती हूं।

## गुड बैड अग्ली में तीन अलग-अलग लुक में धमाल मचाने को तैयार अजित

साउथ सुपरस्टार अजित कुमार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म विदा मुयार्ची के निर्माण में व्यस्त हैं। बीते कुछ समय पहले अभिनेता ने अपनी अगली फिल्म गुड बैड अग्ली की जानकारी साझा की थी। अभिनेता अपनी नई फिल्म के लिए निर्देशक अधिक रविचंद्रन के साथ सहयोग कर रहे हैं। वे जल्द ही अपने दूसरे प्रोजेक्ट गुड बैड अग्ली पर काम शुरू करेंगे। अब इस फिल्म से अभिनेता के लुक पर बड़ी जानकारी सामने आई है। निर्माताओं ने कुछ समय पहले फिल्म का पहला पोस्टर और शीर्षक जारी किया था, जिसके बाद से फैंस के बीच उत्साह बढ़ गया था। प्रशंसक इस परियोजना के बारे में अधिक जानने के लिए उत्सुक हैं। वहीं अब फिल्म में अभिनेता के किरदार को लेकर नई जानकारियां सामने आईं। इससे पहले खबर आई थी कि अजित अधिक रविचंद्रन की फिल्म गुड बैड अग्ली में ट्रिपल रोल निभाएंगे। अजित तीन किरदार निभाएंगे, इस पर चर्चा पहले से ही है, लेकिन अब वे तीनों किरदार कैसे होंगे, इसका खुलासा हो चुका है। रिपोर्ट्स के अनुसार, अजित फिल्म में तीन अलग-अलग लुक में होंगे। नमक और काली मिर्च वाले लुक के अलावा अजित कथित तौर पर काले बालों के साथ एक युवा लुक में नजर आएंगे और कुछ हिस्सों में वे पोनीटेल के साथ नजर आएंगे। कहा जा रहा है कि निर्देशक अधिक रविचंद्रन ने अजित के लिए एक ठोस चरित्र-चित्रण तैयार किया है। मुख्य महिला किरदार के बारे में विवरण अभी तक सामने नहीं आया है। कुछ दिन पहले अफवाह उड़ी थी कि श्रीलीला इस बड़ी फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी, लेकिन अभी तक कुछ भी पुष्टि नहीं हुई है। कहा जा रहा है कि फिल्म का नाम अभिनेता के किरदारों का परिचय देता है। गुड बैड अग्ली अभिनेता के तीन किरदार की झलक है। तीनों किरदारों में खरा उतरने के लिए अभिनेता पूरी मेहनत कर रहे हैं और तैयारी में लगे हुए हैं। यह 18 साल बाद होगा, जब अभिनेता का दर्शकों को ट्रिपल रोल देखने को मिलेगा। अजित को तीन अलग-अलग भूमिकाओं में देखने की खबर ने इस बीच आगामी फिल्म के लिए प्रत्याशा बढ़ा दी है।





## तारीखों के चलते करीना कपूर ने छोड़ी टॉक्सिक

करीना कपूर खान केजीएफ स्टार यश की अगली फिल्म टॉक्सिक- ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स में उनकी बहन की भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार थीं, लेकिन अब ताजा चर्चा यह है कि क्रू अभिनेत्री फिल्म से बाहर हो गई है। वैसे इन दोनों सितारों को भाई-बहन के रूप में एक साथ एक फ्रेम में देखना सुखद होता लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। पिंकविला की रिपोर्ट के अनुसार, बेबो ने डेट के मुद्दों के कारण वयस्कों के लिए टॉक्सिक- ए फेयरीटेल छोड़ दी है। टॉक्सिक के निर्माता इसे एक अखिल भारतीय फिल्म बनाने की योजना बना रहे हैं, और वे बेबो के प्रतिस्थापन के रूप में एक नए चेहरे को कास्ट करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया है कि कियारा आडवाणी को यश की नायिका के रूप में फाइनल किया गया है और इस असामान्य जोड़ी ने प्रशंसकों को उत्साहित कर दिया है। केजीएफ स्टार ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म की घोषणा के लिए टोपी पहने और सिगार पकड़े हुए वीडियो साझा किया, जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि यह फिल्म ड्रग माफिया पर आधारित है और एक एक्शन थ्रिलर है।




## सिर्फ मशहूर होना मेरा मकसद नहीं

यामी गौतम इंडस्ट्री की चर्चित अदाकारा हैं। उन्होंने कई चर्चित फिल्मों में काम किया है, इसके अलावा ओटीटी पर भी उनका दबदबा दिखा है। हर नए किरदार में वह खुद को बखूबी ढालने में माहिर हैं। बीते दिनों आई उनकी फिल्म आर्टिकल 370 खूब पसंद की गई। हाल ही में यामी ने पारंपरिक सिनेमा और ओटीटी प्लेटफॉर्म के बीच चल रही मौजूदा चर्चा पर अपने विचार साझा किए। कुछ कलाकार माध्यम को प्राथमिकता देते हैं। मगर, उन सभी के विपरीत यामी गौतम की प्राथमिकता उनकी भूमिकाएं रही हैं, जिन्हें वे अब तक निभाती रही हैं।

यामी का कहना है, मैंने कभी भी अपनी कोई फिल्म यह सोचकर नहीं चुनी कि यह ओटीटी या थिएटर के लिए बहुत अच्छी है। मैंने उन्हें उस तरह से चुना जैसे वे थीं और जो भूमिकाएं मैं निभाना चाहती थी। यामी गौतम ने ओटीटी प्लेटफॉर्म की मौजूदगी के बीच बड़े पर्दे के प्रति अपना लगाव जाहिर किया। उन्होंने स्वीकार किया कि खुद को सिनेमाघरों में देखना उनके दिल के करीब का मामला रहा है। अभिनेत्री ने कहा कि उस क्षण में कुछ खास होता है, जब रोशनी कम हो जाती है, प्रोजेक्टर चालू हो जाता है और दर्शक सिर्फ और सिर्फ उस फिल्म का लुत्फ उठाते हैं। काम के प्रति जुनून और कला के प्रति यामी के मन में जो सम्मान है, वह याद दिलाता है कि सिनेमा स्क्रीन और किसी भी माध्यम से परे होता है।

यामी गौतम का कहना है कि वह अपने आगामी प्रोजेक्ट्स के लिए कहानी कहने के नए तरीकों को आजमाने के लिए भी तैयार हैं। इंडस्ट्री में आए बदलाव के साथ वह अलग रास्ते अपनाने की भी इच्छुक हैं। यामी का कहना है कि उनकी मकसद सिर्फ मशहूर होना नहीं, बल्कि शानदार कहानी पेश करना भी है।



## मैं अपनी अलग पहचान बनाने की कोशिश कर रहा हूं

**दो फिल्मों से ही बॉलिवुड में अपनी पहचान बनाने वाले ऐक्टर आयुष शर्मा इस बार भी ऐक्शन, ड्रामा से भरपूर फिल्म रुसलान में नजर आ रहे हैं। इसी सिलसिले में उन्होंने अपनी ऐक्टिंग प्रोजेक्ट व करियर के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने सलमान खान से मनमुटाव होने की खबरों को निराधार बताया। साथ ही अपनी पहचान बनाने की बात भी कही।**

### अपने नाम से पहचाने जाने की कोशिश कर रहा

सलमान खान ने बहुतों को मौका दिया। मुझे भी दिया। उसका फायदा उठाना हमारा काम है। यह बात सही है कि एक बड़े पेड़ के नीचे अगर कोई छोटा पौधा है तो उसको धूप तो कम मिलेगी ही। अगर धूप चाहिए तो आपको उस पेड़ से थोड़ा दूर जाना होगा, तभी धूप मिलेगी और तभी आप पनप पाएंगे। ऐसा नहीं है कि मैं उनसे अलग होना चाहता हूं। दिल से मैं उनके साथ हमेशा जुड़ा हूं। हां, यह है कि अब मैं अपनी अलग पहचान बनाने की कोशिश कर रहा हूं, ताकि अपना काम करूं और अपने नाम से जाना जाऊं।

### मेरी कहानी तो अभी शुरू हुई है

मैं हिट और फ्लॉप के बारे में ज्यादा नहीं सोचता। कोशिश रहती है कि मैं अपना काम पूरी ईमानदारी से करूं। अभी तो मेरी कहानी शुरू हुई है। यह तीसरी फिल्म है और हर फिल्म में मैंने अलग तरह का किरदार निभाया है। अभी मुझे पारिवारिक, कॉमिडी हर तरह के रोल करने है इसलिए मैं ज्यादा नहीं सोचता, बस काम करते रहना चाहता हूं। इसके अलावा, मैं तनाव को नेगेटिव नहीं लेता। जब प्रेशर आता है तो मेरे अंदर और अच्छा काम करने की ललक बढ़ जाती है। फिल्म रुसलान में एक सीन है, जिसको मैंने -6 डिग्री में बिना कपड़ों के शूट किया है। उस दिन मुझे अहसास हुआ कि हीरोगीरी भारी पड़ गई।

### बिना मेहनत के कुछ नहीं मिलता

अगर लगता है कि पहली फिल्म में लोगों को काम पसंद नहीं आया तो फिर हमारा काम बनता है कि अपने ऊपर मेहनत करना, हुनर को और निखारने की कोशिश करना। हरेक इंसान अगर अपने आप पर काम करे तो उसके लिए कोई भी काम मुश्किल नहीं है। पहली फिल्म के बाद मैंने अपनी फिटनेस पर काम किया। आज बहुत से लोग काम कर रहे हैं लेकिन हर कोई खुद को हीरो नहीं बोल सकता। जहां तक मेरी बात है तो मैं एक खास परिवार का हिस्सा हूं इसलिए दर्शक मेरी फिल्म देखेंगे ही ऐसा जरूरी नहीं है। दर्शकों के दिलों तक पहुंचने के लिए मुझे खुद मेहनत करनी होगी। मेरे लिए ऑडियंस का प्यार बहुत मायने रखता है। अगर वह आपको प्यार कर रहे हैं तो फिर आपको सफल होने से कोई नहीं रोक सकता।

## बिग बॉस ओटीटी 3 से जुड़ीं डेलबर आर्या

सलमान खान के जरिए होस्ट किया जाने वाला रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी 3 सुर्खियों में है। बिग बॉस ओटीटी 3 की शुरुआत 3 जून से जियो सिनेमा पर होगी। शो की शुरुआत को लेकर आए अपडेट के बाद से ही इसके कंटेस्टेंट्स को लेकर चर्चाएं जोरों पर हैं। अब रिपोर्ट्स की मानें तो इससे एक पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री की अभिनेत्री का नाम जुड़ गया है। वो अभिनेत्री कोई और नहीं बल्कि डेलबर आर्या हैं। हालांकि, इन खबरों पर अभी आधिकारिक मुहर लगना बाकी है।



संक्षिप्त समाचार

## नेटफ्लिक्स का द ग्रेट इंडियन कपिल शो - द लाफ्टर कंटीन्यूज़!




**मुंबई, एजेंसी।** द ग्रेट इंडियन कपिल शो ने देश भर के दर्शकों को आकर्षित करना जारी रखा है क्योंकि यह अपने मौजूदा 13-एपिसोड सीज़न के साथ आगे बढ़ रहा है, जबकि 7 और एपिसोड अभी सामने आने बाकी हैं। शो के साप्ताहिक एपिसोड का अनूठा प्रारूप दर्शकों को हर एपिसोड में मशहूर हस्तियों का उत्सुकता से इंतजार कराने का वादा करता है। आगामी एपिसोड में सेलिब्रिटी मेहमानों की एक रोमांचक लाइनअप शामिल होने वाली है, जिसमें अत्यधिक चर्चित और संजय लीला भंसाली की ओटीटी पर पहली परियोजना - हीरामंडी- द डायमंड बाज़ार (जो हाल ही में रिलीज़ हुई थी और दर्शकों द्वारा पसंद की गई है) के कलाकार भी शामिल हैं। और अंतर्राष्ट्रीय संगीत सनसनी एड शीरन। सितारों से सजी ऐसी उपस्थिति के साथ, प्रशंसक मनोरंजन और अविस्मरणीय क्षणों से कम कुछ भी उम्मीद नहीं कर सकते हैं। पिक्चर अभी बाकी है - द ग्रेट इंडियन कपिल शो मजबूत चल रहा है और सप्ताह दर सप्ताह दर्शकों का मनोरंजन करता रहेगा।

## हमें इमेज की चिंता है... आरबीआई के एक्शन पर कोटक बैंक के एमडी ने किया रिएक्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की कार्रवाई के बाद अब कोटक महिंद्रा बैंक को अपनी इमेज की चिंता है। कोटक महिंद्रा बैंक के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इसका सीमित फाइनेंशियल इंपैक्ट पड़ेगा लेकिन हम प्रतिष्ठा को होने वाले नुकसान के बारे में अधिक चिंतित हैं। बता दें कि पिछले महीने के अंत में आरबीआई ने कोटक महिंद्रा बैंक को अपने ऑनलाइन और मोबाइल बैंकिंग माध्यमों के जरिए नए ग्राहकों को शामिल करने और नए क्रेडिट कार्ड जारी करने से तत्काल प्रभाव से रोक दिया था क्योंकि बैंक के आईटी जोखिम प्रबंधन में कमी पाई गई थी। कोटक महिंद्रा बैंक के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अशोक वासवानी ने कहा कि आरबीआई की कार्रवाई का देनदारी वृद्धि पर सीमित प्रभाव पड़ेगा।

## एनसीएलटी के कर्ज समाधान मामलों में 43 प्रतिशत उछाल: आईबीबीआई

**कोलकाता एजेंसी।** कई बाधाओं के बीच भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई) ने 2023-24 को एक ऐतिहासिक वर्ष घोषित किया है। इसमें राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) द्वारा किए गए समाधान मामले 43 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि के साथ 270 रहे हैं जो पिछले साल 189 मामले थे। उम्मीद है कि आईबीबीआई दिवाला और ऋण अक्षमता संहिता (आईबीसी) में 'मध्यस्थता को शामिल करने के लिए अगले दो-तीन महीनों में सरकार को एक रिपोर्ट सौंपेगी। फिलहाल इसपर चर्चा और जांच चल रही है। नियामक बड़े कॉरपोरेट मामलों के लिए प्रीपैकेज्ड समाधान पर भी काम कर रहा है, जिसकी अनुमति अब तक केवल एमएसएमई मामलों में ही है। आईबीबीआई के पूर्णकालिक सदस्य सुधाकर शुक्ला ने सीआईआई द्वारा आयोजित सातवें 'इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कहा कि एक साल में पहली बार नए मामलों की संख्या से समाधान हुए मामलों की संख्या बढ़ी है, जिससे पूरे भारत में लंबित मामलों में कमी आई है।

# 490 तक जाएगा टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी का शेयर! अब एसजेवीएन से की है बड़ी डील

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (टीपीआरईएल) ने एनर्जी सेक्टर से जुड़ी कंपनी एसजेवीएन लिमिटेड के साथ एक बड़ी डील की है। इसके तहत कंपनी ने 460 मेगावाट की दृढ़ और प्रेषण योग्य रिन्यूएबल एनर्जी (एफडीआरई) परियोजना स्थापित करने के लिए डील की है।

एफडीआरई प्लांट से निर्बाध रूप से लगातार बिजली आपूर्ति की जा सकती है। इससे बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) को उनके नवीकरणीय खरीद दायित्वों (आरपीओ) और ऊर्जा भंडारण दायित्वों (ईएसओ) को पूरा करने में मदद मिलती है। 460 मेगावाट की एफडीआरई को इस तरह तैयार किया गया है, ताकि यह सोलर, विंड और बैटरी स्टोरेज टेक्नोलॉजी के संयोजन से बिजली की अधिकतम मांग के दौरान कुशलता के साथ बिजली आपूर्ति कर सके।

टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड ने कहा कि इस प्लांट से सालाना करीब 300 करोड़ यूनिट बिजली पैदा होने और




220 करोड़ किलोग्राम कार्बन उत्सर्जन की भरपाई होने की उम्मीद है। कंपनी के सीईओ और प्रबंध निदेशक दीपेश नंदा ने कहा कि एसजेवीएन लिमिटेड के साथ इस साझेदारी से टीपीआरईएल टिकाऊ ऊर्जा समाधानों को अपनाकर हरित ऊर्जा उद्देश्यों को पूरा करने में योगदान कर सकेगी।

बीते शुक्रवार को टाटा पावर कंपनी के शेयर रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गए। बीएसई पर टाटा पावर के शेयर 0.68 प्रतिशत टूटकर 454.60 रुपये पर बंद हो गए। बता दें कि 5 मई, 2023 को टाटा पावर के शेयर गिरकर 52-सप्ताह के निचले स्तर 199.35 रुपये पर आ गए। इस पावर शेयर में साल 2024 में 39 प्रतिशत की वृद्धि हुई तो एक वर्ष में 127 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। स्टॉकबॉक्स के डेरिवेटिव और तकनीकी विश्लेषक अवधूत बागकर के मुताबिक टाटा के यह शेयर 490 रुपये के स्तर तक जा सकते हैं। टिप्स2ट्रेड्स के अभिजीत ने कहा कि टाटा पावर में तेजी है लेकिन डेली चार्ट पर 474 रुपये के अगले ब्रेकआउट के साथ ओवरबॉट भी है। एक्सपर्ट के मुताबिक शेयर पर निवेशकों को मुनाफावसूली जारी रखनी चाहिए। यह शेयर निकट अवधि में 384 रुपये के स्तर तक लुढ़क सकता है।

## कर ढांचे में बदलाव की गलत खबर से गुस्से में निवेशक, सोशल मीडिया पर निकाली भड़ास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के एक बड़े बिजनैस चैनल द्वारा लोकसभा चुनाव के बाद टैक्स के ढांचे में परिवर्तन किए जाने की रिपोर्ट का मामला शनिवार को सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना रहा। इस खबर के कारण निवेशकों को - शुक्रवार को करोड़ों रुपए का नुक्सान हुआ है जिस कारण वह गुस्से में नजर आए। स्टॉक मार्कीट से जुड़े बड़े निवेशकों ने इस मामले में ट्वीट करके वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के ट्वीट को री-ट्वीट किया। दिवंगत राकेश झुनझुनवाला के प्रशसंक आर.जे. स्टॉक्स ने इस मुद्दे पर चैनल की रिपोर्ट और उस पर दी गई वित्त मंत्री की सफाई दोनों के स्क्रीन शॉट शेयर किए, जबकि एक अन्य निवेशक अलोक जैन ने लिखा, बिजनैस चैनल ने कैपिटल गेन टैक्स पर अपनी स्टोरी को डिलीट कर दिया है। यह बिना तैयारी की रिपोर्टिंग है। क्या किसी को अंदाजा है कि एक अफवाह के चलते शुक्रवार को कितने लोगों का करोड़ों रुपए का नुक्सान है गया।

# कम होंगी अरहर दाल की कीमतें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अरहर की दाल की बढ़ी कीमतों से लोगों को अब राहत मिलने वाली है। कारोबारियों के मुताबिक, अफ्रीका से अरहर की दाल की सप्लाई शुरू हो गई है। इस वजह से थोक मंडी में इसकी कीमत में 4 से 5 रुपये की गिरावट आई है। साथ ही चना दाल के भी दाम कम होने के आसार हैं। बीते कुछ महीनों से अरहर दाल की कीमत तेजी से बढ़ रही थी। थोक मंडी में इसकी कीमत 170 रुपये किलोग्राम तक पहुंच गई थी। दाल कारोबारी गौरव ने बताया कि अरहर दाल की कीमत में हो रही बढ़ोतरी के पीछे का कारण सप्लाई का कम होना है। अफ्रीका से सप्लाई आ नहीं रही थी, लेकिन अब सप्लाई शुरू हो गई है। जिसके बाद थोक मंडी में अरहर की दाल की कीमतों में प्रतिकिलो 4 से 5 रुपये की गिरावट आई है। इसके अलावा चने की दाल पर लगने वाली इंपोर्ट ड्यूटी को सरकार ने हटाने का फैसला लिया है। जिससे आने वाले दिनों में चने की दाल की कीमत में भी गिरावट आएगी।

इस बीच केंद्र सरकार भी दालों की महंगाई से राहत दिलाने के लिए सक्रिय हो गई है। बिजनस स्टैंडर्ड की एक



रिपोर्ट के मुताबिक सरकार ने दालों के स्टॉक पर सख्त निगरानी रखने की कवायद शुरू कर दी है। अधिकारियों को मंडियों में दालों के स्टॉक की जानकारी लेने और जांच करने के लिए भेजा गया है। इस बात की जांच की जा रही है कि कहीं जमाखोरी के कारण दालों के दाम तो नहीं बढ़ रहे हैं। उपभोक्ता मामलों के विभाग ने दाल के स्टॉक की स्थिति और भाव का पता लगाने के लिए पिछले हफ्ते अधिकारियों की दो टीमों को महाराष्ट्र भेजने का फैसला किया था।

### दालों की रिटेल प्राइस

देश में खासकर अरहर और उड़द के भाव में काफी तेजी देखी जा रही है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार पिछले साल की तुलना में दालों का रिटेल प्राइस 35 रुपये किलो तक ज्यादा हैं। सालभर में अरहर की औसत खुदरा कीमत करीब 35 रुपये बढ़कर 152 रुपये, उड़द की 15 रुपये बढ़कर 124 रुपये, मूंग दाल की 9 रुपये बढ़कर 117 रुपये और चना दाल की 10 रुपये बढ़कर 84 रुपये किलो हो गई है। मसूर दाल के औसत खुदरा भाव पिछले साल के बराबर ही है।

# बिरला कॉर्प ने मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ में 127 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की

## बिरला कॉर्प ने बंपर बिक्री और लाभप्रदता में वृद्धि के साथ क्षमता का 97 प्रतिशत उपयोग किया

**कोलकाता एजेंसी।** बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तीन तिमाहियों में अपनी मजबूत ग्रोथ को जारी रखा और मार्च तिमाही में बिक्री और शुद्ध लाभ में अच्छी खासी बढ़ोतरी दर्ज की है। कंपनी ने मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ में 127 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की है। वित्तवर्ष के अंत में कंपनी ने सभी पैमानों पर सफलता हासिल की है। वहीं रिकॉर्ड सीमेंट बिक्री के साथ ही कंपनी के ओवरऑल प्रदर्शन को भी बेहतर किया है। ये सभी सफलताएं बाजार में असामान्य रूप से कमजोर हालात के बावजूद हासिल की गई हैं। मुकुटबन यूनिट में लगातार वृद्धि के बाद, कंपनी के सीमेंट डिवीजन ने मार्च तिमाही के लिए 97 प्रतिशत की क्षमता उपयोग हासिल किया - जो एक और बड़ी उपलब्धि है।

मार्च तिमाही के लिए कंसोलिडेटेड (समेकित) शुद्ध लाभ, 193 करोड़ रुपये, साल-दर-साल 127.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है, क्योंकि बिजली और ईंधन की लागत मध्यम बनी हुई है। तिमाही के लिए कंसोलिडेटेड आय 2,682 करोड़ रुपये रही, जो पिछले साल की समान अवधि से 6.8 प्रतिशत बढ़ गई, जबकि मार्च तिमाही में सीमेंट से प्राप्त होने वाली आय तीव्र दबाव में आ गई और साल-दर-साल 1.6 प्रतिशत गिरकर 5,178 रुपये प्रति टन रह गई।

कंपनी चेयरमैन श्री हर्ष वर्धन लोढ़ा ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में बिरला कॉर्पोरेशन का प्रदर्शन संचालन के सभी क्षेत्रों में प्रदर्शन में चौतरफा सुधार का परिणाम है। कंपनी द्वारा दी गई गाइडेंस से पहले, कंपनी के फंक्शनल वर्टिकल्स में क्षमता निर्माण में लगातार निवेश किया गया और इससे मुकुटबन यूनिट का काम तेजी से हुआ और वहां पर अच्छे परिणाम मिले। बिरला कॉर्पोरेशन की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, आरसीसीपीएल प्राइवेट लिमिटेड के बोर्ड ने गुरुवार, 2 मई 2024 को दो साल के भीतर अपनी कुंदनगंज यूनिट की क्षमता 1.4 मिलियन टन बढ़ाने के लिए 425 करोड़ रुपये के निवेश को मंजूरी दे दी। प्रस्तावित निवेश का एक तिहाई आंतरिक स्रोतों से आएगा। जैसे-जैसे भारत में सीमेंट की खपत बढ़ती जा रही है, बिरला कॉर्पोरेशन वित्त वर्ष 2026-27 तक सीमेंट उत्पादन को 25 मिलियन टन तक बढ़ाने के लक्ष्य के साथ क्षमता वृद्धि का अपना अगला चरण शुरू कर रहा है।

# ट्रेडमार्क पर छिड़ा विवाद, इस भारतीय कंपनी के खिलाफ कोर्ट पहुंची टेस्ला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एलन मस्क की इलेक्ट्रिक व्हीकल कंपनी टेस्ला ने एक भारतीय कंपनी के खिलाफ मुकदमा शुरू किया है। इसके लिए इलेक्ट्रिक व्हीकल बनाने वाली अमेरिकी कंपनी टेस्ला इंक ने दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

### दिल्ली हाई कोर्ट पहुंची टेस्ला

एलन मस्क की कंपनी ने गुरुग्राम बेस्ड कंपनी के खिलाफ गुरुवार को दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। यह मामला ट्रेडमार्क के उल्लंघन से जुड़ा हुआ है जिस कंपनी के खिलाफ टेस्ला इंक हाई कोर्ट पहुंची है, उसका नाम टेस्ला पावर इंडिया है। टेस्ला इंक ने हाई कोर्ट से मांग की है कि वह टेस्ला पावर इंडिया को ट्रेडमार्क टेस्ला का इस्तेमाल करने से रोके।

### टेस्ला इंक ने लगाए ये आरोप

टेस्ला इंक की ओर से कोर्ट में पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता चंदर लाल ने कहा कि ट्रेडमार्क के गलत




इस्तेमाल से अमेरिकी कंपनी की प्रतिष्ठा पर आंच आ रही है और उसके व्यावसायिक हित प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि नाम के इस्तेमाल से ग्राहकों को भी भ्रम हो रहा है। टेस्ला पावर की बैटरी के खिलाफ आने वाली शिकायतें अमेरिकी कंपनी ईवी मेकर टेस्ला इंक को रिडाइरेक्ट कर दी जा रही हैं, क्योंकि ग्राहक उसे एलन मस्क की कंपनी से जुड़ा हुआ मान ले रहे हैं।

इस तरह विज्ञापन देने का आरोप चंदर लाल का आरोप है कि गुरुग्राम बेस्ड कंपनी टेस्ला पावर अपनी बैटरियों का अखबारों में विज्ञापन दे रही है, जिनमें वह खुद को एक इलेक्ट्रिक व्हीकल कंपनी के रूप में दिखा रही है। इतना ही नहीं, बल्कि गुरुग्राम स्थित कंपनी टेस्ला पावर अमेरिकी कंपनी के लोगो का भी इस्तेमाल कर रही है।

### 22 मई को होगी अगली सुनवाई

अमेरिकी कंपनी की याचिका के बाद कोर्ट ने गुरुग्राम स्थित कंपनी टेस्ला पावर को नोटिस जारी किया। कोर्ट ने अगली सुनवाई तक टेस्ला पावर को टेस्ला इंक से मिलता-जुलता ट्रेडमार्क यूज करने और ईवी प्रोडक्ट के साथ विज्ञापन देने से रोक दिया है। मामले में अगली सुनवाई 22 मई को होने वाली है। दूसरी ओर टेस्ला पावर का कहना है कि वह कई सालों से बिजनेस कर रही है। वह गाड़ियों में इस्तेमाल होने वाली परंपरिक बैटरियां बनाती है। ईवी के सेगमेंट में उतरने की उसकी कोई योजना नहीं है। कंपनी ने कोर्ट में ये भी दावा किया कि उसकी बैटरियों के पहले से ही लाखों ग्राहक हैं।

# दमानी की कंपनी ने दिखाया दम, 22 प्रतिशत उछला प्रॉफिट, अब शेयर पर फोकस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** डी-मार्ट ब्रांड के तहत आने वाले एवेन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड ने मार्च तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में एवेन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड का नेट प्रॉफिट 22.39 प्रतिशत बढ़कर 563 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 460 करोड़ रुपये रहा था। पूरे वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कंपनी का प्रॉफिट बढ़कर 2,536 करोड़ रुपये रहा है जो वित्त वर्ष 2022-23 में 2,378 करोड़ रुपये था। कंपनी की कुल आमदनी बीते वित्त वर्ष में बढ़कर 50,789 करोड़ रुपये रही थी, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 42,840 करोड़ रुपये थी।

### क्या कहा कंपनी ने

एवेन्यू सुपरमार्ट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी और प्रबंध निदेशक नेविल नोरोन्हा ने कहा कि डीमार्ट, ईट-और-मोर्टार व्यवसाय ने राजस्व, एबिटा और नेट प्रॉफिट के प्रमुख वित्तीय मापदंडों में वृद्धि के साथ साल का अंत किया। बता दें कि एवेन्यू सुपरमार्ट्स डी-मार्ट स्टोर



की मालिक है और इसका संचालन करती है।

### 41 नए स्टोर खोले

एवेन्यू सुपरमार्ट ने वर्ष के दौरान 41 नए स्टोर खोले और इसकी कुल स्टोर संख्या 365 है। वहीं, कंपनी के 284 स्टोर हैं जो दो साल या उससे पुराने हैं। इसके साथ ही कंपनी ने ई-कॉमर्स वर्टिकल-डीमार्ट रेडी- गुरुग्राम में काम करना शुरू कर दिया है। डीमार्ट रेडी देश भर के 23 शहरों में उपलब्ध है।

### शेयर का हाल

बीते 3 मई को एवेन्यू सुपरमार्ट्स के शेयर बीएसई पर 0.10 प्रतिशत बढ़कर 4610.35 रुपये पर बंद हुए। यह शेयर 23 अप्रैल को 4,888 रुपये के भाव तक गया। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है। अब सोमवार को यह शेयर फोकस में रहने वाला है। यह देखना अहम है कि निवेशक तिमाही नतीजे को किस तरह से लेते हैं।

### दमानी की है कंपनी

यह कंपनी दिग्गज निवेशक और अरबपति राधाकिशन दमानी की है। शेयरहोल्डिंग पैटर्न को देखें तो प्रमोटर्स के पास 74.65 फीसदी हिस्सेदारी है। वहीं, पब्लिक शेयरहोल्डर्स के पास 25.35 फीसदी हिस्सेदारी है। इस कंपनी में राधाकिशन दमानी की इंडिविजुअल हिस्सेदारी 23.03 फीसदी की है। इसके अलावा दमानी फैमिली के अन्य सदस्य भी प्रमोटर सदस्य हैं।

# पेटीएम की मूल कंपनी के अध्यक्ष भावेश गुप्ता ने दिया इस्तीफा, कहा- निजी कारणों से छोड़ा पद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस के अध्यक्ष और सीओओ भावेश गुप्ता ने कंपनी से इस्तीफा दे दिया है। शनिवार को जारी किए गए आधिकारिक बयान में इस बात की जानकारी दी गई है। बता दें कि भावेश गुप्ता कंपनी में ऑनलाइन और ऑफलाइन भुगतान और ऋण व्यवसाय समेत अन्य कार्यों का संचालन कर रहे थे। बयान में कहा गया है कि गुप्ता ने निजी कारणों से पद से इस्तीफा दिया है। वह 31 मई को कंपनी की सेवाओं




से मुक्त हो जाएंगे। हालांकि, वह इस साल के आखिर तक कंपनी के साथ सलाहकार की भूमिका में बने रहेंगे। भावेश गुप्ता पेटीएम के साथ अगस्त 2020 में जुड़े थे।

**वन97 कम्युनिकेशंस का बयान** : वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड का कहना है कि कंपनी अपनी नेतृत्व टीम का विस्तार कर रही है। कंपनी ने पेटीएम के सीईओ और वरिष्ठ प्रबंधन के साथ सीधे काम करने के लिए अपनी नेतृत्व टीम का विस्तार किया है। कंपनी ने कहा है कि पेटीएम के भुगतान और क्रेडिट व्यवसायों का नेतृत्व जिन अधिकारियों द्वारा किया जाता है, उनमें से हर किसी के पास पेटीएम में पांच साल से अधिक का अनुभव है। यह अनुभवी नेतृत्व टीम अब सीधे पेटीएम के सीईओ के साथ काम करेगी।

### टीम में हुए हैं ये बदलाव

हाल ही में राकेश सिंह को पेटीएम मनी लिमिटेड (पीएमएल) के नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। इससे पहले राकेश सिंह फिस्डोम में स्टॉक ब्रोकिंग व्यवसाय के सीईओ थे। वह आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज और स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक में प्रमुख प्रबंधन पदों पर रहे हैं। इसके अलावा कंपनी ने बताया कि पेटीएम मनी लिमिटेड के पूर्व प्रमुख वरुण श्रीधर अब पीएसपीएल में सीईओ के रूप में नेतृत्व कर रहे हैं। पेटीएम के संस्थापक और सीईओ विजय शेखर शर्मा का कहना है कि भुगतान और उधार पर कंपनी का फोकस पहले से कहीं ज्यादा मजबूत है।

# आईडीबीआई बैंक का नेट प्रॉफिट मार्च तिमाही में 44 प्रतिशत बढ़ा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** निजी क्षेत्र के आईडीबीआई बैंक का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में 44 प्रतिशत उछलकर 1,628 करोड़ रुपए रहा है। वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 1,133 करोड़ रुपए रहा था।

बैंक ने शनिवार को कहा कि जनवरी-मार्च तिमाही में उसकी कुल आमदनी बढ़कर 7,887 करोड़ रुपए रही है, जो पिछले साल समान तिमाही में 7,014 करोड़ रुपए थी। पिछले वित्त वर्ष के लिए बैंक का शुद्ध लाभ 55 प्रतिशत बढ़कर 5,634 करोड़ रुपए के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया है। वित्त वर्ष 2022-23 में बैंक का शुद्ध लाभ 3,645 करोड़ रुपए था। कंपनी की कुल आमदनी वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 30,037 करोड़ रुपये थी, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 24,942 करोड़ रुपए थी। आईडीबीआई बैंक की शुद्ध ब्याज आय मार्च तिमाही में 12 प्रतिशत बढ़कर 3,688 करोड़ रुपए रही है, जो पिछले साल समान तिमाही में 3,280 करोड़ रुपए थी। शुद्ध गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) अनुपात 31 मार्च, 2024 को सुधरकर 0.34 प्रतिशत हो गया, जो 31 मार्च, 2023 को 0.92 प्रतिशत था। आईडीबीआई बैंक के निदेशक मंडल ने 15 प्रतिशत लाभांश का प्रस्ताव दिया है जो शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है।

# भोपाल में भूटानी इंफ्रा का नया चैप्टर शुरू हुआ

**भोपाल।** रियल्टी सेक्टर के दिग्गज, भूटानी ग्रुप ने भोपाल में अपने नए ऑफिस का अनावरण किया. मध्य प्रदेश में अपने ऑपरेशन को एक्सपैंड करने के उद्देश्य से यह यह निर्णय लिया गया है. इस माइलस्टोन को सेलिब्रेट करने के लिए, भूटानी ग्रुप ने भोपाल के प्रतिष्ठित ताज लेकफ्रंट होटल में इन्वेस्टर्स और पार्टनर्स की एक बैठक आयोजित की। इस कार्यक्रम में इंडस्ट्री पार्टनर, स्टेकहोल्डर्स और स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों सहित लगभग 400 सम्मानित लोगों ने भाग लिया, जिसका उद्देश्य स्मूथ रिलेशनशिप डेवेलोप करना और फ्यूचर प्लान्स डिसकस करना था. भूटानी ग्रुप के सीईओ आशीष भूटानी ने कहा, हम पूरे भारत में न्यू रियल एस्टेट सलूशन प्रदान करने के अपने लक्ष्य को आगे बढ़ाते हुए, भोपाल में अपनी उपस्थिति स्थापित करके प्रसन्न हैं। यह आयोजन सार्थक संबंधों को बढ़ावा देने और इस जीवंत बाजार में नए अवसरों की खोज करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मीट और ग्रीट कार्यक्रम में नेटवर्किंग सेशन और आगामी प्रोजेक्ट्स पर विचार-विमर्श किया गया, जिसके बाद एक भव्य रात्रिभोज का आयोजन किया गया। भूटानी ग्रुप इस क्षेत्र में स्थायी साझेदारी बनाने और निवेशकों और भागीदारों के योगदान के लिए तत्पर है। भूटानी ग्रुप अपने नए × हाई क्वालिटी कमर्शियल व रेजिडेंशियल प्रोजेक्ट्स के लिए जाना जाता है। शहरी स्थानों को फिर से परिभाषित करने की प्रतिबद्धता के साथ स्थापित, भूटानी इंफ्रा ऐतिहासिक प्रोजेक्ट्स बनाने में माहिर है जो आधुनिक डिजाइन के साथ कार्यक्षमता को जोड़ती है। उनकी परियोजनाएं विश्व स्तरीय सुविधाओं, टिकाऊ सुविधाओं और रणनीतिक स्थानों का दावा करती हैं, जो व्यवसायों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करती हैं। पोर्टफोलियो में कमर्शियल रियल एस्टेट में मानक स्थापित करने वाले प्रतिष्ठित विकास और आवासीय परियोजनाओं में विलासिता का प्रतीक शामिल है।

# विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप 2024 का शेड्यूल घोषित

**● 6 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, इंडिया और पाकिस्तान एक ग्रुप में ● भारत-पाक मैच 6 अक्टूबर को**




**ढाका (एजेंसी)।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने इस साल बांग्लादेश में 3 से 20 अक्टूबर तक होने वाली विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप के लिए शेड्यूल का ऐलान कर दिया है। इस वर्ल्ड कप में 10 टीमें भाग लेंगी। 18 दिनों में 23 मैच आयोजित किए जाएंगे। रविवार को ढाका में हुए एक कार्यक्रम में विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप 2024 का शेड्यूल को जारी किया गया। इस अवसर पर बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष नजमुल हसन, द्वष्ट्र के सीईओ ज्योफ एलार्डिस, भारतीय टीम की कप्तान हरमप्रीत कौर और बांग्लादेश की कप्तान निगार सुल्ताना ने हिस्सा लिया। भारत ग्रुप ए में 6 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के साथ है। इसके अलावा इस ग्रुप में पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और क्वालिफायर से आई एक टीम शामिल है। वहीं मेजबान बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और क्वालिफायर-2 टीम ग्रुप बी में है। इस ग्रुप के सभी मैच ढाका में खेले जाएंगे। वर्ल्ड कप शेड्यूल की घोषणा के दौरान बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के साथ भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर और बांग्लादेश की कैप्टन निगार सुल्ताना।

### भारत–पाक के बीच मैच 6 अक्टूबर को होगी भिड़ंत


भारतीय टीम वर्ल्ड कप में अपने अभियान की शुरुआत 4 अक्टूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगी। वहीं 6 अक्टूबर को पाकिस्तान के साथ भिड़ेगी। जबकि ऑस्ट्रेलिया अपने अभियान की शुरुआत 4 अक्टूबर को ही क्वालिफायर–1 टीम के खिलाफ करेगी।

### दोनों ग्रुप से टॉप दो टीमें पहुंचेगी सेमीफाइनल में

सेमीफाइनल में दोनों ग्रुप की टॉप दो टीमें पहुंचेगी। पहला सेमीफाइनल 17 अक्टूबर को सिलहट में और दूसरा सेमीफाइनल 18 अक्टूबर को ढाका में खेला जाएगा। वहीं 20 अक्टूबर को फाइनल ढाका में ही खेल जाएगा।

### क्वालिफायर–1 और 2 का फैसला 7 मई को

वहीं वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफायर–1 और क्वालिफायर–2 का फैसला 7 मई को आईसीसी विमेंस टी–20 वर्ल्ड कप क्वालिफायर के होने वाले फाइनल से होगा। 27 सितंबर से 1 अक्टूबर के बीच ढाका में 10 प्रैक्टिस मैच खेले जाएंगे।





# फैंस ने हेनरिक क्लासेन को घेरा, सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज ने खोया आपा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अपने पसंदीदा क्रिकेट स्टार की एक झलक पाना कई प्रशंसकों के लिए एक सपने के सच होने जैसा है। हालांकि इस इच्छा को पूरा करने की उत्सुकता में कुछ समर्थक सीमाओं को लांघ देते हैं जिससे अप्रिय स्थिति पैदा हो जाती है। उनकी हरकतें न केवल उनके लिए बल्कि उन क्रिकेट सितारों के लिए भी असुविधा पैदा कर सकती हैं जिनकी वे प्रशंसा करते हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के धमाकेदार बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन को हैदराबाद में एक ऐसी ही घटना का सामना करना पड़ा जब वह प्रशंसकों द्वारा भीड़ में फंसने के बाद अपना आपा खो बैठे।

सोशल मीडिया पर एक वायरल वीडियो में क्लासेन और जयदेव उनादकट को संभवतः एक मॉल में प्रशंसकों से घिरे हुए, अराजक स्थिति का सामना करते हुए दिखाया गया। क्लासेन काफी चिढ़े हुए दिखे और उन्होंने प्रशंसकों से शांत रहने का आग्रह किया। इस घटना के बाद सनराइजर्स हैदराबाद के प्रबंधन को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं, क्योंकि इससे सवाल उठता है कि प्रशंसक खिलाड़ियों के इतने करीब कैसे आ पाए, जिससे संभावित सुरक्षा जोखिम पैदा हो गया।

आईपीएल 2024 के दौरान क्लासेन की लोकप्रियता कफी बढ़ी है क्योंकि उन्होंने अपनी टीम के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विस्फोटक बल्लेबाज ने 10 पारियों में 48 की शानदार औसत और 189 की स्ट्राइक रेट से 337 रन बनाए हैं।

# पंजाब के गेंदबाजों ने चेन्नई सुपर किंग्स की रफ्तार रोकी

**● चेन्नई ने पंजाब को 168 रन का टारगेट दिया**

**● जडेजा ने 43 रन बनाए, धोनी पहली बॉल पर बोल्ड चाहर-पटेल को 3-3 विकेट**




**धर्मशाला (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स ने पंजाब किंग को 168 रन का टारगेट दिया है। इंडियन प्रीमियर लीग में डबल हेडर (एक दिन में 2 मैच) खेला जा रहा है। दिन के पहले मुकाबले में धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में पंजाब ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला लिया।चेन्नई ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 167 रन बनाए। यहां हाई स्कोरिंग मुकाबला होने की संभावना थी। धर्मशाला की सतह ने पहले भी तेज गेंदबाजों को मदद की है। पहली पारी का औसत स्कोर 179 है, जबकि दूसरी पारी का औसत स्कोर 166 है। आठ में से सात विकेट तेज गेंदबाजों ने लिए हैं। पिछले पांच वर्षों में 100 प्रतिशत बार टॉस जीतने वाली टीमों ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया है।

### प्लेइंग 11

**पंजाब किंग्स** – जॉनी बेयरस्टो, रिले रोसौव, शशांक सिंह, सैम कुरेन (कप्तान), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), आशुतोष शर्मा, हरप्रीत बराड़, हर्षल पटेल, राहुल चाहर, कैगिसो रबाडा, अर्शदीप सिंह

**चेन्नई सुपर किंग्स** – अजिंक्य रहाणे, रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), डेरिल मिशेल, शिवम दुबे, मोइन अली, रवींद्र जडेजा, एमएस धोनी (विकेटकीपर), मिशेल सेंटनर, शार्दुल ठाकुर, रिचर्ड ग्लीसन, तुषार देशपांडे

# आज वानखेड़े में लगेगा रनों का अंबार या गेंदबाजों का रहेगा जलवा?

**मुंबई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 का 53वां मुकाबला मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मुंबई के वानखेड़े क्रिकेट स्टेडियम में 6 मई यानी सोमवार को खेला जाएगा। 11 में से 8 मुकाबले हारने के बाद मुंबई इंडियंस इस वक्त पॉइंट्स टेबल में सबसे नीचे हैं। वहीं हैदराबाद 10 में से 6 मुकाबले जीतने के बाद पॉइंट्स टेबल में चौथे पायदान पर हैं। दोनों टीमें आईपीएल 2024 में दूसरी बार एक दूसरे से भिड़ रही हैं। इससे पहले जब दोनों टीमें हैदराबाद में मिली थीं। तो होम टीम एसआरएच ने रनों का अंबार लगाया था और आरसीबी का सबसे बड़ा स्कोर का रिकॉर्ड तोड़ा था। दोनों टीमों के बीच एक और रोमांचक मैच की उम्मीद है। आइये जानते हैं कि इस मैच में मुंबई की पिच कैसा खेलने वाली है।

**मुंबई और हैदराबाद के मैच की**

### मुंबई-हैदराबाद में होगा रोमांचक मुकाबला







**पिच रिपोर्ट** – मुंबई के वानखेड़े क्रिकेट स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के लिए स्वर्ग मानी जाती है। इस मैदान पर जमकर रन बनते हैं। छोटा ग्राउंड होने की वजह से चौके-छक्कों की भी खूब बारिश होती है। गेंदबाज इस पिच पर संघर्ष करते नजर आते हैं। हालांकि स्पिनर्स को इस पिच पर मदद जरूर मिलती है।

इंडियन प्रीमियर लीग के इतिहास में मुंबई के वानखेड़े क्रिकेट स्टेडियम में अब तक कुल 116 मुकाबले खेले गए हैं। इसमें से 53 पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम तो 63 दूसरे बल्लेबाजी करने वाली टीम ने जीते हैं। जो भी टीम मुंबई में टॉस जीतेगी वह पहले गेंदबाजी करने को देख सकती है। पहली पारी का औसत स्कोर आईपीएल में वानखेड़े में 170 रन है।


### मैच के लिए दोनों टीमें इस प्रकार हैं-

**मुंबई इंडियंस** – हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, गेराल्ड कोएट्ती, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, इशान किशन, अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, हार्विक देसाई (विकेटकीपर), नेहल वढेरा और ल्यूक वुड।

**सनराइजर्स हैदराबाद** – अभिषेक शर्मा, ट्रेविस हेड, हेनरिक क्लासेन, एडेन मार्कराम, अब्दुल समद, नितीश रेड्डी, शाहबाज अहमद, पैट कमिंस (कप्तान), भुवनेश्वर कुमार, जयदेव उनादकट, टी नटराजन, मयंक मारकंडे, उमरान मलिक, अनमोलप्रीत सिंह , ग्लेन फिलिप्स, राहुल त्रिपाठी, वॉशिंगटन सुंदर, उपेन्द्र यादव, जथावेध सुब्रमण्यन, सनवीर सिंह, विजयकांत व्यासकांत, फजलहक फारूकी, मार्को यानसेन, आकाश महाराज सिंह और मयंक अग्रवाल।

# सीएसके के लिए बोझ बने अजिंक्य रहाणे

**● बुरी तरह हुआ एक्सपोज, शायद ही अगले सीजन में मिले मौका**




**धर्मशाला (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 53वें मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स की शुरुआत काफी खराब रही। ओपनर बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे सिर्फ 9 रन बनाकर पवेलियन वापस लौट गए। इस पूरे सीजन में रहाणे सीएसके के लिए कमाल नहीं दिखा सके हैं। इस सीजन में रहाणे में सीएसके लिए 10 पारियों में सिर्फ 199 रन बना पाए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट सिर्फ 122.84 का रहा है। इस दौरान रहाणे ने सबसे बड़ी पारी दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 45 रनों की खेली थी।अजिंक्य रहाणे का सीएसके के लिए बल्लेबाजी में नहीं चलना टीम के लिए मुश्किल खड़ा किया है, क्योंकि उनसे उम्मीद की जाती रही है कि वह ओपनिंग में एक अच्छा स्टार्ट दें लेकिन ऐसा नहीं हो पाया है।

**5वें स्थान पर है चेन्नई सुपर किंग्स** – इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में सीएसके का प्रदर्शन औसत रही रहा है। टीम टूर्नामेंट में अब तक कुल 10 मैच खेली है जिसमें से उसे 5 में जीत और इतने में ही हार का सामना करना पड़ा है। प्लेऑफ में पहुंचने के लिए सीएसके को अभी भी कम से कम 3 मुकाबले जीतने होंगे तभी उसके लिए मौका बन पाएगा।

**कैसा था पिछले सीजन में रहाणे का प्रदर्शन** – चेन्नई सुपर किंग्स के लिए अजिंक्य रहाणे के पिछले साल के प्रदर्शन को देखें तो वह काफी शानदार रहा था। रहाणे टीम के लिए 14 मैचों में 326 रन बनाए थे। इस दौरान उनके बल्ले से दो अर्धशतक भी आया था। स्ट्राइक रेट की बात करें तो पिछले सीजन में 172.49 का था। हालांकि इसके बाद से रहाणे का फॉर्म नीचे ही गिरता चला गया।

**आईपीएल 2024 की प्लेऑफ की रेस में आरसीबी अब भी बरकरार** – घरेलू क्रिकेट में भी रहाणे रन बनाने के लिए संघर्ष करते दिखे। लगातार खराब फॉर्म के कारण रहाणे ने टीम इंडिया से अपनी जगह गंवा दी। यही कारण है कि अब अगले सीजन में भी उनके खेलने पर संदेह है।

# बेल्जियम के डेनियल दारदा नें जीता सर्दिनिया विश्व शतरंज फेस्टिवल का खिताब

**ओलबिया, इटली (एजेंसी)।** सर्दिनिया विश्व शतरंज फेस्टिवल का खिताब एक बेहद ही रोमांचक फाइनल मुक़ाबले में बेल्जियम के ग्रांड मास्टर डेनियल दारदा नें अपने नाम कर लिया, दरअसल नौवे राउंड में एक दिन पहले तक 6.5 अंक बनाकर सबसे आगे चल रहे दोनों ग्रांड मास्टर स्पेन के एलन पीचोट और इज़राइल के ग्रांडमास्टर यैर पारखोव अंक अपने मुक़ाबले हार गए और चार खिलाड़ी 7 अंक बनाकर सयुंक्त पहले स्थान पर आ गए पर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर बेल्जियम के डेनियल दारदा, रोमानिया के किरिल सावचेंकों , फीडे के मुरजिन वोलोदर और नीदरलैंड के वांन फॉरेस्ट क्रमशः पहले से चौंथे स्थान पर रहे। अंतिम राउंड में डेनियल नें एलन को काले मोहरो से खेलते हुए पराजित किया जबकि पारखोव को वांन फॉरेस्ट से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय खिलाड़ियों में सविता श्री नें सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरुस्कार जीता जबकि इसी वर्ग में भारत की वन्तिका अग्रवाल दूसरे स्थान पर रही।



# आरसीबी वेंटिलेटर से बाहर निकली पर अब भी आईसीयू में है, प्लेऑफ की उम्मीदों पर जडेजा का बेबाक बयान

**बेंगलुरू (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय ऑलराउंडर अजय जडेजा का मानना है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के गेंदबाजों ने एकजुट होकर प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को 'वेंटिलेटर' से बाहर निकाल दिया है, लेकिन गुजरात टाइटंस पर जीत के बावजूद टीम अब भी 'आईसीयू' में है। शनिवार को गुजरात के 148 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी ने 38 गेंद शेष रहते चार विकेट से जीत दर्ज की। फाफ डु प्लेसी (64) और विराट कोहली (42) ने पावरप्ले में 92 रन की साझेदारी की लेकिन आरसीबी ने इसके बाद लगातार विकेट गंवाए जिससे उसका स्कोर बिना विकेट के 92 रन से छह विकेट पर 117 रन हो गया और एक समय गुजरात की अप्रत्याशित जीत की उम्मीद बंध गई थी।

**जडेजा ने क्या और क्यों कहा** – अजय जडेजा ने 'जियो सिनेमा' से कहा, अब भी कमजोरियां नजर आ रही हैं, आखिर में क्या हुआ। लेकिन मौका है। वे वेंटिलेटर से बाहर हैं,



लेकिन वे अब भी आईसीयू में हैं। विराट और फाफ को बल्लेबाजी करते हुए देखने के बाद हम आज के मैच को लेकर उत्साहित हैं। लेकिन असली काम गेंदबाजों ने किया, एक ऐसा पहलू जिसमें आरसीबी पारंपरिक रूप से संघर्ष करती रही है। गेंदबाजी विभाग ने अब उनके लिए योगदाना देना शुरू कर दिया है और हम सत्र के अंत के बारे में बात कर रहे हैं, यही वह बिंदु है जहां से जीत की वास्तविक संभावना में गति आती है।

**सिराज ने बढ़ाई आरसीबी की उम्मीद** – मोहम्मद सिराज की फॉर्म में वापसी ने आरसीबी की वापसी में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सिराज ने आईपीएल में गुजरात टाइटंस के खिलाफ पावरप्ले में शानदार प्रदर्शन करते हुए शुभमन गिल और ऋधिमान साहा के विकेट लिए। उन्होंने अपने शुरुआती दो ओवर में नौ रन देकर दो विकेट चटकाए। पिछले पांच वर्षों से सिराज के साथ काम कर रहे आरसीबी के सहायक कोच एडम ग्रिफिथ ने इस बदलाव का कारण 'गेंद को फिर से स्विंग कराने' को बताया। इस तेज गेंदबाज के अच्छे प्रदर्शन ने अगले महीने होने वाले टी-20 विश्व कप से पहले भारतीय टीम प्रबंधन को भी राहत दी होगी। आईसीसी की प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में उनके जसप्रीत बुमराह के साथ नई गेंद साझा करने की उम्मीद है।

# बजरंग अस्थायी रूप से निलंबित, डब्ल्यूएफआई ने नाडा पर अंधेरे में रखने का आरोप लगाया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बजरंग पुनिया को हाल ही में राष्ट्रीय ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिए अपना नमूना देने से इनकार करने पर अस्थाई तौर पर निलंबित कर दिया गया है। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) इस मामले में राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) द्वारा उसे 'अंधेरे में रखने का आरोप लगाते हुए विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) से शिकायत करने की योजना बना रहा है।

बजरंग को 23 अप्रैल को नाडा ने अस्थायी निलंबन सौंपा था। उन्हें आगे की अनुशासनात्मक कार्रवाई से बचने के लिए सात मई तक अपना जवाब भेजने को कहा गया था। बिश्केक में एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर के लिए पुरुषों की राष्ट्रीय टीम चुनने के लिए ट्रायल 10 मार्च को सोनीपत में आयोजित किया गया था और बजरंग अपना मुकाबला हारने के बाद मूत्र का




नमूना दिए बिना ही प्रतियोगिता स्थल से चले गए थे।

बजरंग ने अपने निलंबन पर कहा कि उन्होंने कभी भी नाडा अधिकारियों को अपना नमूना देने से इनकार नहीं किया। उन्होंने नाडा पर 'एक्सपायर हो चुकी किट' देने का आरोप लगाते हुए 'एक्स' पर लिखा, 'मेरे बारे में जो डोप टेस्ट के लिए खबर आ रही है उसके लिए मैं स्पष्ट करना चाहता हूं। मैंने कभी भी नाडा अधिकारियों को नमूना देने से इनकार नहीं किया, मैंने उनसे अनुरोध किया कि वे मुझे जवाब दें कि वे पहले मेरा नमूना लेने के लिए जो 'एक्सपायर किट' लाए थे, उस पर उन्होंने क्या कदम उठाए या क्या कार्रवाई की उसका जवाब दे दीजिए और फिर मेरा डोप टेस्ट ले लीजिए। उन्होंने कहा, 'मेरे वकील विदुष सिंघानिया इस पत्र का जवाब समय अनुसार देंगे।

बजरंग अगर तय समय में अपना जवाब देने में असफल रहते हैं तो वह पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन की दौड़ से बाहर हो जाएंगे। इस बीच डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने आश्चर्य व्यक्त किया कि नाडा ने उन्हें बजरंग के निलंबन के बारे में सूचित नहीं किया। संजय ने कहा, 'यह वास्तव में आश्चर्यजनक है कि नाडा ने बजरंग को निलंबित करते समय हमें सूचित नहीं किया। मैंने 25 अप्रैल को नाडा महानिदेशक और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की थी और उस बैठक में यह मामला नहीं उठाया गया था।

उन्होंने कहा, 'वे रहने के स्थान संबंधी शर्तों, लंबी सूची (पेरिस ओलंपिक के लिए संभावित दावेदार) आदि जैसे मामलों पर हमारे साथ संवाद करते रहते हैं। यहां तक कि हमने हाल ही में हुए फेडरेशन कप के बारे में भी चर्चा की, जहां उन्होंने विजेताओं से नमूने इकट्ठा करने के लिए अधिकारियों को भेजा था। उन्होंने कहा, 'उन्होंने हमें बजरंग पुनिया के निलंबन के बारे में नहीं बताया। मैंने आज सुबह नाडा अधिकारियों को फोन किया और उनके पास मेरे प्रश्न का कोई जवाब नहीं था। अब मैं नाडा को पत्र लिखने और वाडा को इस बारे में सूचित करने की योजना बना रहा हूं।

**आईपीएल 2024**

# विराट कोहली ने फ्लाइंग किस के साथ शाहरुख खान को दिखाया बाहर का रास्ता

**बेंगलूर (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) शनिवार को गुजरात टाइटंस (जीटी) के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए प्लेऑफ की धुंधली उम्मीदों को कायम रखा। आरसीबी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और गेंदबाजी का उनका निर्णय बेहतर साबित हुआ क्योंकि वे जीटी के सभी बल्लेबाजों पर हावी थे। गेंदबाजों ने जल्दी ही प्रहार किया और जीटी ने पावरप्ले के भीतर अपने शीर्ष चार बल्लेबाजों को खो दिया था। जीटी के लिए शाहरुख खान शानदार लय में दिखे और उन्होंने स्कोरबोर्ड को नियंत्रण में रखा। वह बड़े स्कोर का लक्ष्य बना रहे थे और विराट कोहली ने उनकी पारी को रोक दिया।





भारत के स्टार बल्लेबाज ने अपनी तेज प्रतिक्रिया दिखाई और नॉन-स्ट्राइकर छोर पर शाहरुख को उनकी क्रीज से कुछ ही दूरी पर रन आउट कर दिया। जब विराट ने युवा बल्लेबाज को फ्लाइंग किस देकर विदा किया तो दर्शकों ने जोरदार तालियां बजाई। पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला करने के बाद आरसीबी के लिए स्वप्निल सिंह ने अच्छी शुरुआत की। हालांकि यह तेज़ गेंदबाज मोहम्मद सिराज थे जिन्होंने सबसे अधिक प्रभाव डाला। सिराज ने अच्छी लय के साथ गेंदबाजी करते हुए जीटी के दोनों सलामी बल्लेबाजों को आउट किया। इसके बाद कैमरून ग्रीन ने शॉर्ट गेंद पर फॉर्म में चल रहे साई सुदर्शन का विकेट लिया। परिणामस्वरूप मेहमान टीम के पास सीजन का अपना सबसे कम पावरप्ले स्कोर था।

इसके बाद शाहरुख खान और डेविड मिलर ने पलटवार करते हुए अर्धशतकीय साझेदारी बनाई। जब मिलर 23 रन पर थे, तब कर्ण ने उनका कैच छोड़ दिया। इसके बाद मिलर ने अगले ओवर में छक्का जड़ा, लेकिन कर्ण ने 61 रन की साझेदारी को तोड़ दिया। अगले ही ओवर में शाहरुख उनके पीछे पड़ गए। राहुल तेवतिया ने कुछ चौके लगाए, लेकिन आरसीबी ने दो गति वाली पिच का फायदा उठाया और जीटी को मात्र 147 पर समेट दिया। पहली पारी के समापन के बाद आरसीबी के वुजयकुमार वैश्य ने जीटी के खिलाफ टीम के गेमप्लान का खुलासा किया।

## संक्षिप्त समाचार

### दो बंदूकधारियों ने रेस्तरां में इक्वाडोर की ब्यूटी क्वीन की गोली मारकर हत्या की



**क्वेटो, एजेंसी।** इक्वाडोर की ब्यूटी क्वीन और सोशल मीडिया इन्फ्लएंसर लैंडी परेजा गोयबूरो की रेस्तरां में ही हत्या हो गई। जानकारी के मुताबिक वह सी फूड इंजॉय करने एक रेस्तरां में पहुंची थीं। खाने के दौरान वह अपने तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करने लगीं। इसमें उन्होंने अपनी लोकेशन भी शेयर की थी। इसके बाद बदमाशों को लोकेशन पता चल गई और दो बंदूकधारी रेस्तरां पहुंच गए। मौके पर ही उन्होंने ब्यूटी क्वीन की गोली मारकर हत्या कर दी। 23 साल की परेजा गोयबूरो ने 2022 के मिस इक्वाडोर कॉन्टेस्ट में भी हिस्सा लिया था। 28 अप्रैल को उनकी क्वेवेदो सिटी के रेस्तरां में हत्या कर दी गई। वह किसी शादी समारोह में शामिल होने वहां पहुंची थीं। टेलीग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक गोयबूरो का एक ड्रग तस्कर लियांद्रो नोरेरो के साथ अफेयर था। ड्रग ट्रैफिकर की एक साल पहले ही जेल में हुए दंगे के दौरान मौत हो गई थी। पुलिस का कहना है कि संभव है कि नोरेरो की विधवा पत्नी ने ही गोयबूरो की हत्या की सुपारी दी हो। उनका नाम भ्रष्टाचार के एक मामले में भी सामने आया था जो कि न्यायिक अधिकारियों से जुड़े हुआ था। मौत से पहले ही ब्यूटी क्वीन ने अपनी तस्वीरें शेयर की थीं। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई। जानकारी के मुताबिक जब वह गेट के पास किसी से बात कर रही थीं तभी दो बंदूकधारी पहुंचे। एक बंदूकधारी ने गोयबूरो पर गोला दी और मौके से फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक गोयबूरो को तीन गोलियां लगी थीं। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। ड्रग ट्रैफिकर नोरेरो गोयबूरो को महंगे गिफ्ट दिया करता था। इसके अलावा नोरेरो के फोन में भी ब्यूटी क्वीन की तस्वीरें पाई गई थीं। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक दिसंबर 2023 में ब्यूटी क्वीन तब चर्चा में आ गई थी जब नोरेरो के अकाउंटेंट और गोयबूरो के बीच चैट सार्वजनिक हो गए थे। ट्रायल कोर्ट में वकील ने खुलासा किया था तो नोरेरो नहीं चाहता था कि गोयबूरो के साथ उसका अफेयर उसकी पत्नी को पता चले। उसे डर था कि उसकी पत्नी कोई भी खतरनाक कदम उठा सकती है।

### एयरपोर्ट पर शख्स की पैंट में हो रही थी अजीब हरकत, खुलवाई तो निकले सांप

**मियामी , एजेंसी।** अमेरिका में एक युवक की अजीब हरकत सामने आई है। मियामी एयरपोर्ट पर एक शख्स बाहर निकलते हुए अजीब व्यवहार कर रहा था। उसकी पैंट में कुछ अजीब हरकत हो रही थी। जब पुलिस अधिकारियों को शक हुआ तो उन्होंने उसकी पैंट खुलवा ली। अंदर का नजारा देख पुलिस अधिकारी भी हैरान रह गए। उसकी पैंट के अंदर से दो सांप निकले। पुलिस ने तत्काल ऐक्शन लेते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। संयुक्त राज्य अमेरिका के मियामी में एयर पोर्ट के सुरक्षा अधिकारी उस वक्त हैरान रह गए जब उनका ऐसे यात्री से सामना हुआ जो अपनी पैंट के अंदर सांप लेकर घूम रहा था। उसने पैंट के अंदर एक थैली में सांप छिपाकर रखे थे। अमेरिकी परिवहन सुरक्षा प्रशासन (टीएसए) ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मियामी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के अधिकारियों ने 26 अप्रैल को चेकपॉइंट पर एक यात्री के पैंट में सांपों से भरे बैग निकाले। जानकारी के साथ, अधिकारियों ने घटना की तस्वीरें भी सोशल मीडिया में पोस्ट की हैं। जिसमें उस व्यक्ति द्वारा अपनी पैंट के अंदर छिपाए गए बैग से दो छोटे सफेद रंग के सांप बरामद किए गए। अधिकारियों ने बताया कि सांपों को फ्लोरिडा के वन्यजीव संरक्षण आयोग को सौंप दिया गया है। जबकि शख्स को अग्रिम पूछताछ के लिए गिरफ्तार कर लिया गया।

### अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा चीन, ताइवान की सीमा के पास फिर भेजे सैन्य विमान

**टाइपे, एजेंसी।** ताइवान की सीमा के करीब शनिवार और रविवार लगातार दो दिन सुबह-सुबह सात चीनी सैन्य विमान और पांच नौसैनिक जहाजों को देखा गया। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी। सात चीनी सैन्य विमानों में से एक ने ताइवान जलडमरूमध्य को पार किया और ताइवान के दक्षिण पश्चिम वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में प्रवेश किया। चीन की तरफ से इस कार्रवाई के जवाब में ताइवान के सशस्त्र बलों ने स्थिति की निगरानी करते हुए क्षेत्र में लड़ाकू विमान, नौसैनिक जहाजों और तटीय मिसाइल प्रणालियों को तैनात किया। सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी देते हुए ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा, आज सुबह छह बजे सात पीएलए विमान और पांच पीएलएएन जहाजों को ताइवान की सीमा पर देखा गया। उनमें से एक विमान ताइवान जलडमरूमध्य को पार करते हुए ताइवान के दक्षिण पश्चिम वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में घुस गया। आरओसी सशस्त्र बलों ने स्थिति की निगरानी करते हुए इस कार्रवाई का जवाब दिया। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बताया था कि शुक्रवार और शनिवार को छह बजे नौ चीनी सैन्य विमान और पांच नौसैनिक जहाजों को देश की सीमा के पास देखा गया। ताइवान के रक्षा मंत्रालय की तरफ से जारी बयान के अनुसार, चीन की इस हरकत पर जवाबी कार्रवाई करते हुए ताइवान ने लड़ाकू विमान, नौसैनिक जहाजों और तटीय मिसाइल प्रणालियों को काम पर लगा दिया है। मई में अबतक 39 बार चीनी सैन्य विमान और 21 बार नौसैनिक जहाजों को ताइवान की सीमा पर देखा ज चुका है। अप्रैल में ताइवान की हवाई सीमा में चीन के 164 विमानों को ट्रैक किया है। सितंबर 2020 से चीन ने ताइवान के आसपास परिचालन करने वाले सैन्य विमानों और नौसैनिक जहाजों की संख्या में वृद्धि की है।

# पाकिस्तान सरकार ने नई साइबर क्राइम एजेंसी बनाई, विशेषज्ञों का मानना है - यह इमरान खान समर्थकों को भी निशाना बनाएगी

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान सरकार के राष्ट्रीय साइबर अपराध जांच एजेंसी (एनसीसीआईए) नामक एक राष्ट्रीय एजेंसी बनाने के फैसले ने देश में चिंता बढ़ा दी है और कई विशेषज्ञों ने कहा है कि इस कदम से न केवल नागरिकों के निजता के अधिकार पर गंभीर असर पड़ेगा। इसका उद्देश्य जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी की व्यापक सोशल मीडिया उपस्थिति को निशाना बनाना भी था।

पाकिस्तान सरकार के स्थापना प्रभाग ने सोशल मीडिया पर प्रचार और अफवाहों का मुकाबला करने और लोगों के डिजिटल अधिकारों की सुरक्षा पर ध्यान देने के साथ एनसीसीआईए के गठन की घोषणा की।

संघीय सूचना और प्रसारण मंत्री अताउल्लाह तरार ने गुरुवार को कहा कि ऑनलाइन सहित उत्पीड़न का अंत होना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन उत्पीड़न के मुद्दे को हल करने और उपभोक्ताओं के डिजिटल अधिकारों की रक्षा के लिए एनसीसीआईए जैसे प्राधिकरण की तत्काल और सख्त जरूरत थी।

हालाँकि, सुरक्षा विशेषज्ञ सरकार से सहमत नहीं हैं और उन्होंने नागरिकों के निजता के अधिकार पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों पर गंभीर चिंता जताई है। राष्ट्रीय आतंकवाद निरोधक प्राधिकरण के पूर्व प्रमुख व पूर्व पुलिस महानिरीक्षक ख्वाजा खालिद फारूक ने कहा कि यह उन चिंताओं को जन्म देता है, जो प्रयासों और संसाधनों के दोहराव से परे हैं, यह कदम नागरिकों की निजता के अधिकार को भी गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है, जिसे साइबर सुरक्षा को मजबूत करने की जल्दबाजी में नजरअंदाज कर दिया गया है।



एक अन्य दृष्टिकोण में कहा गया है कि सैन्य प्रतिष्ठान सोशल मीडिया पर अपनी बड़ी उपस्थिति के माध्यम से पीटीआई द्वारा चलाए जा रहे सत्ता-विरोधी अभियानों से निपटने के लिए एक मजबूत रणनीति और अधिकार रखना चाहता है। वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक जावेद सिद्दीकी ने कहा कि पीटीआई पाकिस्तान में एकमात्र राजनीतिक दल है, जिसकी सोशल मीडिया पर बहुत मजबूत माजूदगी है। इसके अभियान और सोशल मीडिया टीमों का सोशल मीडिया जुड़ाव के माध्यम से जनता पर सबसे मजबूत प्रभाव है। उन्होंने आगे कहा कि पीटीआई और इमरान खान के समर्थकों द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर सैन्य विरोधी भावनाएं प्रबल और व्यापक रूप से व्यक्त की गई हैं। एनसीसीआईए को नामित किया जा सकता है और सोशल मीडिया पर पीटीआई के नेतृत्व वाले सत्ता विरोधी अभियानों के प्रसार से निपटने पर मुख्य ध्यान देने के लिए काम करने का निर्देश दिया जा सकता है। यह ध्यान रखना उचित है कि एनसीसीआईए के गठन से संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) की पहले से मौजूद साइबर अपराध शाखा निष्क्रिय हो जाएगी। पाकिस्तान के राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार, एनसीसीआईए का गठन इलेक्ट्रॉनिक अपराध निवारण अधिनियम 2016 (पीईसीए) की धारा 51 के तहत किया गया है। अधिसूचना में यह भी उल्लेख किया गया है कि एनसीसीआईए दिसंबर 2024 में एफआईए साइबर अपराध विंग की साइबर अपराध जांच का कार्यभार संभालेगी, साथ ही यह भी कहा गया कि एफआईए अब अधिनियम के तहत नामित एजेंसी के रूप में कार्य करना बंद कर देगी। अधिसूचना में कहा गया है एनसीसीआईए का नेतृत्व एक महानिदेशक द्वारा किया जाएगा, जिसे संघीय सरकार द्वारा दो साल के कार्यकाल के लिए चुना जाएगा। एनसीसीआईए प्रमुख एक पुलिस महानिरीक्षक की शक्तियों का प्रयोग करेंगे, जबकि संघीय सरकार के व्यवसाय से संबंधित एजेंसी के मामलों को आवंटित किया जाएगा। पाकिस्तान के राजपत्र को बनाए रखा गया। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि एनसीसीआईए का गठन अप्रासंगिक है, क्योंकि एफआईए साइबर अपराध विंग को ढांचा, अपेक्षित क्षमताएं मिल गई हैं और साइबर खतरों से निपटने के लिए सुसज्जित है। फारूक ने कहा कि एफआईए की साइबर अपराध शाखा को बदलने के लिए एनसीसीआईए बनाने से जिम्मेदारियों का ओवरलैप हो सकता है, जिससे नौकरशाही अक्षमताएं और भ्रम पैदा हो सकता है। उन्होंने कहा कि इस बात का जोखिम है कि कड़े जांच और संतुलन के बिना साइबर सुरक्षा, गोपनीयता अधिकारों की खोज से समझौता किया जा सकता है। एक अन्य दृष्टिकोण में कहा गया है कि सैन्य प्रतिष्ठान पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) की मजबूत सोशल मीडिया मौजूदगी से निपटने के लिए एक मजबूत रणनीति और अधिकार रखना चाहता है।

## लेबर पार्टी के सादिक खान ने रचा इतिहास, तीसरी बार जीता लंदन के मेयर का चुनाव



**लंदन, एजेंसी।** लेबर पार्टी के नेता खान ने 43.7 फीसदी मत हासिल कर अपनी कंजर्वेटिव प्रतिद्वंद्वी सुसैन हॉल को हराया। उन्हें 2016 के लंदन मेयर चुनाव की तुलना में 11 फीसदी अधिक मत मिले।

पाकिस्तानी मूल के नेता सादिक खान ने शनिवार को इतिहास रचा है। उन्होंने लंदन के मेयर पद पर तीसरी बार जीत दर्ज की। इंग्लैंड और वेल्स के स्थानीय चुनाव में लेबर पार्टी ने अच्छा प्रदर्शन किया है। सीएनएन ने यह जानकारी दी।

लेबर पार्टी के नेता खान ने 43.7 फीसदी मत हासिल कर अपनी कंजर्वेटिव प्रतिद्वंद्वी सुसैन हॉल को हराया। उन्हें 2016 के मेयर चुनाव की तुलना में 11 फीसदी अधिक मत मिले। मेयर पद के कुल 13 उम्मीदवारों में से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर लड़ रहे दिल्ली में जन्मे कारोबारी तरुण गुलाटी को कुल 24,702 वोट मिले और वह दसवें स्थान पर रहे।

चुनाव में जीत हासिल करने के बाद उन्होंने लंदन की जनता का आभार जताया और कहा कि वह हर लंदनवासी के लिए एक सुरक्षित हरियाली वाले शहर को बनाने में अथक प्रयास करेंगे।

खाने एक्स पर लिखा, शुक्रिया लंदन। जिस शहर से मैं प्यार करता हूं उसकी सेवा करना मेरे जीवन के लिए सम्मान की बात है। आज का दिन इतिहास बनाने के बारे में नहीं है, बल्कि हमारे भविष्य को आकार देने के बारे में है। मैं हर लंदनवासी के लिए एक निष्पक्ष, सुरक्षित, हरियाली वाले शहर को आकार देने के लिए अथक प्रयास करूंगा।

## आंतकियों को पालने वाला पाकिस्तान अब खुद बेहाल, 4 माह में खैबर पख्तूनख्वा में हुए 179 आतंकवादी हमले

**पेशावर, एजेंसी।** आंतकियों को पालने वाला पाकिस्तान अब खुद आंतकी हमलों से बेहाल है। पाकिस्तान के काउंटर-टेररिज्म डिपार्टमेंट (सीटीडी) ने अपनी रिपोर्ट में बताया इस साल 30 अप्रैल तक पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत में कुल 179 आतंकवादी घटनाएं दर्ज की गईं। एआरवाय न्यूज के अनुसार सीटीडी की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, 2024 में 91 आतंकी भी मारे गए। जनवरी में 60 आतंकवादी घटनाएं हुईं, इसके बाद फरवरी में 38, मार्च में 33 और अप्रैल में 48 घटनाएं हुईं। विशेष रूप से, फरवरी में केपी में सबसे ज्यादा 31 आतंकवादी मारे गए। इसके अलावा, रिपोर्ट में बताया गया है कि डेरा इस्माइल खान में 19 और उत्तरी वजीरिस्तान में 14 आतंकवादियों को मार गिराया गया। इसके अतिरिक्त, यह इस बात पर प्रकाश डालता है कि मारे गए आतंकवादियों में से 16 सर्वाधिक वांछित सूची में थे, जिनमें मोहसिन कादिर, अजमतुल्ला और फरीदुल्ला जैसे व्यक्ति शामिल थे।एआरवाय न्यूज के अनुसार, सीटीडी रिपोर्ट में 2 आत्मघाती जैकेट, 36 हथगोले और 247 किलोग्राम विस्फोटक की बरामदगी का खुलासा हुआ है। रिपोर्ट से यह भी पता चलता है कि इस साल पुलिस टीमों पर 10 हमले हुए, जो प्रांत में चुनौतीपूर्ण सुरक्षा स्थिति को उजागर करता है।

# ब्राजील में भारी बारिश से मरने वालों की संख्या बढ़कर 57 हुई, 67 लोग अब भी लापता; 32 हजार विस्थापित

**साओ पाउलो, एजेंसी।** रियो ग्रांडे डो सुल के नागरिक सुरक्षा प्राधिकरण ने बताया कि 67 लोग अब भी लापता हैं। 32 हजार से ज्यादा लोग विस्थापित हो गए हैं। तूफान ने राज्य के 497 शहरों में से दो तिहाई को प्रभावित किया। बाढ़ ने कई क्षेत्रों में सड़कों और पुलों को नष्ट कर दिया। ब्राजील के दक्षिणी राज्य रियो ग्रांडे डो सुल में भारी बारिश के बाद मरने वालों की संख्या बढ़कर 57 हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उरुग्वे और अर्जेंटीना की सीमा से सटे राज्य रियो ग्रांडे डो सुल के नागरिक सुरक्षा प्राधिकरण ने बताया कि 67 लोग अब भी लापता हैं। 32 हजार से ज्यादा लोग विस्थापित हो गए हैं। तूफान ने राज्य के 497 शहरों में से दो तिहाई को प्रभावित किया। बाढ़ ने कई क्षेत्रों में सड़कों और पुलों को नष्ट कर दिया। भूस्खलन के कारण एक छोटे पनबिजली संयंत्र में बांध को आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुआ। अधिकारियों ने कहा कि बेंटो गोंसाल्वेस शहर में एक दूसरे बांध के भी ढहने का खतरा है। रियो ग्रांडे डो सुल की राजधानी पोर्टो एलेग्रे में गुइबा झील में पानी बढ़ गया, जिससे वह बाढ़ के रूप में सड़कों पर आ गई। पोर्टो एलेग्रे के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे ने सभी उड़ानों को अनिश्चित काल के लिए निलंबित कर दिया है। राज्य के मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, अगले छत्तीस घंटों में रियो ग्रांडे डो सुल के उत्तरी और उत्तरपूर्वी क्षेत्रों में बारिश की संभावना है। हालांकि बारिश की मात्रा में गिरावट आ रही है। ब्राजील में आई इस भीषण बाढ़ के कारण कई शहर तबाह हो गए और हजारों लोगों को अपने घर छोड़कर जाने के लिए मजबूर होना पड़ा। यह एक साल में चौथी ऐसी पर्यावरणीय आपदा है। इससे पहले 2023 में जुलाई, सितंबर और नवंबर में भी बाढ़ आई थी जिनमें कुल 75 लोग मारे गए थे। ब्राजीलियाई भूवैज्ञानिक सेवा के अनुसार, राज्य में आई बाढ़ 1941 की ऐतिहासिक बाढ़ से भी भीषण है। एजेंसी ने कहा कि कुछ शहरों में जल स्तर तब तक के अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है जब से इसे दर्ज करना शुरू किया गया है। जलस्तर लगभग 150 साल पहले से दर्ज करना शुरू किया गया था। रक्षा एजेंसी के अनुसार, बाढ़ में कम से कम 39 लोगों की मौत हो गई और 68 अन्य लोग अब भी लापता हैं तथा 24,000 से अधिक लोगों को अपने घर छोड़कर जाना पड़ा है। उसने बताया कि बाढ़ के कारण पूरे राज्य में विद्युत आपूर्ति, संचार सेवा और जल आपूर्ति बाधित हो गई है।



# उन्हें नफरत सिखाई जाती है, बच्चों को गाजा में ही बंद रहने दो- अमेरिकी सांसद

**वाशिंगटन, एजेंसी।** इजरायल और हमास के बीच चल रहे महायुद्ध में गाजावासियों की दुर्दशा को देखते हुए अमेरिकी सरकार फिलिस्तीनी शरणार्थियों को अपने देश में पनाह देने की योजना बना रही है। जो बाइडेन सरकार की इस संभावित प्लानिंग पर अमेरिकी सांसद ने आपत्ति जताई है। रिपब्लिकन सीनेटर ने कहा कि यह कदम देश की राष्ट्रीय सुरक्षा को जोखिम में डालने जैसा कदम होगा। उन्होंने कहा कि गाजा के जिन बच्चों को हम अपने यहां लाने की सोच रहे हैं, वहां उन्हें नफरत की शिक्षा दी जाती है। उन्हें गाजा में ही बंद कर दिया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि अगर इतना ही जरूरी है तो यह कदम कोई अरब देश क्यों नहीं उठाता। इजरायल और हमास आतंकियों के बीच चल रहे कत्लेआम में सबसे ज्यादा नुकसान गाजा शहर में हुआ है। यहां मरने वालों की तादाद कम से कम 34 हजार है। अभी भी इजरायली सेना रुकी नहीं है, हमास के हर कण को मिटाने की कसम खा चुकी आईडीएफ ने गाजा और उससे सटे राफा शहर में अपना ऑपरेशन जारी रखने की बात कही है। गाजा में जान गंवाने वाले अधिकतर महिलाएं और मासूम बच्चे हैं। अमेरिका और यूएन समेत कई आधी दुनिया चिंता जता चुका है। तमाम आलोचनाओं को झेलने के बावजूद इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू बेपरवाह हैं और अपना ऑपरेशन जारी रखने की बात दोहरा चुके हैं। उधर, गाजा में कत्लेआम से चिंतित बाइडेन सरकार योजना बना रही है कि जिन अमेरिकियों के रिश्तेदार गाजा में रह रहे हैं, उन्हें शरणार्थी के तौर पर अमेरिका में पनाह दी जाएगी। हालांकि बाइडेन सरकार के इस संभावित कदम की अमेरिकी सीनेटर रॉन जॉनसन ने कड़ी आलोचना की है। जॉनसन उन 34 सीनेट रिपब्लिकन में से एक हैं, जिन्होंने अमेरिका में रहने वाले फिलिस्तीनियों को अपने परिवार के सदस्यों को शरणार्थी के रूप में लाने की अनुमति देने की बाइडेन प्रशासन की संभावित रणनीति के खिलाफ आवाज उठाई है। उन्होंने इस योजना को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताया। फॉक्स न्यूज से बातचीत जॉनसन ने कहा कि फिलिस्तीनी बच्चों को अमेरिका में शरण नहीं दी जानी चाहिए, उन्होंने कहा कि उन्हें वहां नफरत की शिक्षा दी जाती है और उन्हें गाजा में ही बंद कर दिया जाना चाहिए। अमेरिकी कॉलेज परिसरों में फिलिस्तीन के समर्थन में विरोध प्रदर्शनों का उदाहरण देते हुए जॉनसन ने कहा कि यह भी एक बड़ा कारण है कि अरब देशों ने दशकों से फिलिस्तीनी शरणार्थियों को स्वीकार नहीं किया है। अगर उन्होंने ऐसा किया होता तो आज हमें यह समस्या नहीं होती। सीनेटर ने उन्हें खतरनाक लोग कहा और कहा कि यही कारण है कि वे उन्हें गाजा और वेस्ट बैंक में बंद रखने की कोशिश करते हैं वरना ये घटनाएं एक ही जगह सीमित न होकर पूरी दुनिया में फैल सकती है।



# कनाडा कानून के शासन वाला देश, निज्जर हत्या मामले में तीन भारतीयों की गिरफ्तारी पर बोले पीएम ट्रूडो

**ओटावा, एजेंसी।** पिछले साल जून में कनाडा के सरी शहर में एक गुरुद्वारा साहिब के निकट गोली मारकर खालिस्तानी समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में तीन भारतीयों को गिरफ्तार किया गया है। अब पीएम ट्रूडो ने कनाडा को कानून के शासन वाला देश बताया है। खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर भारत और कनाडा के बीच तनातनी बनी हुई है। कनाडा ने हाल ही में इस मामले में तीन भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इसी को लेकर प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि कनाडा कानून के शासन वाला देश है, जहां मजबूत एवं स्वतंत्र न्याय प्रणाली है। इन लोगों को किया गिरफ्तार बता दें, 18 जून 2023 में कनाडा के सरी शहर में एक गुरुद्वारा साहिब के निकट गोली मारकर खालिस्तानी समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में कनाडा पुलिस ने तीन आरोपियों करनप्रीत सिंह, कमलप्रीत सिंह और करण बराड़ को गिरफ्तार किया है। इन लोगों पर प्रथम डिग्री हत्या और हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है।

**कानून के शासन वाला देश :** ट्रूडो शनिवार को टोरंटो में सिख विरासत का जश्न मनाने वाले एक समारोह में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने गिरफ्तारियों के बारे में कहा, यह महत्वपूर्ण है क्योंकि कनाडा एक मजबूत और स्वतंत्र न्याय प्रणाली के साथ-साथ अपने सभी नागरिकों की रक्षा के लिए एक मौलिक प्रतिबद्धता वाला कानून के शासन वाला देश है। जांच तीन लोगों की संलिप्तता तक सीमित नहीं एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ट्रूडो ने कहा कि जैसा कि आरसीएमपी का कहना है कि जांच चल रही है। आगे भी जारी रहेगी। साथ ही जांच कल गिरफ्तार किए गए तीन लोगों की संलिप्तता तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा कि निज्जर की हत्या के बाद सिख समुदाय के कई लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। हर कनाडाई को सुरक्षित रूप से रहने और कनाडा में भेदभाव और हिंसा के खतरों से मुक्त रहने का मौलिक अधिकार है।



# संयुक्त राष्ट्र की खाद्य एजेंसी की चेतावनी- उत्तरी गाजा पर मंडरा रहा पूर्ण अकाल का खतरा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र की खाद्य कार्यक्रम प्रमुख ने उत्तरी गाजा में पूर्ण अकाल की चेतावनी दी है। संगठन ने इस्राइल-हमास युद्ध में संघर्ष विराम का आह्वान दोहराया है।डब्ल्यूएफपी की कार्यकारी निदेशक सिंडी मैक्केन शुक्रवार को एक इंटरव्यू में कहा कि उत्तरी गाजा में अकाल है और यह पूर्ण अकाल और यह दक्षिण की ओर बढ़ रहा है। हमास और इस्राइल के बीच भीषण जंग जारी है। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र की खाद्य कार्यक्रम प्रमुख ने उत्तरी गाजा में पूर्ण अकाल की चेतावनी दी है। संगठन ने संघर्ष विराम का आह्वान किया है। विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) की कार्यकारी निदेशक सिंडी मैक्केन शुक्रवार को एक इंटरव्यू में कहा कि उत्तरी गाजा में अकाल है और यह पूर्ण अकाल और यह दक्षिण की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, हम निरंतर युद्ध विराम और गाजा में सुरक्षित प्रवेश के लिए निर्बाध पहुंच के लिए विभिन्न क्रॉसिंग को खोलने की मांग कर रहे हैं। डब्ल्यूएफपी गाजा में मदद प्रदान करने वाले कई समूहों में से एक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने शुक्रवार को कहा कि गाजा पट्टी में भोजन की उपलब्धता में मामूली सुधार हुआ है। लेकिन 2.4 लाख फलस्तीनियों के घर पर अकाल का खतरा मंडरा रहा है। इस्राइल ने बार-बार संयुक्त राष्ट्र और गैर-सरकारी सगंठनों पर जल्दी से मदद वितरित न करने का आरोप लगाया है। उधर, इस्राइली सुरक्षा बलों ने दावा किया है कि कब्जे वाले वेस्ट बैंक में 12 घंटे की घेराबंदी के दौरान पांच फलस्तीनी आतंकवादी मारे गए। एएफपी के एक फोटोग्राफर ने उत्तरी शहर तुलकेरम के पास देर अल-घुसुन गांव में भारी सैन्य तैनाती देखी। फोटोग्राफर ने बताया कि सैनिकों ने एक इमारत को समतल करने के लिए बुलडोजर तैनात किया और मलबे में एक शव बाहर निकाला। सेना और खुफिया एजेंसी शिन बेट ने एक साझा बयान में कहा कि इस्राइल बलों ने तुलकेरम क्षेत्र में 12 घंटे की घेराबंदी के दौरान एक इमारत में पांच फलस्तीना आतंकवादियों को मार गिराया।

दक्षिण इस्राइल पर पिछले साल सात अक्तूबर को हमास के आतंकवादियों ने हमला किया था। इस दौरान 1170 लोग मारे गए थे। जबकि करीब ढाई सौ लोगों को बंधक बना लिया गया था। इनमें से 128 अभी भी बंधकों के कब्जे में हैं। जिनमें 35 मृत माने जा रहे हैं। इसके बाद इस्राइल ने युद्ध का एलान किया था। हमास नियंत्रित गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, इस्राइल के जवाबी अभियान में गाजा में कम से कम 34,622 लोगों की जान जा चुकी है। जिनमें अधिकांश महिलाएं और बच्चे हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### अमेठी से नहीं मिला टिकट, रॉबर्ट वाड्रा ने फेसबुक पर लिखा भावुक पोस्ट

**अमेठी , एजेंसी।** चुनाव से पहले चर्चा थी कि इस बार रॉबर्ट वाड्रा कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ सकते हैं। कांग्रेस ने रायबरेली और अमेठी की सीट पर प्रत्याशियों का ऐलान करने में भी खासी देरी की। रायबरेली सीट पर राहुल गांधी तो अमेठी सीट पर कांग्रेस के



करीबी किशोरी लाल शर्मा को टिकट दिया गया है। इसी बीच रॉबर्ट वाड्रा ने फेसबुक पर भावुक पोस्ट किया है। बता दें कि अमेठी का फैसला राजनीतिक पंडितों के लिए भी चौकाने वाला था। फेसबुक पर किए गए पोस्ट में रॉबर्ट वाड्रा ने लिखा, राजनीति की कोई भी शक्ति, पद हमारे परिवार के बीच नहीं आ सकती। हम सभी अपने महान राष्ट्र की जनता और जनता की बेहतरी के लिए हमेशा काम करेंगे, करेंगे और करते रहेंगे। आपके समर्थन और शुभकामनाओं के लिए सभी को धन्यवाद। मैं सदैव अपनी जनसेवा के माध्यम से यथासंभव लोगों की मदद करूंगा। बता दें कि रॉबर्ट वाड्रा कई बार अमेठी से चुनाव लड़ने की इच्छा जता चुके हैं। अमेठी से प्रत्याशी के ऐलान के बाद यह रॉबर्ट वाड्रा की पहली प्रतिक्रिया है। बता दें कि रॉबर्ट वाड्रा ने सक्रिय राजनीति में आने का इरादा जताया था। कयास थे कि अगर अमेठी से उन्हें टिकट भी दिया जा सकता है। हालांकि कांग्रेस के फैसले ने सबको हैरान कर दिया। वाड्रा ने कहा था कि वह जनता के बीच रहते हैं इसलिए राजनीति में आ सकते हैं। वहीं भाजपा ने भी अमेठी और रायबरेली का किटट फाइनल होने के बाद तंज कसते हुए कहा था कि वाड्रा परिवार को किनारे कर दिया गया है।

### पवन खेड़ा का पीएम मोदी को चैलेंज- डरिए मत, राहुल की तरह दक्षिण से भी चुनाव लड़कर दिखाइए





**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस के मीडिया व प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने भाजपा पर शनिवार को जमकर निशाना साधा। साथ ही, उन्होंने राहुल गांधी के रायबरेली से चुनाव लड़ने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजाक उड़ाने पर पलटवार किया। खेड़ा ने पूछा कि जैसे राहुल में दक्षिण और उत्तर से लड़ने का साहस है, तो क्या पीएम मोदी दक्षिण से चुनाव क्यों नहीं लड़ते? उन्होंने कहा कि वह तो देश के प्रधानमंत्री हैं फिर दक्षिण से चुनाव लड़ने का साहस क्यों नहीं दिखाते? कांग्रेस नेता ने कहा, हम पीएम मोदी से कह रहे हैं कि डरिए मत, दक्षिण से लड़िए। जैसे राहुल गांधी में दक्षिण और उत्तर से लड़ने की हिम्मत है। पवन खेड़ा ने देश के लोकसभा चुनाव के रोचक दौर में पहुंचने का दावा किया। उन्होंने कहा कि आज कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी नेता महंगाई, बेरोजगारी, महिला अत्याचार और किसानों की दुर्दशा संबंधी विषयों पर बात नहीं कर रहे हैं। खेड़ा ने कहा, भाजपा नेता चुनाव के दौरान असल मुद्दों पर बोलने की बजाए नए विवाद पैदा कर रहे हैं। हिंदू-मुसलमान की बात की जा रही है। मंगलसूत्र पर भी चर्चा कर रहे हैं। जबकि कांग्रेस के न्याय पत्र में इस तरह के शब्दों का ही उपयोग नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि दरअसल 10 सालों में भाजपा ने झूठ की गारंटी दी है और अब उसके नेता लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि देश में महंगाई और बेरोजगारी से सब परेशान हैं। उन्होंने कहा, इन दोनों क्षेत्रों में 10 सालों में क्या किया गया, इस पर क्यों बात नहीं हो रही है। क्या मंगलसूत्र, मटन, मछली, मुसलमान और पाकिस्तान मुद्दे हैं। पवन खेड़ा ने कहा कि देश में अब तक जो रुझान सामने आ रहे हैं, उसके अनुसार भाजपा की स्थिति ठीक नहीं है। इसलिए वह विरासत कर और इस तरह की बातें करने लगे हैं। उनका दावा है कि लोगों में भाजपा के प्रति गुस्सा है।

### लद्दाख लोकसभा सीट से पांच उम्मीदवार मैदान में, तीन नामांकन खारिज

**लद्दाख, एजेंसी।** लद्दाख लोकसभा सीट पर नामांकन पत्रों की जांच के दौरान शनिवार को राष्ट्रीय दलों के दो कवरिंग उम्मीदवारों और एक निर्दलीय प्रत्याशी का नामांकन खारिज कर दिया गया। रिटर्निंग अधिकारी ने यह जानकारी दी। रिटर्निंग अधिकारी संतोष सुखदेव ने बताया कि नामांकन खारिज किये जाने के कारण केवल पांच उम्मीदवार मैदान में बचे हैं। लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण में लद्दाख लोकसभा सीट पर 20 मई को मतदान होगा, जहां 1.82 लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख छह मई है। कवरिंग उम्मीदवार ऐसे प्रत्याशी होते हैं जो मुख्य उम्मीदवार के विकल्प के तौर पर नामांकन करते हैं। नामांकन पत्रों की जांच के बाद पांच उम्मीदवारों के नामांकन पत्र वैध पाए गए जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस के कवरिंग उम्मीदवार क्रमशः स्टैनजिन लाकपा और स्मांला दोरजे नुर्बू की उम्मीदवारी रद्द कर दी गई। सुखदेव ने पीटीआई-भाषा को बताया कि निर्दलीय उम्मीदवार गुलाम नबी जिया का नामांकन भी खारिज कर दिया गया क्योंकि उनका पत्र अधूरा पाया गया था। चुनाव मैदान में शेष पांच उम्मीदवारों में से भाजपा के ताशी ग्यालसन और कांग्रेस के त्सेरिंग नामग्याल लेह से हैं।

# सबसे ज्यादा बारिश वाले मेघालय में भी पानी की किल्लत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्वोत्तर भारत के पर्वतीय राज्य मेघालय के लू की चपेट में आने के कारण राज्य में पीने के पानी की भारी किल्लत हो गई है. यह हाल तब है जब दुनिया में सबसे ज्यादा बारिश वाली जगह सोहरा इसी राज्य में है.पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि जंगल की अंधाधुंध कटाई और बारिश के पानी के संरक्षण की नीति सही ढंग से लागू नहीं होने के कारण ही राज्य को इस संकट का सामना करना पड़ रहा है. ग्लोबल वार्मिंग के प्रतिकूल असर ने इस संकट को और गंभीर बना दिया है. मेघालय बीते कई दिनों से लू की चपेट में हैं. राज्य के कई इलाकों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है. खासकर राजधानी शिलांग और दूसरे सबसे बड़े शहर तूरा में ज्यादातर झरनों और झीलों के सूख जाने के कारण पीने के पानी की समस्या गंभीर हो गई है. इस समस्या के समाधान के लिए मुख्यमंत्री कोनराड संगमा ने बुधवार को एक उच्च-स्तरीय बैठक बुलाई थी. पूर्वोत्तर में जलवायु परिवर्तन के असर से निपटने की पहल भूजल में भारी कमी राज्य के पीएचई मंत्री मारक्यूस एन. मराक ने बैठक के बाद जारी एक बयान में कहा था कि भूजल का स्तर तेजी से घट रहा है और झरनों और झीलों जैसे प्राकृतिक संसाधन सूख रहे हैं. अकेले तूरा में पानी का स्तर 20 फीसदी कम हो गया है. उन्होंने डीडब्ल्यू से बातचीत में



कहा, यह समस्या ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन से जुड़ी है. ऐसे में हम ज्यादा कुछ नहीं कर सकते. अगर एक महीने के भीतर बारिश नहीं हुई तो परिस्थिति बेहद गंभीर हो जाएगी राज्य सरकार ने मौजूदा संकट को ध्यान में रखते हुए लोगों से जल संरक्षण के उपायों को गंभीरता से लागू करने की अपील की है. पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग (पीएचई) के चीफ इंजीनियर बी.एम. लिंडेम ने डीडब्ल्यू को बताया, गर्मी और दूसरे कई कारणों से शिलांग को पानी की सप्लाई करने वाले उमिया नदी के बांध का जलस्तर काफी कम हो गया है. इसके उद्गम स्थल पर पेड़ों की बड़े पैमाने पर कटाई और ऊपरी इलाकों में पत्थर की खदानों की कारण स्थिति गंभीर हो गई है वेस्ट गारो हिल्स के जिला प्रशासक ने तो पानी की कमी को ध्यान में रखते हुए तूरा नगरपालिका में धारा 144 के तहत कई तरह की पाबंदियां लगा दी हैं. फिलहाल यह पाबंदियां 15 मई तक लागू रहेंगी. इसके तहत लोगों से सप्ताह में सिर्फ दो दिन ही गाड़ियों की धुलाई करने को कहा गया है. प्रशासन लोगों से पानी का सोच-समझ कर इस्तेमाल करने की अपील कर रहा है. कई जगहों पर पानी की सप्लाई दिन में सिर्फ दो बार ही की जा रही है. कुछ इलाकों में तो टैंकर से पानी की सप्लाई देने की भी नौबत आ गई है.

लगातार घटती बारिश मेघालय में मौसम विभाग के एक अधिकारी बताते हैं, अप्रैल के दौरान बीते साल के मुकाबले बहुत कम बारिश हुई. मई की शुरुआत में भी यही स्थिति है. इस दौरान औसत साप्ताहिक बारिश की मात्रा 8.5 मिलीमीटर रही जबकि अप्रैल के महीने में साप्ताहिक 81.6 मिलीमीटर बारिश को सामान्य माना जाता है मेघालय के रिसर्चर और पर्यावरण कार्यकर्ता बानियातेलंग मजाव के हालिया रिसर्च रिपोर्ट में कहा गया है कि राज्य में बीते पांच वर्षों के दौरान बारिश की मात्रा में 15 फीसदी तक की कमी आई है. उनका कहना है कि मौजूदा परिस्थिति के लिए कई कारक जिम्मेदार हैं. इनमें जलवायु परिवर्तन के अलावा पेड़ों की कटाई और जल प्रबंधन उपायों को ठीक से लागू नहीं करना शामिल हैं. दुनिया भर में सबसे ज्यादा बारिश वाली जगह सोहरा में भी पानी की किल्लत होने लगी है. मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 1861 में पूरे साल के दौरान 22,987 मिलीमीटर बारिश के साथ इसने दुनिया में सबसे ज्यादा बारिश का रिकॉर्ड बनाया था. लेकिन अब यहां बारिश की मात्रा आधी से भी ज्यादा घट कर 11,359.4 मिलीमीटर रह गई है. बिजली विभाग ने चेतावनी दी है कि जलस्तर में तेजी से गिरावट के कारण उमियाम पनबिजली परियोजना के भी बंद होने का खतरा पैदा हो गया है. इसी बिजली घर से राजधानी शिलांग में बिजली की सप्लाई होती है. जलनीति पर ईमानदारी से पालन नहीं हुआ मेघालय देश का पहला राज्य है, जिसने वर्ष 2019 में जल नीति तैयार की थी।

## लोकसभा चुनाव के बाद भजनलाल कैबिनेट में होगा फेरबदल, किसे मिलेगा मौका?



**जयपुर, एजेंसी।** लोकसभा चुनावों के दो चरणों का मतदान हो चुका है। राजस्थान में दो चरणों के मतदान में काफी कम वोटिंग हुई है। अब ऐसी खबर आ रही है कि लोकसभा चुनावों के तुरंत बाद यानी कि 4 जून के बाद भारतीय जनता पार्टी राजस्थान की भजनलाल कैबिनेट में बदलाव कर सकती है। इस दौरान आशंका जताई जा रही है कि कुछ मंत्रियों का पत्ता भी कट सकता है और कुछ नए चेहरों को भी मौका मिल सकता है। इस दौरान मंत्रियों की सीटों पर लोकसभा चुनावों का परिणाम भी बहुत कुछ तय करेगा। आइये जानते हैं कि भजनलाल कैबिनेट में किसे मौका मिल सकता है। राजस्थान की कैबिनेट में फिलहाल मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और दो डिप्टी सीएम समेत कुल 26 मंत्री हैं। कैबिनेट में चार मंत्रियों के लिए अभी जगह बाकी है। ऐसा माना जा रहा था कि लोकसभा चुनाव से पहले ही राजस्थान कैबिनेट में बदलाव कर नए चेहरों को शामिल किया जा सकता है। हालांकि, हुआ नहीं। अब बताया जा रहा है कि लोकसभा चुनावों के परिणामों के आधार पर कैबिनेट में फेरबदल किया जाएगा। पार्टी ने मंत्रियों की लोकसभा सीटों पर उनके प्रत्याशियों के प्रदर्शन के आधार पर तय करेगी कि किसे मंत्रिमंडल में प्रमोशन दिया जाए और किसे पदावनति। लोकसभा चुनावों के दो चरणों के मतदान में कमी को देखते हुए ऐसा माना जा रहा है कि जिन मंत्रियों के लोकसभा क्षेत्रों में वोट प्रतिशत कम रह रहा है उनके लिए ये खतरे की घंटी साबित हो सकती है।

**किसे मिलेगा मौका :** ऐसा माना जा रहा है कि मंत्रियों की लोकसभा सीटों पर प्रदर्शन को कैबिनेट फेरबदल में प्राथमिकता दी जाएगी। लेकिन यह भी कहा जा रहा है कि जाट, गुर्जर और मीणा भजनलाल कैबिनेट में मिले कम प्रतिनिधित्व से नाराज चल रहे हैं। ऐसे में भाजपा इन वर्गों को साधने के लिए इनका प्रतिनिधित्व बढ़ा सकती है। इसके साथ ही 2023 के विधानसभा चुनावों के नतीजों के बाद कुछ निर्दलीय और कांग्रेसी विधायक भाजपा में शामिल हो गए थे। ऐसे में माना जा रहा है कि इन्हें मौका दिया जा सकता है।

## यूपी में बीएसपी नेता आकाश आनंद की रैली स्थगित

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद की सभी रैलियां स्थगित कर दी गई हैं। इसके लिए कोई कारण नहीं बताया गया है। 29 अप्रैल को सीतापुर में अपमानजनक भाषा मामले में एफआईआर दर्ज होने के बाद ऐसा हुआ है। आकाश ने 6 अप्रैल को नगीना लोकसभा सीट से अपनी पार्टी का अभियान शुरू किया था। बाद में, उन्होंने आगरा, बुलंदशहर, मथुरा, वाराणसी, गोरखपुर, अंबेडकर नगर, आजमगढ़ और कौशांबी सहित पश्चिम और पूर्वी उत्तर प्रदेश में कई रैलियों को संबोधित किया। 29 अप्रैल को आकाश ने पार्टी प्रत्याशी महेंद्र यादव के लिए सीतापुर में एक जनसभा को संबोधित किया था। उसके बाद जिला पुलिस ने आईपीसी की धारा 502 (2) (नफरत को बढ़ावा देना), और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 125 के तहत आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर आकाश और पार्टी के 36 अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। बसपा नेता को एक मई को लखनऊ और कानपुर में सार्वजनिक सभा को संबोधित करना था, लेकिन दोनों को स्थगित कर दिया गया। बसपा ने रैलियों को अचानक स्थगित करने का कोई कारण नहीं बताया, लेकिन घटनाक्रम से परिचित एक बसपा नेता ने कहा कि एफआईआर दर्ज होने के बाद रैलियां स्थगित कर दी गई हैं।

# अलग-अलग लड़ रही सपा-बसपा, एनडीए का कुनबा भी बढ़ा; यूपी में फायदे में भाजपा

**लखनऊ, एजेंसी।** केंद्र में सरकार बनाने के लिए लिए हर दल के लिए सबसे अहम राज्य उत्तर प्रदेश ही है। यहां लोकसभा की कुल 80 सीटें हैं। इसलिए सभी दल यूपी के समीकरण को दुरुस्त करके ही मैदान में उतरना चाहती है। यही वजह है कि एक-दूसरे की अक्सर खिलाफत करने वाली कांग्रेस और सपा ने अंतिम मौके पर गठबंधन किया। बीजेपी की बात करें तो लोकसभा चुनावों में बड़ा लक्ष्य लेकर चल रही है। भगवा पार्टी ने देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में अभी तक की सबसे बड़ी जीत की तैयारी कर रखी है। पार्टी ने उम्मीदवार तय करने में सभी सामाजिक व राजनीतिक समीकरणों को साधा है और मजबूत गठबंधन भी तैयार किया है। राज्य की 80 सीटों में भाजपा खुद 75 सीटों पर पांच सीटों पर सहयोगी रालोद (तीन) व अपना दल (दो) सीटों पर चुनाव लड़ रहा है। जाति समीकरण साधने की कोशिश भाजपा ने उत्तर प्रदेश के




अपने सभी उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। भाजपा ने सामाजिक समीकरणों को ध्यान में रखते हुए 34 सीटों पर ही सामान्य वर्ग के उम्मीदवार उतारे हैं, जबकि ओबीसी समुदाय से 25 व अनुसूचित जाति से 16 उम्मीदवार है। इनमें भी जातीय समीकरणों को ध्यान में रखा गया है। पार्टी ने राजपूत व ब्राह्मण वर्ग से बराबर बराबर 13-13 उम्मीदवार उतारे हैं। ओबीसी में भी सबसे ज्यादा छह कुर्मी, चार लोध, तीन जाट व तीन निषाद व अन्य समुदाय शामिल किए गए हैं। दलित वर्ग में सबसे ज्यादा छह पासी, तीन खटीक वर्ग से उम्मीदवार उतारे गए हैं। रालोद के साथ आने से फायदा सूत्रों के अनुसार भाजपा की रणनीति राज्य के सभी प्रमुख समुदायों को साधने की है। इसके अलावा जो समुदाय पूरी तरह से उसके खिलाफ ही जाने हैं उनको पार्टी ने दूर रखा है। यहां से एक भी मुसलमान को टिकट नहीं दिया गया है। अल्पसंख्यकों में एक सिख व एक पारसी समुदाय से है। भाजपा ने राज्य में अपने गठबंधन को भी मजबूत किया है। उसके साथ रालोद, अपना दल, सुभासपा व निषाद पार्टी हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस व सपा का इंडिया गठबंधन है। बसपा अलग चुनाव लड़ रही है।

सूत्रों के अनुसार इस बार कई सीटों पर बसपा हार जीत में बड़ा फैक्टर हो सकती है। इससे किसे लाभ मिलेगा, साफ नहीं है, लेकिन भाजपा का मानना है कि वह ज्यादा लाभ में रहेगी। पिछले चुनाव में सपा व बसपा मिल कर लड़े थे। तब भाजपा 62 सीटें ही जीत पाई थी। भाजपा जानती है कि उत्तर प्रदेश की बड़ी लीड बहुमत के साथ उसके अपने लोकसभा के लक्ष्य 370 के पास उसे ले जाने के लिए बहुत जरूरी है।

## शराब घोटाला मामले में कांग्रेस महापौर के भाई अनवर को नहीं मिली जमानत, पूर्व आईएएस टुटेजा से जारी रहेगी पूछताछ

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में चर्चित शराब घोटाले मामले को लेकर आज आरोपी अनवर ढेबर की जमानत याचिका पर विशेष कोर्ट में सुनवाई हुई है। मामले में सुनवाई करते हुए ढेबर की जमानत याचिका को कोर्ट ने खारिज कर दिया है। वहीं दूसरी तरफ शराब घोटाले मामले में आरोपी ईडी की गिरफ्त में चल रहे पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा की रिमांड बढ़ा दी गई है। कोर्ट ने टुटेजा को 6 मई तक ईडी की रिमांड में भेज दिया है।

छत्तीसगढ़ में शनिवार को शराब घोटाले मामले को लेकर दो अलग-अलग सुनवाई हुई है। जिसमें जमानत के लिए अनवर ढेबर ने याचिका लगाई थी। इस याचिका की सुनवाई के लिए 4 मई का समय तय किया गया था। इस सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के वकील की दलील को अभियोजन पक्ष के द्वारा जमकर विरोध किया गया। जिसके बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए अभियोजन पक्ष की दलील को स्वीकार करने के बाद अनवर ढेबर की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है।

छत्तीसगढ़ में शराब मामले को लेकर ईडी ने शुक्रवार को कार्यवाही करते हुए





मामले में आरोपी अनवर ढेबर की संपत्ति को अटैच किया था। ईडी ने अनवर ढेबर की 116.16 करोड़ की 115 संपत्तियो को अटैक किया गया था। इसके साथ ही अन्य आरोपियों की भी संपत्ति पर ईडी ने ताला लगाना का काम किया है। बतादें कि पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने अनवर ढेबर, अरविंद सिंह और अरुण पति त्रिपाठी को 14 दिनों की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया था। इस बीच अनवर ढेबर की जमानत याचिका पर आज सुनवाई हुई, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया है। अब कोर्ट के अनुसार यह तीनों आरोपी 16 मई तक जेल में ही रहेंगे।

टूटेजा से चल रही पूछताछ इस पूरे मामले में लगातार एसीबी/ईओडब्ल्यू और ईडी इस पूरे मामले की जांच कर रही है। जिसके लिए पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा से लगातार पूछताछ की जा रही है। जिसे लेकर आज कोर्ट ने अनिल टुटेजा को एक बार फिर ईडी की रिमांड पर भेज दिया है। इसके साथ ही ईओडब्ल्यू पूछताछ के बाद मामले में जुड़े कई लोगों को लगातार समंस जारी कर दफ्तर तलब कर रही है।

## राजस्थान के 9 जिलों में जारी किया हीटवेव का अलर्ट

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में मौसम ने पलटी मारी है। प्रदेश में अब गर्मी सताएगी। राज्य के कई जिलों में दिन का पारा 45 डिग्री तक पहुंचेगा। मौसम विभाग ने इसका अलर्ट जारी कर दिया है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 2-3 दिनों में अधिकतम तापमान में और दो से तीन डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी होने की संभावना है। 7 मई को पश्चिमी राजस्थान में कहीं-कहीं अधिकतम तापमान 44- 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज होगा और जोधपुर, बीकानेर संभाग में कहीं कहीं हीटवेव की संभावना है।इसी प्रकार 8 मई को जैसलमेर, जोधपुर, बाड़मेर, नागौर, बीकानेर, चूरू, झुंझुनू, कोटा, बारां जिलों में कहीं-कहीं हीटवेव की संभावना है। इधर, शनिवार को प्रदेश में दिन का पारा 42 डिग्री तक पहुंच गया। नौ शहरों में दिन का तापमान 41 डिग्री से अधिक दर्ज किया गया। सर्वाधिक तापमान गंगानगर में 42.4 डिग्री दर्ज किया गया।दिन के साथ ही रात के पारे में भी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। राज्य में रात के पारे में 11 डिग्री तक बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। मौसम केन्द्र के अनुसार सबसे अधिक रात का पारा जालौर में 29 डिग्री तक पहुंच गया। यहां बीते 24 घंटे में 11 डिग्री तक बढ़ोतरी हुई।

इस बीच मौसम विभाग ने एक राहत भरा अलर्ट जारी किया है। दरअसल मौसम विभाग के अनुसार 5 मई को जोधपुर और बीकानेर संभाग में कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है। इसके बाद 9 मई को जयपुर, अजमेर और भरतपुर संभाग में बारिश हो सकती है। वहीं



राजस्थान के कुछ पश्चिमी हिस्सों में शुक्रवार से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इस दौरान पश्चिमी राजस्थान में मेघगर्जना के साथ हल्की बारिश और बूंदाबांदी होने की संभावना है। इसके अलावा पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में 7-8 मई को भी कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है।

मौसम विभाग के मुताबिक, कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के चलते जिन 5 जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। उनमें बीकानेर, हनुमानगढ, जैसलमेर, जोधपुर और गंगानगर शामिल है। इस कमजोर पश्चिमी विक्षोभ का असर रविवार तक रह सकता है। बाद में मौसम साफ हो जाएगा। जब मौसम साफ होगा तो गर्मी अपने तेवर दिखाएगी। ऐसे में तीन दिन बाद प्रदेश में लू चलने की संभावना है।

## वाईएस शर्मिला भाई जगन की मानसिक स्थिति से चिंतित

**कडप्पा, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश कांग्रेस प्रमुख वाई.एस. शर्मिला रेड्डी ने शनिवार को कहा कि वह अपने भाई और मुख्यमंत्री वाई.एस.जगन मोहन रेड्डी की मानसिक स्थिति को लेकर चिंतित हैं। तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) के एन. चंद्रबाबू नायडू के निर्देश पर कांग्रेस पार्टी में शामिल होने के आरोप के लिए जगन मोहन रेड्डी की आलोचना करते हुए उन्होंने जानना चाहा कि वह हर चीज में नायडू को क्यों देखते हैं?

शर्मिला ने मीडियाकर्मियों को बताया कि वह जगन मोहन रेड्डी को उपहार के रूप में एक दर्पण भेज रही हैं। उन्होंने दर्पण दिखाते हुए पूछा। आप दर्पण में किसे ढूंढते हैं? क्या आप स्वयं हैं या चंद्रबाबू नायडू? जगन रेड्डी के इस आरोप पर कि चंद्रबाबू नायडू उन्हें नियंत्रित कर रहे हैं, शर्मिला ने उन्हें इसका सबूत दिखाने की चुनौती दी।

शर्मिला ने जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली वाईएसआर कांग्रेस में रहते हुए अपने द्वारा किए गए अभियानों का जिक्र करते हुए पूछा कि क्या मैंने उनके निर्देश पर 3200 किमी की पदयात्रा की। क्या मैं उनके निर्देश पर समैक्यंध्र के लिए चला था? क्या मैंने उनके निर्देश पर तेलंगाना में ओडारपु यात्रा की? क्या मैंने उनके आदेश पर बाय-बाय बाबू अभियान चलाया था। उन्होंने पूछा कि वह सुनीता के खिलाफ आरोप कैसे लगा सकता है, जो अपने मारे गए पिता और उनके चाचा वाई.एस. विवेकानंद रेड्डी. के लिए न्याय



की लड़ाई लड़ रही है।

जब विवेकानंद रेड्डी की हत्या हुई थी, तब जगन ने तत्कालीन मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की संलिप्तता का आरोप लगाया था और सीबीआई जांच की मांग की थी, लेकिन मुख्यमंत्री बनने के बाद जगन ने कहा कि सीबीआई जांच की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने जगन से यह भी स्पष्ट करने को कहा कि उन्होंने वाई.एस. अविनाश रेड्डी को क्यों मैदान में उतारा। वह एक बार फिर कडप्पा लोकसभा क्षेत्र से वाईएसआर कांग्रेस के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि सीबीआई ने उन्हें हत्या के मामले में आरोपी के रूप में नामित किया था। कडप्पा से चुनाव लड़ रहीं शर्मिला ने अपना आरोप दोहराया कि अविनाश रेड्डी के नाम के साथ उनके पिता और दिवंगत मुख्यमंत्री वाई.एस. राजशेखर रेड्डी (वाईएसआर) का नाम जोड़ने के पीछे जगन थे, जबकि सीबीआई ने उनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया है।

शर्मिला ने दावा किया कि यह जगन ही थे, जिन्होंने वाईएसआर का नाम जोड़ने के लिए पोन्नवोलु सुधाकर रेड्डी द्वारा अदालत में याचिका दायर की और बाद में उन्हें अतिरिक्त महाधिवक्ता के पद से पुरस्कृत किया। उन्होंने जगन के इस आरोप से इनकार किया कि कांग्रेस ने मामले में वाईएसआर का नाम जोड़ा था और आरोप लगाया कि उन्होंने ही खुद को बचाने के लिए वाईएसआर का नाम जोड़ा था। शर्मिला ने यह भी दावा किया कि जगन के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के छह दिन बाद सुधाकर रेड्डी को इस पद पर नियुक्त किया गया था।

सात्विक प्रो0 प्रा0 लि0 कोलकता, पं0 बंगाल के लिए प्रकाशक और मुद्रक निभा रंजन सुमन द्वारा स्वप्नोनीर अपार्टमेंट, राजरहाट, कोलकता तथा दलादिली सिमलिया से मुद्रित। संपादक - निभा रंजन सुमन 7033777771 स्थानीय संपादक पवन कुमार सिन्हा 7091094434 सभी तरह के विवादों का निपटारा रांची व्यवहार न्यायालय में होगा।